राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 298
लखनऊ, शुक्रवार 20 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूनेस्को की विश्व प्राकृतिक धरोहर सूची में दर्ज होगा सलखन फॉसिल्स पार्क : जयवीर 03

धूमधाम से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन 12


# आतंकवाद के वित्त पोषण नेटवर्क को ध्वस्त करने का आह्वान

**एजेंसी, जागरेब।**



भारत और क्रोएशिया ने आतंकवाद वित्त पोषण नेटवर्क को बड़ा खतरा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से इस पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों तथा बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद के दोषियों को शीघ्र न्याय के कठघरे में खड़ा करने का आह्वान किया है।

तीन देशों साइप्रस, कनाड़ा और क्रोएशिया की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस वार्ता के बाद जारी वक्तव्य में दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए यह आह्वान किया।

### एकजुटता

**▸ भारत-क्रोएशिया ने समझौतों पर किये हस्ताक्षर**

दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर भी हस्ताक्षर किये। इनमें कृषि सहयोग पर समझौता ज्ञापन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम,सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और जागरेब विश्वविद्यालय में हिंदी चेयर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन शामिल है।

वक्तव्य में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की यात्रा ने द्विपक्षीय साझेदारी को नई गति दी है, जिससे पता चला है कि दोनों अर्थव्यवस्था विशेष रूप से पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में एक दूसरे की पूरक हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री प्लेनकोविच और क्रोएशिया को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की, जिसमें अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के दृष्टिकोण को दोहराया और इसके औचित्य को किसी भी परिस्थिति में सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराये जाने पर जोर देते हुए आतंकवादियों को 'प्रॉक्सी' के रूप में इस्तेमाल करने की निंदा की।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति, आतंकवाद से संबंधित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों ने संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने, आतंकवादी बुनियादी ढांचे को खत्म करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ द्वारा नामित सभी आतंकवादियों और आतंकवादी संस्थाओं, संबद्ध प्रॉक्सी समूहों, आतंकवादियों को सुविधा देने और प्रायोजकों, जिनमें 1267 यूएनएससी प्रतिबंध समिति के तहत आतंकवादी भी शामिल हैं, के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। दोनों नेताओं ने भारत-पश्चिम एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) पहल के माध्यम से कनेक्टिविटी में सुधार के महत्व पर ध्यान दिया। उन्होंने दोनों देशों की लंबी समुद्री परंपराओं को देखते हुए बंदरगाहों और जहाजरानी क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की।

### प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा पूरी करने के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई थी। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स से मुलाकात की। दोनों देशों ने ऊर्जा, आईटी और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और साइप्रस के बीच दोहरे कराधान से बचाव समेत तीन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। कनाडा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात की और आपसी व्यापार, शिक्षा एवं सुरक्षा के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने टोरंटो में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की प्रगति में प्रवासी भारतीयों की भूमिका अहम है। कनाडा के साथ अनुसंधान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े समझौतों को भी अंतिम रूप दिया गया। यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री क्रोएशिया पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच और प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेंकोविच से बातचीत की। इस दौरान योग, आयुर्वेद और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। जानकारों का मानना है कि यह यात्रा भारत की 'एक्ट ईस्ट' और 'लिंक वेस्ट' नीति को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना : डेटा रिकवरी के लिए अमेरिका भेजा जाएगा ब्लैक बॉक्स

**एजेंसी, अहमदाबाद।**




एयर इंडिया दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त ब्लैक बॉक्स के विस्तृत विश्लेषण के लिए उसे अमेरिका भेजे जाने की तैयारी है। हादसे में आग लगने से ब्लैक बॉक्स को व्यापक नुकसान पहुंचने के कारण भारत में डेटा हासिल करना संभव नहीं हो पाया है।

### तैयारी

**▸ हादसे में आग लगने से ब्लैक बॉक्स को व्यापक नुकसान पहुंचने के कारण भारत में डेटा हासिल करना संभव नहीं**

एयर इंडिया बोइंग 787 दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) की जांच वाशिंगटन स्थित नेशनल सेफ्टी ट्रांसपोर्ट बोर्ड (एनटीएसबी) की प्रयोगशाला में की जाएगी। एनटीएसबी की टीम भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा और निगरानी में उसे अपनी प्रयोगशाला में ले जाएगी। यूनाइटेड किंगडम की वायु दुर्घटना जांच शाखा के प्रतिनिधि विश्लेषण में भाग लेंगे, क्योंकि हताहतों में 53 ब्रिटिश नागरिक भी शामिल थे। इन रिकॉर्डिंग उपकरणों से डेटा प्राप्त करने में दो दिन से लेकर कई महीनों तक का समय लग सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उपकरण कितनी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। जांच के नतीजे भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के साथ साझा किया जाएगा।

### 211 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान,189 शव परिजनों को सौंपे

गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने गुरुवार को कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गये 211 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान हो गया है। अब तक कुल 189 शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं।

# उपचुनाव : चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



गुजरात, पंजाब, पश्चिम बंगाल और केरल की कुल पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए गुरुवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में हाल ही में लागू किए गए तकनीकी उपायों और मतदाता सुविधा प्रयासों की सफलता भी इस बार मतदान प्रक्रिया में साफ दिखाई दी। चुनाव आयोग ने कहा कि इन पहलों की सफलता आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में पूर्ण रूप से लागू करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

वोटर टर्नआउट ऐप पर जारी शाम 7 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, केरल के नीलांबुर और पश्चिम बंगाल के कालीगंज में अधिक मतदाता उत्साह देखने को मिला। यहां क्रमशः 70.76 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल के कालीगंज में 69.85 प्रतिशत मतदान हुआ। गुजरात के दो विधानसभा क्षेत्रों-विसावदर और कड़ी में क्रमशः 54.61 प्रतिशत और 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। पंजाब के लुधियाना वेस्ट में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि ये मतदान के अंतिम आंकड़े नहीं हैं। मतों की गणना 23 जून को होगी। चुनाव आयोग ने आज पांच विधानसभा क्षेत्रों में कराए गए उपचुनावों के दौरान हाल ही में शुरू की गई कई नई पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया। मतदान के लिए कुल 1354 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के जनवरी में निधन के बाद खाली हो गई। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद के फरवरी में निधन होने के कारण रिक्त हुई थी। उनकी बेटी अलीफा तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भाजपा ने आशीष घोष को उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख को माकपा का समर्थन प्राप्त है। वहीं, केरल की नीलांबुर सीट पीवी अनवर के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी।

### पहली बार दिखी मोबाइल जमा कराने की सुविधा

पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की व्यवस्था की गई, जिससे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधा मिली।

### स्टांप विभाग में 12वीं पास बाबू को बनाया रजिस्ट्रार

# सीएम योगी ने स्थानांतरण पर लगाई रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

स्टांप एवं पंजीयन विभाग में हुए स्थानांतरण पर चल रहे विवाद के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने स्टांप विभाग के सभी निबंधकों और उपनिबंधकों के स्थानांतरण पर रोक लगाते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

स्टांप एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री जीरो करप्शन, पारदर्शी नीति पर विश्वास करते हैं। मुख्यमंत्री का जोर रहता है कि स्थानांतरण पारदर्शी हो। किसी भी कीमत पर अपना पराया नहीं होना चाहिए। विभाग में नीचे के अधिकारियों ने बिना विश्वास में लिए ही तबादले कर दिए। जब सूची आई तो देखने के बाद पाया गया कि बहुत सी चीजें ठीक नहीं है। जिन लोगों के खिलाफ शिकायत थी, उन्हें भी बड़े जिले में स्थानांतरित कर दिया। साथ ही जो 12वीं पास बाबू है, उसे रजिस्ट्रार बना दिया गया। इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने सभी स्थानांतरण पर रोक लगाते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में जो भी अधिकारी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह कितना भी बड़ा अधिकारी होगा, वह बचेगा नहीं। राज्य मंत्री ने बताया कि आयुक्त के स्तर पर हुए तबादलों में गड़बड़ी देखी गयी है, उसे रोका गया है।

# ललितपुर व सोनभद्र के रास्ते मानसून ने यूपी में दी दस्तक

### रविवार तक 25 से 30 मिमी. बारिश की संभावना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अरब सागर से बंगाल की खाड़ी में आ रही नम हवाएं दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए अनुकूल साबित हो रही हैं और मानसून बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में भी मानसून ने बुन्देलखण्ड के ललितपुर जिले और सोनभद्र से दस्तक दे दी है। आगामी तीन दिनों यानी रविवार तक करीब 25 से 30 मिमी. बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि इन तीन दिनों में पूरे उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरु हो जाएगा और तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि देश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

# ईरान से 110 भारतीय लाये गये दिल्ली

## भारतीय नागरिकों को इजराइल से निकलने में मदद करेगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत ने ईरान-इजराइल युद्ध को देखते हुए इजराइल से लौटने के इच्छुक भारतीयों नागरिकों की मदद करने का फैसला किया है और उनके लिए तेलअवीव में भारतीय दूतावास में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इजराइल से निकलने के इच्छुक भारतीयों को थल-मार्ग से इजरायली सीमा से बाहर निकाला जाएगा और वहां से उन्हें आगे हवाई मार्ग से भारत पहुंचने की सुविधा प्रदान की जाएगी। बयान में कहा गया है कि तेलअवीव में भारतीय दूतावास भारतीयों को इजरायलसे बाहर निकालने की व्यवस्था करेगा। इसके लिए उन्हें तेलअवीव में दूतावास की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराने की सलाह दी जा रही है। दूतावास ने ऐसे लोगों के लिए वहां नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है जो दिन रात खुला रहेगा। नियंत्रण कक्ष से टेलीफोन नंबर : +972 54-7520711; +972 54-3278392 और ईमेल : consv. telaviv @mea.gov.in के जरिए सम्पर्क किया जा सकता है। दूतावास ने इजरायल-ईरान के बीच भारी बमबारी को देखते हुए इजरायल में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने और इजरायली अधिकारियों और वहां के होम फ्रंट कमांड द्वारा जारी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का पुनः आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने ईरान में फंसे भारतीय छात्र-छात्राओं को सुरक्षित वापस लाने के लिए आपरेशन सिन्धु शुरू किया है। इसके तहत 110 छात्र-छात्राओं का पहला समूह अर्मेनिया के रास्ते आज सुबह विमान से नयी दिल्ली पहुंचा। इन्हें लोग एक विशेष उड़ान से लाया गया। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।




## खबरें एक नजर में

### मार्निंग वॉक पर निकले व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में शहर के प्रतिष्ठित टायर व्यापारी की जान चली गई। 63 वर्षीय शंकरदयाल वर्मा निवासी नंगापुर, सुबह मोहम्मदी रोड पर मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। सराय नदी के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहन की तलाश में जुट गई है।

### मारपीट में दर्ज हुआ दलित उत्पीड़न का मुकदमा, लोहे की रॉड से हमला

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निपनिया में मंगलवार रात एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ। पीड़ित राहुल पुत्र कैलाश चंद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ट्रैवलर गाड़ी लेकर विकास चौराहा गया था। इसी दौरान ग्राम कुकरा निवासी कामिल अपने दो-तीन साथियों के साथ आया और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने राहुल की तहरीर पर एक नामजद और दो अज्ञात समेत कुल चार लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**मैगलगंज, खीरी।** मितौली तहसीलदार भीम चंद्र व थाना मैगलगंज के नवागत प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना परिसर एवं फत्तेपुर चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरुदेव खेड़ा, ककरहा तथा कैमहरा गांवों के ताजियादारों से संवाद कर आगामी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए प्रभारी निरीक्षक ने सभी से कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने एवं पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द हमारे क्षेत्र की पहचान है। सभी धर्मों एवं समुदायों की सहभागिता से ही शांति कायम रह सकती है। तहसीलदार भीम चंद्र ने भी लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए सभी कार्यक्रमों को शांति और संयम के साथ संपन्न कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

### हरिद्वार रवाना हुए किसान, भाकियू के राष्ट्रीय शिविर में लेंगे हिस्सा



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) के किसान तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने के लिए हरिद्वार रवाना हो गए। जिला अध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में यह दल शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। टीम में बलकार सिंह, उत्तम यादव, सुधीर यादव, अनुराग, दुर्गा देवी, शांति देवी, आशुतोष यादव, शिवम यादव सहित कई किसान शामिल रहे।

### पालिकाध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के साथ मां मंगला देवी मंदिर, मुक्तिधाम और छोटी काशी कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया। 153.40 लाख से मंगला देवी मंदिर, 33.40 लाख से मुक्तिधाम और 97 लाख की लागत से भद्रकुंड के सौंदर्यीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सावन में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान ईओ सुरेन्द्र कुमार, जेई आदर्श मिश्रा, विवेक बाजपेई, खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने किया जानलेवा हमला, तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया कला में दबंगों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नफील खान पुत्र कडीले खान ने थाना फरधान में दी गई तहरीर में बताया कि उसका साला रफीक खान अपनी बेटी बीनम की शादी फुरकान नामक युवक से कर चुका है। शादी के बाद से ही फुरकान और उसके परिवार द्वारा लगातार बीनम से विवाद किया जा रहा था। इसी बात को लेकर दिनांक 17 जून 2025 की रात करीब 9:30 बजे नफील खान समझाने के लिए फुरकान के घर गया था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के दबंग कौसर खान पुत्र नन्हे खान, नौशाद खान पुत्र कौसर खान, रुकसार खान पुत्र नसीर खान और महताब खान पुत्र अशरफ खान अपने-अपने हाथों में लाठी, डंडा, बांका व लोहे की रॉड लेकर पीड़ित के दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नफील खान के सिर में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर बचाने आए रफीक खान और फिरोज खान पर भी जान से मारने की नीयत से वार किए गए, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उक्त आरोपी पहले भी कई बार जान से मारने की धमकियां दे चुके हैं, जिसकी शिकायत पूर्व में थाने में की गई थी, लेकिन उचित कार्रवाई न होने के चलते यह बड़ी वारदात हो गई। थाना फरधान पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी कौसर खान, नौशाद खान, रुकसार खान और महताब खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कान्हा गौशाला में हादसा, चारा काटते समय युवक का हाथ मशीन में फंसा, हालत गंभीर



**निघासन खीरी।** नगर पंचायत क्षेत्र के पटेल नगर वार्ड-11 स्थित रकेहटी गांव की कान्हा गौशाला में बृहस्पतिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। गौशाला में कार्यरत युवक का चारा काटते समय हाथ मशीन में फंस गया, जिससे उसका बाया हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी निघासन लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक गौवंश के लिए चारा काट रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से उसका बाया हाथ चारा काटने वाली मशीन में फास कर काट गया। मशीन की चपेट में आते ही युवक दर्द से चीख पड़ा। शोर सुनते ही मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने तत्काल मशीन बंद कर किसी तरह उसे बाहर निकाला। घायल युवक की पहचान श्रीराम (32) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 11, पटेल नगर, निघासन के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गौशाला में मशीनों के संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। हादसे के वक्त न तो कोई प्रशिक्षित ऑपरेटर था और न ही कोई सुरक्षा उपकरण। हादसे की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य और वरिष्ठ लिपिक महेंद्र तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल युवक का हालचाल जाना। फिलहाल, प्रशासन की ओर से इस गंभीर हादसे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### कोटेदारों ने समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा



**उतरौला( बलरामपुर)।** कोटेदारों ने चार माह से बकाया कमीशन दिलाने समेत छह सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाध्यक्ष जीवन लाल यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर को सौंपा। कोटेदारों ने चेतावनी दी कि अगर समय से उनकी समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो आगामी पांच जुलाई को लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना काल में कोटेदारों से वितरित होने वाले खाद्यान्न का पैसा जमा कराया गया था। तब से आज तक निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया जा रहा है लेकिन उस रकम का समायोजन नहीं कराया गया। धनराशि वापस कराई जाए। इसी तरह वर्ष 1995 से सभी कोटेदार एमडीएम और आंगनबाड़ी के पोषाहार का उठान करते आ रहे हैं लेकिन आज तक उसका भी ढुलाई का भाड़ा नही दिया गया है। दस वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश खाद्यान्न निगम के खाते में कोटेदारों से खाद्यान्न का पैसा जमा कराया गया जिसके बदले में न तो खाद्यान्न का आबंटन हुआ न ही पैसा वापस दिलाया गया। उस रकम को भी वापस दिलाया जाए। डोर स्टेप डिलीवरी के नाम पर केवल सड़क के दुकानदारों को ही खाद्यान्न की सप्लाई की जाती है। गांवों और गलियों के कोटेदार अपने साधन से खाद्यान्न धर्मकांटे से ले जाते हैं जिससे कोटेदारों को अतिरिक्त रकम खर्च करनी पड़ती है। आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को छोटी गाड़ियों से कोटेदारों के गोदाम तक खाद्यान्न पहुंचाने का आदेश दिया जाए। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जिन मामलों का स्थानीय स्तर पर निराकरण हो सकता है उनका निराकरण कराया जाएगा। बाकी मांगों को निस्तारण के लिए शासन को भेज दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में आफाक रजा, राम जस, राम निवास, विजय कुमार, सोनू, प्रमोद कुमार, भोले प्रसाद, अनिल कुमार, गुलफाम अहमद, नियाज अहमद समेत अनेक लोग शामिल रहे।

# अवैध पैथोलॉजी और क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई, एक सील, दो को नोटिस

**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में अवैध रूप से संचालित हो रहे पैथोलॉजी और क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। गुरुवार को नोडल अधिकारी डॉ. निशांत गुप्ता के नेतृत्व में हुई छापेमारी में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। कार्रवाई के दौरान एक पैथोलॉजी को सील कर दिया गया, जबकि दो अन्य क्लीनिकों को नोटिस जारी कर जवाब माँगा गया है। छापेमारी के दौरान सबसे पहले कार्रवाई कस्बे के मुख्य बाजार स्थित सन पैथोलॉजी पर हुई। स्वास्थ्य टीम ने यहाँ पैथोलॉजी जांच से जुड़े जरूरी दस्तावेजों और लाइसेंस की मांग की, लेकिन संचालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। मौके पर अव्यवस्था और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए टीम ने पैथोलॉजी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। मुख्य चौराहे पर स्थित स्मृति डॉक्टर सियाराम विश्कर्मा क्लीनिक पर छापे के दौरान डॉक्टर विश्कर्मा एलोपैथिक दवाओं का इलाज करते मिले। जब उनसे एलोपैथिक प्रैक्टिस के लिए आवश्यक रजिस्ट्रेशन और अनुमति के बारे में पूछा गया तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। क्लीनिक में साफ-सफाई का भी अभाव था। विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। बरगाँवा रोड पर स्थित पारस क्लीनिक पर टीम ने जब दबिश दी तो हैरानी हुई। कुछ महीने पहले ही इस क्लीनिक को अनियमितताओं के चलते सील किया गया था। बावजूद इसके, इसे फिर से अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुनः नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

> छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे डॉ. निशांत गुप्ता ने कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे पैथोलॉजी और क्लीनिकों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। मरीजों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन क्लीनिकों को नोटिस जारी किए गए हैं, यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पारिवारिक विवाद में घायल महिला की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कोतवाली में नवागत इंस्पेक्टर अंबर सिंह के कार्यभार ग्रहण करने की पहली ही रात एक पारिवारिक विवाद ने तूल पकड़ लिया। घायल महिला सरोजनी देवी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना में हमलावर देवर की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जिसके बाद मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है। घटना थाना क्षेत्र के जमुनाबाद फॉर्म की है, जहां 18 जून की रात पारिवारिक विवाद के चलते सरोजनी देवी पर उनके देवर ने हमला कर दिया। बच्चों के जन्मदिन के मौके पर हुई इस झड़प में सरोजनी के अलावा उनके पति और देवरानी भी घायल हुए। दोनों पक्षों में कहासुनी और हाथापाई हुई, जिसमें देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।घटना के बाद घायल महिला रात में ही गोला कोतवाली पहुंचीं। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने तहरीर देने की कोशिश की, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं हुई और उन्हें सुबह आने की सलाह दी गई। प्राथमिक उपचार के बाद महिला ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। देवर की मौत के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सरोजनी देवी की तहरीर पर अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों की भूमिका की गहराई से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

> गोला इंस्पेक्टर अंबर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## इंडो-नेपाल बॉर्डर गौरीफंटा पर एसएसबी ने निकाली नशा मुक्ति रैली, लोगों को किया जागरूक



**गौरीफंटा/लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित गौरीफंटा बॉर्डर पर 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा गुरुवार 19 जून को नशा मुक्ति अभियान रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। एसएसबी के जवानों ने हाथों में नशा विरोधी स्लोगन वाली तख्तियां लेकर मार्च किया और राहगीरों को जागरूकता संबंधी पर्चे वितरित किए। रैली का नेतृत्व इंस्पेक्टर विनोद खोजा ने किया। उनके साथ अभियान में एएसआई चंदन राम, हवलदार दांगी सुरेश, सिपाही कलम कुमारी और सिपाही हरप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने बताया कि एसएसबी न केवल सीमाओं की सुरक्षा कर रही है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक चेतना फैलाने के लिए समय-समय पर जनहित अभियानों का संचालन भी करती है। रैली के अंत में एसएसबी अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। गौरतलब है कि गौरीफंटा बार्डर क्षेत्र में एसएसबी की इस तरह की पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा जा रहा है।

## बांसगांव में विष्णु महायज्ञ, झांकियों व कथाओं से भक्त भावविभोर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** क्षेत्र के ग्राम बांसगांव में दुर्गा माता मंदिर पर सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ और संत सम्मेलन चल रहा है। फलाहारी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे इस अनुष्ठान में यज्ञाचार्य विवेक शास्त्री और उनकी टीम द्वारा आहुतियां दिलाई जा रही हैं। पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया। श्रीधाम वृंदावन से आए कलाकारों ने सुंदर झांकियों से समा बांधा, वहीं नैमिष धाम से आए कथा वाचकों पंडित शुभम तिवारी, सुदीप शुक्ला जी महाराज और साध्वी दुर्गा रमा किशोरी ने भगवान राम और उनके भाइयों के चूड़ाकरण, नामकरण और गुरुकुल शिक्षा की कथा सुनाई। सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ-साथ आयोजन में संजीव मिश्रा, सुरेन्द्र शुक्ला, परुल मिश्रा, जेपी यादव, विपिन गौतम, प्रमोद बंसल, संतोष शुक्ला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, सदर चौराहे पर बांटें फल




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन जोरशोर से मनाया। बुधवार को सदर चौराहे पर पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल अहमद खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहगीरों और मजदूरों को फल वितरित किए। इस दौरान राहुल गांधी की लंबी उम्र की कामना भी की गई। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, प्रेम वर्मा, विपुल गुप्ता, अजीज खान सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेपाल की गोदावरी नदी में फंसे लखीमपुर के आठ भारतीय नागरिक

**पलिया कलां/लखीमपुर खीरी।** नेपाल की गोदावरी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे लखीमपुर खीरी के आठ भारतीय पर्यटकों को स्थानीय पुलिस ने समय रहते रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। बुधवार की शाम यह घटना उस वक्त हुई जब पर्यटक नदी के किनारे पिकनिक मना रहे थे और अचानक पानी का स्तर बढ़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से आए ये सभी पर्यटक नेपाल के कैलाली जिले स्थित गोदावरी नदी के किनारे घूमने पहुंचे थे। बुधवार शाम करीब 4 बजे अचानक नदी में तेज़ बहाव और बाढ़ के चलते इनमें से छह लोग एक टापू पर फंस गए। सूचना मिलते ही अस्थायी नेपाल पुलिस पोस्ट गोदावरी की टीम मौके पर पहुंची और रस्सियों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में नेपाल पुलिस की तत्परता और सूझबूझ की प्रशंसा हो रही है। सुरक्षित निकाले गए भारतीय नागरिक संदीप वर्मा, साहेबाग अली, निधि सिंह, स्नेहा सिंह, अभिषेक देवाकांत, हरिसित वर्मा, सकेत गुप्ता, अंकित वर्मा बताए गए। ये सभी पर्यटक गोदावरी नदी के शांत और सुंदर परिवेश का आनंद लेने आए थे। यह क्षेत्र नेपाल के धनगढ़ी से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहीं से पहाड़ी नेपाल की शुरुआत होती है। पुलिस निरीक्षक इन्द्रराज भट्ट ने जानकारी दी कि पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते तराई की नदियों में जलस्तर बढ़ने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नदी किनारे जाने से बचें और सतर्कता बरतें। घटना के बाद सभी पर्यटक सकुशल हैं और सुरक्षित अपने स्थानों पर लौट गए हैं।



> पुलिस ने चलाया रेस्क्यू, सभी सुरक्षित

## 48 घंटे से बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

> एक्सईएन के खिलाफ हाइडिल पर धरना-प्रदर्शन

**पलिया कलां (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



त्रिकोलिया फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की परेशानी गुरुवार को उस समय सड़क पर आ गई जब 48 घंटे से जारी बिजली कटौती से त्रस्त लोगों का सब्र टूट गया। बड़ी संख्या में उपभोक्ता हाइडिल कार्यालय पहुंचकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एक्सईएन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते और सही तरीके से संवाद भी नहीं करते। गुस्साए उपभोक्ताओं ने दरा बिछाकर हाइडिल कार्यालय परिसर में ही धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी उपभोक्ताओं ने साफ कहा कि जब तक एक्सईएन स्वयं मौके पर आकर बिजली संकट की वजह नहीं बताते और समस्याओं का समाधान नहीं करते तब तक धरना जारी रहेगा। उपभोक्ता ने कहा, ÷हम 48 घंटे से गर्मी और अंधेरे में जी रहे हैं, एक्सईएन साहब फोन तक नहीं उठाते। जब तक वह खुद सामने आकर हमारी बात नहीं सुनते, हम यहां से नहीं हटेंगे। प्रदर्शन से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को शांत करने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। फिलहाल खबर लिखे जाने तक धरना जारी रहा।

## निघासन के ईओ पर निजी वाहन में हूटर लगाने का आरोप




**निघासन खीरी।** निघासन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) दिनेश शुक्ला एक बार फिर चर्चा में हैं। क्षेत्र के कुछ नागरिकों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर उनके कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि ईओ अपने निजी वाहन पर हूटर लगाकर क्षेत्र में भ्रमण करते हैं, जिससे आम लोगों में असहजता महसूस होती है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह वाहन (यूपी81 सीवाई 1305), जिस पर EO लिखा हुआ है, नगर पंचायत के खर्चे पर चलता है। वहीं, वाहन से संबंधित बीमा और फिटनेस प्रमाणपत्र न होने की बात भी कही गई है। इस वजह से वाहन के इस्तेमाल पर सवाल उठाए गए हैं। शिकायत में कुछ लोगों ने आवास सर्वे जैसे कार्यों में पारदर्शिता लाने की भी अपील की है। उनका कहना है कि ईओ शुक्ला क्षेत्र के कुछ स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करते हैं, जिससे आम जनता को जानकारी मिलने में कठिनाई होती है। इसके अलावा, शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी जाती है। मामले से संबंधित प्रवर्तन अधिकारी डॉक्टर कशलेंद्र ने बताया कि इस प्रकार गाड़ी में हूटर लगाने की अनुमति नहीं होती है।

## प्रतिचयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



**बेलरायां, खीरी।** प्रतिचयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला ग्राम्य विकास संस्थान, खीरी में 16 जून से 22 जून तक किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायिका से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर पदोन्नत कुल 31 प्रशिक्षु कार्यकर्ता भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीष एवं मुख्य प्रशिक्षक श्याम किशोर के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बचपन देखभाल एवं शिक्षा, पोषण, बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षण कौशल से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक मंडली में सीडीपीओ सुभाष सिंह, प्रमोद रस्तोगी, जनार्दन मिश्रा एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर बृजेन्द्र अग्निहोत्री शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान बृजेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को के तहत बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शारीरिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं, ताकि वे अपने केंद्रों पर बच्चों के कल्याण में प्रभावी भूमिका निभा सकें। आगामी प्रशिक्षण सत्रों में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों जैसे पोषण ट्रैकर, ई-केवाईसी आदि बिंदुओं पर भी विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डिजिटल माध्यम से अपनी सेवाओं को और अधिक सशक्त बना सकें।

## ग्राम प्रधान आरज़ू काज़मी को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** भवन बलरामपुर में टाटा ट्रस्ट एवं पानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बुनियाद जिला स्तरीय परियोजना अद्यतन कार्यशाला के अवसर पर जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को आंगनवाड़ी केंद्रों में बेहतर कार्य एवं सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मीरपुर, विकासखंड रेहरा बाजार की ग्राम प्रधान आरज़ू काज़मी को क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं समग्र विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों हेतु प्रशस्ति पत्र और सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद ग्राम प्रधान आरज़ू काज़मी ने कहा, यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे मीरपुर ग्रामवासियों का है। उनकी सहभागिता और निरंतर सहयोग से ही हम यह कार्य कर पाए हैं। यह हम सबकी साझा उपलब्धि है, और हम आगे भी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहेंगे। इस कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभिन्न ग्राम पंचायतों के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और जन-सहभागिता को प्रोत्साहित करना था, जो जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल,टाटा ट्रस्ट के विशंभर, परियोजना निदेशक शिवानंद शुक्ल, कार्यक्रम प्रबंधक शिवकुमार मौजूद रहे।

## बालिका से हैवानियत करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



दिनांक 18.06.25 को वादिनी द्वारा सूचना दिया गया कि उसकी पुत्री उम्र लगभग 15 वर्ष जो दिनांक 12.06.25 को मेला देखने गयी थी वहां से अपने चचेरे भाई के साथ लौटते समय बाथरुम करने गयी तो अख्तर रजा पुत्र कमाल, राज कुरैसी पुत्र नईमुल्ला, शिवा यादव पुत्र बलराम यादव निवासीगण लालगंज हरनीडीह थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर व फिरोज कुरैसी पुत्र जुमाई निवासी वार्ड नं 8 मोहल्ला रफीनगर उतरौला बलरामपुर ने मेरी लड़की के साथ गलत काम किया है लोक लाज के कारण मैं घटना की सूचना आज दे रही हूं। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत तत्काल थाना कोतवाली उतरौला पर मुअसं 84/25 धारा 127(2)/70(2)/351(3) बीएनएस व 5G/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई ।

एसपी बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्रांतर्गत हुई। उक्त दुष्कर्म की घटना में टीमें गठित कर शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में गुरुवार दिनांक 19.06.2025 को थाना कोतवाली उतरौला पुलिस अन्य पुलिस टीम अतरिक्त निरीक्षक मृत्युंजय सिंह, उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक अजीत त्रिपाठी व अन्य द्वारा थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मुअसं 84/2025 धारा 127(2)/70(2)/351(3) बीएनएस व 5G/6 पॉक्सो एक्ट की घटना की त्वरित विवेचना करते हुए 12 घण्टे के अन्दर घटना में संलिप्त अभियुक्त शिवा यादव पुत्र बलराम यादव, अख्तर रजा पुत्र मोहम्मद कमाल, राज कुरैशी पुत्र नईमउल्ला निवासीगण लालगंज हरनीडीह कोतवाली उतरौला बलरामपुर तथा फिरोज कुरैशी पुत्र जुमाइल निवासी वार्ड नंबर 8 मोहल्ला रफीनगर कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर को बढ़या पकड़ी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तारी से बचने के लिए अभियुक्त कूदकर भागे जिससे सभी अभियुक्तो को चोटें आई जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि शिवा यादव व अख्तर रजा बाइक से जा रहे थे हम लोगो ने लड़की को रात्रि 11.00 बजे सूनसान स्थान पर देखा तो हम लोगो ने अपने दोस्त राज कुरैशी को भी फोन करके बुला लिया और हम लोगो ने लड़की के साथ बारी-बारी गलत काम किया।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सुदामा चरित्र का वर्णन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवे दिन कथा व्यास आचार्य पंडित ओम नारायण मिश्रा (दद्दन मिश्रा) ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी की मित्रता का मार्मिक और भावविभोर कर देने वाला प्रसंग प्रस्तुत किया। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा। आचार्य ने बताया कि सुदामा चरित्र केवल एक मित्रता की कथा नहीं, बल्कि वह उदाहरण है जिसमें त्याग, प्रेम, श्रद्धा और सेवा की पराकाष्ठा देखने को मिलती है। गरीबी में भी संतोष का भाव और भगवान पर अटूट विश्वास सुदामा जी के चरित्र की विशेषता है। उन्होंने कहा कि सुदामा जी जब अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो भगवान ने अपने मित्र का ऐसा सम्मान किया कि स्वयं प्रभु ने उनके चरण धोए और अपने महल के फर्श पर उन्हें बिठाया। यह प्रसंग दर्शाता है कि सच्चा भक्त या सच्चा मित्र पद, प्रतिष्ठा या वैभव से नहीं, बल्कि भावना और निष्ठा से मूल्यवान होता है। कथा के दौरान भजन गायन और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सुदामा गए द्वारिका नगरी- जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम संयोजक आकाश शर्मा ने बताया कि यह कथा यज्ञ पूज्य पिता जी रामचन्द्र शर्मा के स्मृति को समर्पित किया गया है। कथा में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर राजकिशोर शर्मा,राम अभिलाष शर्मा, संजीव, अश्वनी कुमार (दरोगा), अवधेश कुमार, शशिधर शर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# यूपी के 75 जनपदों में योग दिवस के लिए नोडल अधिकारी तैनात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वृहद रूप में कराने की मंशा के अनुसार 75 जनपदों में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए है। प्रदेश के समस्त जनपदों के सरकारी कर्मचारियों, शिक्षा क्षेत्र के स्कूलों कालेजों सहित तमाम स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को धूमधाम से मनाया जायेगा।

उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैनात हुए नोडल अधिकारियों में गोरखपुर मंडल में गोरखपुर जनपद के लिए खेल सचिव सुहास एल वाई, देवरिया के लिए नगर विकास सचिव अजय कुमार शुक्ल, कुशीनगर के लिए मण्डलायुक्त अनिल कुमार ढ़ीगरा और महाराजगंज में निदेशक स्थानीय निकाय अनुज कुमार झा को तैनाती मिली है। गोरखपुर मंडल की तरह ही शेष मंडलों में भी बड़े अधिकारियों की तैनाती हुई है। वाराणसी मंडल में वाराणसी में पेयजल मिशन ग्रामीण निदेशक डा.राजशेखर, जौनपुर में गन्ना आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्यक्ष, चंदौली में राजस्व परिषद सदस्य सचिव अभय, गाजीपुर में मण्डलायुक्त एस.राजलिंगम को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी तरह आगरा मंडल में आगरा में व्यवसायिक शिक्षा व कौशल विकास प्रमुख सचिव डा. हरिओम, मथुरा में मण्लायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, फिरोजाबाद में राजनीतिक पेंशन व नागरिक सुरक्षा के प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार, मैनपुरी में बेसिक शिक्षा सचिव डा.सारिका मोहन को तैनाती मिली है। मेरठ मंडल के तहत जनपदों मेरठ में सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोस, गाजियाबाद में नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, हापुड़ में लोक निर्माण विभाग प्रमुख सचिव अजय चौहान, गौतमबुद्धनगर में पर्यटन, संस्कृति व धर्मार्थ कार्य प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, बागपत में खाद्य रसद आयुक्त भूपेन्द्र चौधरी और बुलंदशहर में मेरठ मण्डलायुक्त डा. ह्रिकेश भास्कर को तैनाती मिली है।

## 21 जून को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी राजभवन में करेंगे योगाभ्यास



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन के लिए प्रदेश सरकार बड़ेस्तर पर तैयारी कर रही है। राजभवन में मुख्य कार्यक्रम होगा। राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक योगाभ्यास करेंगे। सरकार के मंत्रियों को अलग–अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गयी है। कई जिलों में नोडल अफसर भी भेजे जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक भी लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसी प्रकार केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज, मंत्री सुरेश खन्ना वाराणसी, स्वतंत्रदेव सिंह गोरखपुर, जयवीर सिंह आगरा, योगेंद्र उपाध्याय कानपुर, असीम अरुण गाजियाबाद, दिनेश प्रताप सिंह कौशांबी, सूर्य प्रताप शाही अयोध्या में योगाभ्यास करेंगे। इसी प्रकार बेबीरानी मौर्य हाथरस,लक्ष्मीनारायण चौधरी अलीगढ़,धर्मपाल सिंह मेरठ,अनिल राजभर आजमगढ़,ए.के.शर्मा जौनपुर,ओम प्रकाश राजभर सुलतानपुर और डा. संजय निषाद कानपुर देहात में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 31 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को नोडल अफसर बनाकर जिलों में भेजा जा रहा है। इस क्रम में एम देवराज प्रयागराज,मनीष चौहान प्रतापगढ़,विजय विश्वास पंत कौशाम्बी,डा. राज शेखर वाराणसी,पिंकी जोवल मिर्जापुर,कंचन वर्मा गोण्डा, अनिल सागर बलरामपुर,प्रांजल यादव अम्बेडकरनगर ओर गौरव दयाल सुलतानपुर में योगाभ्यास करेंगे।

# ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदनों के निस्तारण में आई तेजी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी परिवहन विभाग ने एक जनवरी से 10 जून के बीच नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों की पेंडेंसी का गहन विश्लेषण किया। इस अवधि में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या एवं उनके निस्तारण की दर से स्पष्ट हुआ कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे पेपरलेस, फेसलेस और कैशलेस अभियान के सकारात्मक नतीजे दिखाई पड़ रहे हैं।

समीक्षा में पता चला कि राज्य के कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें गाजियाबाद में कुल 24,115 आवेदनों में केवल 15 आवेदन ही लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.06 प्रतिशत है। प्रयागराज (आरटीओ प्रयागराज) में कुल 23,914 में से केवल 33 आवेदन लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.13 प्रतिशत है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में 13,523 आवेदनों में से केवल 20 आवेदन (0.15 प्रतिशत) ही लंबित हैं। शाहजहांपुर और अमेठी जैसे जिलों में आवेदनों की कुल संख्या कम होने के बावजूद लंबित आवेदनों का प्रतिशत तुलनात्मक रूप से थोड़ा अधिक (0.46 फीसदी एवं 0.63 फीसदी) पाया गया है। 90 प्रतिशत से अधिक जिलों में पेंडेंसी की दर 0.5 फीसदी से भी कम परिवहन विभाग की बेहतर निगरानी, प्रशासनिक दक्षता और सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता अभियानों का परिणाम है कि लगभग 90 प्रतिशत से अधिक जिलों में पेंडेंसी की दर 0.5 प्रतिशत से भी कम रही है। परिवहन विभाग के मुताबिक जनसेवा केंद्रों और सारथी पोर्टल की मदद से आने वाले समय में प्रदेश के हर जिले में ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया में और भी अधिक सुधार होगा। विभाग द्वारा नियमित रूप से जिलों की प्रदर्शन समीक्षा जारी रहेगी, जिससे बेहतर परिणाम निरंतर सुनिश्चित हो सकें। परिवहन आयुक्त बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि विभाग के निरंतर प्रयासों से लाइसेंस प्रक्रिया अधिक सरल, त्वरित और पारदर्शी हुई है। सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लंबित मामलों का अनुमोदन 7 दिन के भीतर आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाए। अपेक्षाकृत पीछे चल रहे जिलों के अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने कार्यों की समीक्षा करें और विभाग द्वारा जारी किए गए विस्तृत विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर त्वरित सुधार करें।

## खबरें एक नजर में

### डीजीपी ने साउथ जोन का किया दौरा, न्यू पुलिस लाइन में नवनियुक्त सिपाहियों से मिले



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। डीजीपी राजीव कृष्णा ने गुरुवार को लखनऊ के पीजीआई इलाके में स्थित न्यू पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल, एडीसीपी अमित कुमावत और साउथ जोन के अन्य अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। डीजीपी ने कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीजीपी ने पुलिस लाइन में नवनियुक्त आरक्षियों से बात की। ये आरक्षी ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स (जेटीसी) के लिए पुलिस लाइन में हैं। हाल ही में यूपी पुलिस में 60,244 आरक्षियों की भर्ती की गई है, जिनकी जेटीसी 15 जून से शुरू हुई है।डीजीपी राजीव कृष्णा ने मौके पर मौजूद नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों से बातचीत की। कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों से यूपी पुलिस में आने का उद्देश्य पूछा। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### ज्ञानदान युगधर्म है : उमानन्द शर्मा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 440वाँ ऋषि वाड्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्ता अखिल श्रीवास्तव (पुत्र) और डॉ. श्रुति श्रीवास्तव (पुत्रवधू) अपने दिवंगत माता–पिता स्व. कुसुम लता एवं स्व. नारायन प्रसाद की स्मृति में भेंट किया तथा उपस्थित गणमान्य एवं अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान युगधर्म है। पी.डी. सारस्वत ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्राचार्य प्रो. व्यंकट लक्ष्मी नारायण के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, डॉ. श्रुति श्रीवास्तव, अखिल श्रीवास्तव, पी.डी. सारस्वत, रीता सारस्वत, लक्ष्मी जोशी, डी.पी. शर्मा सहित संस्थान की ओर से राम कृष्ण सेवा आश्रम मिशन के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्द, संस्थान के प्राचार्य प्रो. व्यंकट लक्ष्मी नारायण तथा प्रो. गंगा पोताई के साथ–साथ संस्थान के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्रायें मौजूद रहे।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म, परिचित ने धोखे से घर ले जाकर की गंदी हरकत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में 13 साल की किशोरी से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी घर से भागने के दौरान दीवार से गिर गया। जिससे उसके पैर में चोट आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ए–ब्लॉक इंदिरा नगर निवासी पीड़िता के पिता ने बताया बुधवार को परिवार खाना खाने के बाद सो गया। अगले दिन सुबह करीब 4.30 बजे आंख खुली तो 13 साल की बेटी घर में नहीं मिली। आसपास खोजने के बाद जानकारी नहीं मिली तो उसके दोस्त देव करन सिंह के घर पहुंचे। जो सर्वोदय नगर पोस्ट ऑफिस के पास किराए पर रहता है। काफी देर बुलाने के बाद अंदर से जवाब नहीं मिला तो बच्ची के माता–पिता घर के बाहर खड़े हो गए। कुछ देर बाद उसका भाई शुभ और एक अन्य लड़का निकला जो देखकर भाग गए। इस दौरान देव को कब्रिस्तान की तरफसे भगा दिया। भागने के दौरान देव करण के पैर में चोट लग गई। किशोरी करीब 8.30 बजे घर पहुंची। उसने बताया कि देव करण ने उसके साथ गंदी हरकत की है। देव करण पहले भी कई बार ऐसा कर चुका है। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में तहरीर दी है।

### प्रेमी की हत्या के बाद प्रेमिका फांसी पर लटकी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। रहीमाबाद में प्रेमी की हत्या के तीन दिन बाद प्रेमिका फांसी पर झूल गई। उसके प्रेमी संजय की हत्या उसके बेटे और पति ने मिलकर कर दी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से महिला अवसाद में थी। मृतक मीरा ने प्रेमी के घर के पास बनी झोपड़ी में साड़ी के सहारे लटक कर जान दे दी। मीरा संजय की मौत की बाद काफी परेशान थी। आशंका जताई जा रही की इसी के चलते उसने सुसाइड किया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के हामिद खेड़ा माजरा मवई कला में रविवार रात को कार ड्राइवर संजय की हत्या हुई थी। हत्या में मीरा के पति सुनील और उसके बेटे का हाथ था। मीरा ने इस बात की पुष्टि मीडिया के सामने की थी। घटना की रात संजय मीरा से मिलने आया था। इसकी जानकारी मीरा के पति को हो गई थी। रात करीब 12 बजे सुनील और उसके बेटे ने संजय पर चारा काटने वाले बांके से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए संजय पास की नहर में कूद गया। वहीं उसकी हत्या कर दी। संजय की मौत के बाद से मीरा बेहद परेशान थी। उसने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का सीएम आज करेंगे लोकार्पण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




**20 हजार करोड़ से बनेगें नौ और एक्सप्रेसवे**

उत्तर प्रदेश में गोरखपुर से शुरू होकर संतकबीर नगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ने को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तैयार है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 20 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। गोरखपुर के लोगों को प्रदेश के दोनों छोर पर आने जाने में लिंक एक्सप्रेसवे से आसानी हो जायेगी। 91.35 किलोमीटर लम्बाई वाले एक्सप्रेसवे के लिए 7282 करोड़ रूपये खर्च हुए है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के जनसम्पर्क विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथामिकता वाली गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य गोरखपुर के जैतपुर गांव से शुरू हुआ था। गोरखपुर के जैतपुर गांव से आरम्भ होने के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का आखिरी पड़ाव आजमगढ़ जिले का सालारपुर गांव है। जहां तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जाती है। इसके बाद लिंक एक्सप्रेसवे यहां पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़कर लखनऊ के लिए आती है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अनुसार उत्तर प्रदेश को भविष्य नौ और एक्सप्रेसवे मिलेगें। जिसमें लागत 20 हजार करोड़ रूपये आयेगी। इसमें फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे 90.84 किमी का शामिल है, जो गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा। गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, करीब 519 किमी का बनेगा। इसी तरह से गोरखपुर शामली एक्सप्रेसवे करीब 700 किमी का बनेगा। लखनऊ लिंक एक्सप्रेसवे 49.96 किमी का बनेगा, जो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा।

जेवर लिंक एक्सप्रेसवे 74.30 किमी का बनेगा, जो यमुना एक्सप्रेसवे से गंगा एक्सप्रेसवे वाया बुलंदशहर को जोड़ेगा। झांसी लिंक एक्सप्रेसवे करीब 118.90 किमी का बनने जा रहा है। विन्ध्य एक्सप्रेसवे करीब 320 किमी, मेरठ- हरिद्वार लिंक एक्सप्रेसवे करीब 120 किमी, चित्रकूट से रीवा लिंक एक्सप्रेसवे करीब 70 किमी बनाने की तैयारी है।

### अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन पर बधाई



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के प्रमुख घटक सपा के मुखिया यादव ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में अपने बधाई संदेश में कहा, राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व सौहार्दपूर्ण, समावेशी, समायोजनकारी समग्र सामाजिक–राजनीतिक सक्रियता के लिए शुभकामनाएँ! बता दें कि राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य हैं।

## गैंडों के संरक्षण के लिए दुधवा में स्थापित होंगे दो नए गैंडा पुनर्वास केंद्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार ने लखीमपुर के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंडों के संरक्षण के लिए दो नए गैंडा पुनर्वास केंद्र बनाने का फैसला किया है। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने गैंडों और अन्य संकटग्रस्त वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्य योजना शुरू की है। बयान के अनुसार इस पहल के तहत लखीमपुर के दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में गैंडों के संरक्षण के लिए दो नए गैंडा पुनर्वास केंद्र बनाए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि इस परियोजना के लिए विभाग को एक करोड़ 50 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जो प्रदेश में गैंडों और अन्य संकटग्रस्त वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के दीर्घकालिक संरक्षण, उनकी निगरानी, औषधि और उपकरणों की खरीद के लिए इस्तेमाल की जाएगी।बयान के अनुसार इसके अलावा स्थानीय लोगों को गैंडे व अन्य वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के कार्य में भी यह धनराशि इस्तेमाल होगी। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के उप निदेशक रंगाराजू ने बताया कि इस परियोजना के लिए एक करोड़ 50 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

## यूनेस्को की विश्व प्राकृतिक धरोहर सूची में दर्ज होगा सलखन फॉसिल्स पार्क : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनभद्र स्थित सलखन जीवाष्म पार्क को प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण को लेकर गंभीर हैं। भूवैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों, अंतरराष्ट्रीय विरासत विशेषज्ञों के सहयोग से यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह जीवाश्म पृथ्वी पर जीवन के शुरुआती चरणों का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं, जो जीवन की शुरुआत की कहानी बयां करते हैं। यूनेस्को की सूची में दर्ज होने से देश-विदेश के पर्यटक एवं भू-वैज्ञानिक देखने एवं शोध करने सोनभद्र पहुंचेगे, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को आय का साधान सृजित होगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात होगी।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बताया कि स्थानीय समुदायों को जागरूक करने, उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने और सतत संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जन अभियान शुरू किए जाएंगे। यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल होने के बाद उत्तर प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड ने सलखन फॉसिल्स पार्क को विश्व धरोहर स्थलों की स्थायी सूची में शामिल कराने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। सोनभद्र प्राकृतिक रूप से दर्शनीय एवं रमणीक स्थलों के लिए जाना जाता है। सलखन जीवाष्म पार्क पर्यटकों की भीड़ बढ़ने से उत्तर प्रदेश का नाम वैश्विक पर्यटन सूची में दर्ज हो जायेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, स्ट्रोमेटोलाइट्स प्रकार के यह जीवाश्म पार्क के करीब 1400 मिलियन वर्ष पुराना होने का अनुमान है। रॉबर्ट्सगंज से लगभग 15 किलोमीटर दूर सलखन गांव के पास स्थित जीवाश्म पार्क कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और विन्ध्य पर्वतमाला क्षेत्र में फैला है। करीब 25 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह स्थल अपनी पुरातन चूना पत्थर संरचनाओं और दुर्गम भौगोलिक परिक्षेत्र के लिए जाना जाता है। यहां मौजूद स्ट्रोमैटोलाइट्स (प्राचीन परतदार सूक्ष्मजीवी शैल संरचनाएं) दुनिया के सबसे पुराने और सुरक्षित जीवाश्मों में गिने जाते हैं। अमेरिका के एलो स्टोन पार्क को दुनिया का सबसे प्राचीन जीवाष्म पार्क माना जाता है। भू-वैज्ञानिकों का अनुमान है कि सलखन जीवाष्म पार्क उससे भी अधिक प्राचीन है। सलखन फॉसिल पार्क न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण भू-वैज्ञानिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित होगा।

# चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायक प्रशिक्षण का समापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज में 151 रंगरूटों के चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायक प्रशिक्षण के सफल समापन के उपलक्ष्य में एक औपचारिक सत्यापन परेड का आयोजन किया गया। एएमसी के नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग के कमांडर ब्रिगेडियर ऋषिराज एन वर्मा ने परेड की समीक्षा की। समारोह के दौरान रंगरूटों ने समर्पण और व्यावसायिकता के साथ राष्ट्र की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता का शपथ ली। नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग के डिप्टी कमांडर कर्नल जितेन्द्र कुमार शर्मा ने रंगरूटों को शपथ दिलाई। नर्सिंग सहायक प्रशिक्षण कार्यक्रम रंगरूटों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूटों ने योग्यता और उत्साह का परिचय दिया और उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा। ब्रिगेडियर ऋषिराज एन वर्मा ने रिक्रूटों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें सेप नर्सिंग असिस्टेंट के प्रतिष्ठित पद पर स्वागत किया। यह कार्यक्रम गर्व और उपलब्धि की भावना के साथ संपन्न हुआ, जो नर्सिंग असिस्टेंट के रूप में रिक्रूटों के करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

### पाकिस्तान के भरोसे सत्ता पाने का ख्वाब पाल रही कांग्रेस : केशव प्रसाद



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए दावा किया कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख्वाब पाल रही है।उप मुख्यमंत्री मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अब देश की जनता के बजाय पाकिस्तान के नेताओं के भरोसे पर ज्यादा निर्भर है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख्वाब पाल रही है। मौर्य ने भारत–पाक संघर्ष पर कांग्रेस के कुछ नेताओं की हालिया टिप्पणियों को लेकर निशाना साधा।

# नशे में धुत दरोगा घड़े की दुकान में हुआ ढेर, महकमा ले गया अस्पताल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसमें एक ट्रैफिक एसआई सड़क के किनारे लगी मिट्टी के बर्तनों की दुकान में गिरा दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि वीडियो गुरुवार का है।

ट्रैफिक एसआई शराब की नशे में धुत है। उसने पहले इलाके में जमकर हंगामा किया। उसके बाद सड़क के किनारे स्थित दुकान में गिर गया। हालांकि यूएनएस नशे में होने की पुष्टि नहीं करता है। मामले में डीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि ट्रैफिकएसआई को मेडिकल के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच एसीपी पूर्वी को सौंपी गई है। वीडियो गोमतीनगर हुसड़िया चौराहा का है। यहां पुल के नीचे सड़क के किनारे एक मिट्टी के बर्तनों की दुकान है। दुकान में रखे कैरेट के ऊपर ट्रैफिक एसआई गिरा दिख रहा है। उसके शरीर से पसीना छूट रहा है। वो उठने की कोशिश कर रहा है। पैर उठाने की कोशिश करता है, लेकिन खुद को संभाल नहीं पाता है। बार-बार अपना चेहरा पोंछता है। दुकानदार मौके पर नहीं दिख रहा है। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक एसआई के हंगामे की वजह से दुकानदार डरकर दुकान छोड़कर भाग गया। सूचना पर अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उसे अपने साथ लेकर गए। बाद में मेडिकल कराने के लिए उसे अस्पताल भेजा गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। एक व्यक्ति ने लिखा है-लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस जहां एक तरफ जनता की सेवा कर रही है, वहीं ट्रैफिक एसआई नशे में धुत होकर पुलिस की छवि खराब कर रहा है। दूसरे व्यक्ति ने प्रतिक्रिया दी- गोमतीनगर के हुसड़िया पुल के नीचे नशे में धुत ट्रैफिक एसआई तांडव कर रहा है।

**खुशखबरी** — खुशी से रोशन हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थियों के चेहरे

# जल्द से जल्द एलएचपी के सभी लाभार्थियों को मिलेगा आवासों पर कब्जा : निदेशक सूडा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**69 लाभार्थियों को मिली उनके सपनों के घर की चाबी**

गुरुवार का दिन प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थियों के लिए यादगार बन गया है। राजधानी लखनऊ की अवध विहार योजना में पीएमएवाई–यू के अंतर्गत बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 69 लाभार्थियों को समस्त अभिलेखों की पूर्ति के पश्चात आज दिनांक 19 जून 2025 को उनके आवास का कब्जा मिल गया। इस अवसर पर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से दमक उठे। आपको बता दें कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट यानी एलएचपी के लाभार्थियों की रजिस्ट्री के साथ ही अन्य अभिलेखीय कार्य पूर्ण होने के साथ ही लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज 69 लोगों को उनके सपनों के घर में प्रवेश मिल गया।

योजना की लाभार्थी श्रीमती रोली दीक्षित कहती हैं कि आज मेरा सपना पूरा हो गया। मुझे आज के दिन ऐसा उपहार मिला है जिसे मैं इस जिंदगी में नहीं भूल सकती। इसी प्रकार योजना से आच्छादित श्री रमेश कुमार सिंह, कहते हैं कि आज मुझे सिर्फ घर ही नहीं मिला है बल्कि मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के सहयोग से अपने जीवन की एक बहुत बड़ी चुनौती पर विजय प्राप्त कर ली है। सही मायनों में तो आज मेरा जीवन रोशनी से भर उठा है। योजना के एक अन्य लाभार्थी श्री यश कुमार कहते हैं कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त योजना में आवास पाकर मैं अपने आपको धन्य मान रहा हूं। मैं इस बात को लेकर खुश रोमांचित हूं कि दुनिया की बेहतरीन तकनीकी से मेरे सपनों का घर बनाय गया है। आपको बता दें कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 1,040 परिवारों को उनके सपनों का घर देने का काम किया है।

उक्त अवसर पर निदेशक सूडा श्री अपूर्वा दुबे ने बताया कि राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अंतर्गत लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कराया गया है। उक्त योजना में 1,040 आवास बनाए गए हैं। इन आवासों के निर्माण में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग किया है। ये मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल हैं। देश में पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क तकनीकी का प्रयोग लखनऊ सहित देश के छह अन्य शहरों में किया गया है। लखनऊ में बना लाइट हाउस प्रोजेक्ट प्रदेश ही नहीं देश के निर्माण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि समस्त अभिलेखीय कार्यवाही पूर्ण होने के साथ–साथ लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा दिया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य यह है कि जल्द से जल्द समस्त लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा दिया जा सके। इसके लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है।

### क्या है लाइट हाउस प्रोजेक्ट

आपको बताते चलें कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्लोबल हाऊसिंग टेक्नोलॉजी चैलेन्ज–इण्डिया के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना, लखनऊ के सेक्टर–5 में निर्मित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल दो हेक्टेयर है। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का निर्माण नवीन तकनीक पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क के माध्यम से किया गया है। इस तकनीकी का प्रयोग दुनिया के चुनिंदा देशों में होता है। इसके माध्यम से बेहद कम समय भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाता है। उक्त तकनीकी से मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग कनाडा जैसे देशों में किया जा रहा है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमी. कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन सम्मिलित हैं, जो स्टिल्ट प्लस 13 प्रकार के चार बहुमंजिला ब्लाकों में निर्मित हैं। उक्त परियोजना में आवास के साथ–साथ कम्यूनिटी सेन्टर, कॉमर्शियल सेन्टर, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेनेज, आन्तरिक सडकें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाईट, खुले हरित क्षेत्र, पार्किंग इत्यादि सुविधाएँ भी लाभार्थियों को मिलेंगी। परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपए है, जिसमें समस्त अवस्थापना सहित प्रति आवास लागत 12.59 लाख रुपए है। परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश 1.50 लाख रुपए के अतिरिक्त केन्द्रीय टीआईजी के रूप में 4.00 लाख रुपए अतिरिक्त दिया गया है।

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न

**विधायक ने योग के महत्व को किया रेखांकित**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्राचीन योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ पूर्वी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता की प्राचार्या अंकिता उपाध्याय एवं प्राचीन योग संस्थान के संस्थापक विकास सिंह राजपूत ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार राय एवं लखनऊ नगर निगम के पार्षद कौशल शंकर पांडेय भी उपस्थित रहे। विधायक ने अपनी प्रेरक उपस्थिति से विद्यार्थियों, अभिभावकों व नागरिकों में नया उत्साह संचारित किया। उन्होंने न केवल योग प्रोटोकॉल सत्र में सहभागिता की, बल्कि युवाओं व छात्रों से संवाद करते हुए योग के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने यह संकल्प भी लिया कि योग के प्रचार-प्रसार के लिए जो भी आवश्यक संसाधन या सहयोग चाहिए, वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के घर-घर योगअभियान को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा की अद्भुत छवि देखने को मिली।

# सड़क हादसे में गोंडा के एक ही परिवार के चार की मौत

▸ सूचना मिलने के बाद दोनों घरों में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले में धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबे पुरवा के रहने वाले भोलानाथ दुबे बीते 15 साल से सूरत में रहकर के पार्सल पैकिंग का काम करते हैं। 13 मई को गोंडा में अपने भतीजे अतुल दुबे के शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने 13 वर्षीय बेटी अंशिका, 46 वर्षीय पत्नी पुस्टम और 16 वर्षीय बेटे अनमोल आयुष के घर आए हुए थे।

जहां उनके साथ पार्सल पैकिंग का काम कर रहे तरबगंज के शिशौ भवानीपुरवा निवासी 11 वर्षीय प्रियांशु,35 वर्षीय प्रियांशु की माता प्रमिला देवी, 40 वर्षीय प्रियांशु की हुआ शिवदेवी भी आई हुई थी। शादी कार्यक्रम को संपन्न करने के बाद भोलानाथ दुबे कल सुबह 10:00 गोंडा से सूरत के लिए निकले थे। इनके साथ में इनकी 46 वर्षीय पत्नी पुस्टम, 13 वर्षीय बेटी अंशिका, 16 वर्षीय पुत्र अनमोल उर्फ आयुष दुबे के और उनके साथ पार्सल पैकिंग का काम कर रहे 11 वर्षीय प्रियांशु, 40 वर्षीय प्रियांशु की बुआ शिवदेवी,35 वर्षीय प्रियांशु की माता प्रमिला देवी और 50 वर्षीय रामबाबू दुबे भी इनके साथ जा रहे थे। जहां रास्ते में जाते समय ड्राइवर बैजनाथ दुबे को नींद लग गई और मध्य प्रदेश में एक सड़क हादसा हो गया। जहां पर सड़क



हादसे में 16 वर्षीय अनमोल, 11 वर्षीय प्रियांशु, 40 वर्षीय शिवदेवी और 35 वर्षीय प्रमिला देवी की मौत हो गई। वही 13 वर्षीय अंशिका 46 वर्षीय पुस्तम और 50 वर्षीय रामबाबू गंभीर रूप से घायल है जिन्हें मध्य प्रदेश के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक अनमोल दुबे कक्षा 9 का छात्र है जो सूरत में अपने पिता भोलानाथ दुबे के साथ रहकर के पढ़ाई का काम करता था वह भी अपने चाचा के शादी में शामिल होने के लिए आया था।

सड़क हादसे में इस घटना की सूचना मिलने के बाद दोनों घरों में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है कोहराम मचा हुआ है मृतकों के शव को लेने के लिए भोलानाथ दुबे और मृतक प्रियांशु के पिता रामबाबू मध्य प्रदेश रवाना हो गए है। एक ही परिवार के प्रियांशु,शिवदेवी और प्रमिला की मौत होने के बाद प्रियांशु के चाचा वीरेंद्र उर्फ डॉक्टर का रो रो कर बुरा हाल है वह बार-बार बेहोश हो जा रहे हैं।

# सड़क हादसे में लेखपाल की दर्दनाक मौत

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा-बहराइच मार्ग पर पयागपुर थाना क्षेत्र के भाव पुल के पास एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। एक तेज़ रफ्तार अल्टो कार सड़क पर खड़े ट्राला में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी चला रहे लेखपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र गोस्वामी के रूप में हुई है, जो बहराइच जनपद के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बनिया भारी गांव के निवासी थे। वे अपने दिवंगत पिता की जगह लेखपाल पद पर नियुक्त हुए थे और वर्तमान में अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पयागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन से शव को बाहर निकाला। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क पर खड़े भारी वाहनों को लेकर भी गहरी नाराजगी जताई जा रही है।

**कार पीछे से ट्राला में जा घुसी, उड़े परखच्चे**




# नि:शुल्क राशन वितरण 20 जून से प्रारंभ

▸ अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मिलेगा मुफ्त अनाज, चीनी पर भी विशेष व्यवस्था

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जुलाई माह के सापेक्ष निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ 20 जून 2025 से होने जा रहा है। यह वितरण कार्यक्रम 10 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निश्शुल्क आवश्यक वस्तुओं का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में इस व्यवस्था को प्रभावी, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता तैयारियाँ की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल (कुल 35 किलोग्राम) का वितरण निश्शुल्क किया जाएगा।

वहीं पात्र गृहस्थी कार्डों से जुड़ी प्रति यूनिट को 2 किलो गेहूं एवं 3 किलो चावल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमासिक अप्रैल, मई व जून 2025 के लिए प्रति कार्ड 3 किलोग्राम चीनी 18 प्रति किलो की दर से 54 में उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि चीनी की आपूर्ति केवल लाभार्थी की मूल राशन दुकान से ही की जाएगी तथा इस पर पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। राशन वितरण को सुगमता से संपन्न कराने के लिए सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक वितरण की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रत्येक उचित दर विक्रेता की दुकान पर संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो अपनी उपस्थिति में वितरण कार्य संपन्न कराएंगे। निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रत्येक 8-10 दुकानों पर ब्लॉक, तहसील एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को भ्रमणशील नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, घटतौली अथवा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को कोई शिकायत हो तो वह जिला पूर्ति कार्यालय अथवा संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकता है। दोषी पाए जाने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डिडिसिया कलां के 16 मजरों में 3800 ग्रामीणों को मिली राहत

▸ डीएम के त्वरित संज्ञान से बाधित जलापूर्ति व्यवस्था पुनः संचालित

▸ प्रशासन की तत्परता से विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर किया प्रतिस्थापित

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में ग्राम चौपाल 3.0 के तहत प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में विकासखंड बेलसर अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिडिसिया कलां में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा स्थानीय जलापूर्ति व्यवस्था बाधित




होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

स्थानीय नागरिकों ने ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष यह अवगत कराया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह से प्रभावित हो गई है, जिससे ग्राम पंचायत के 16 मजरों में रहने वाली लगभग 3800 की आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस गंभीर जनसमस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड को निर्देशित किया कि शीघ्रातिशीघ्र ट्रांसफार्मर को प्रतिस्थापित कर जलापूर्ति व्यवस्था को पुनः चालू किया जाए। प्रशासनिक स्तर पर सक्रिय पहल करते हुए संबंधित विभाग ने मंगलवार रात्रि से ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की। ट्रांसफार्मर को बुधवार शाम तक ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। इसके परिणामस्वरूप गुरुवार प्रातः से ही ग्राम पंचायत डिडिसिया कलां के 16 मजरों में जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है। इस त्वरित एवं प्रभावी प्रशासनिक कार्रवाई से प्रभावित आबादी को राहत मिली है, जिससे स्थानीय जनमानस में जिला प्रशासन के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हुआ है। ग्राम पंचायत के शेष मजरों में जलापूर्ति व्यवस्था को पूर्णतया सुचारु बनाने हेतु जल निगम द्वारा पाइप लाइन लीकेज मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

संबंधित कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है तथा शीघ्र ही समस्त मजरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

# घाघरा घाट पुल का मरम्मत कार्य पूरा

## यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरवलरोड पुलिस थी तैनात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

बहराइच-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित घाघरा नदी पर बने पुल के ज्वाइंटर की मरम्मत कार्य दूसरे दिन पूरा हो गया।पुल पर जाम न लगे इसके लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी।

वाहनों को वन वे कर निकाला जा रहा था।बहराइच लखनऊ हाइवे पर घाघराघाट पुल के ज्वाइंटर की खराबी के मरम्मत मंगलवार को शुरू कर दिया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मंगलवार 17 जून से पुल के ज्वाइंटर की मरम्मत कार्य दो दिन में पूरा कर लिया। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरवलरोड पुलिस को लगाया गया



था। पुल के दोनों तरफ वाहनों को वन वे करके निकाला जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुल की मरम्मत के चलते सुरक्षा के लिए पुलिस को तैनात किया गया था। वाहनों को वन वे करके निकाला जा रहा था,जिससे पुल पर जाम न लगे। पुल का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है।

# बाइक और पिकअप की टक्कर में बाइक सवार की मौत

▸ मध्यप्रदेश का रहने वाला था युवक, परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के पास मिहींपुरवा से बहराइच की तरफ आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए बाइक सवार की पहचान मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी 28 वर्षीय लखन के रूप में हुई। लखन नानपारा के मंगलपुरवा में अपने परिवार और रिश्तेदार के साथ



रहकर ड्रम बेचने का काम करता था। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल लखन को तत्काल मेडिकल कॉलेज भेजा वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नानपारा कोतवाल रामाज्ञा सिंह के अनुसार मृतक के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# तेंदुए ने खेत में काम कर रहे मजदूर पर किया हमला

▸ साथियों की मदद से बची जान, गन्ने के खेत में मजदूरी करने गया था युवक

▸ घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली में कराया गया भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कतर्नियाघाट क्षेत्र में एक तेंदुए ने खेत में काम कर रहे मजदूर पर हमला कर दिया। घटना कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट के चढ़ावा गांव में हुई। 27 वर्षीय रामू किसान शेर सिंह के गन्ने के खेत में अन्य मजदूरों के साथ मेढ बांधने का काम कर रहा था।

दोपहर करीब 12 बजे अचानक गन्ने के खेत से एक तेंदुआ निकाला और उसे पर हमला कर दिया। रामू के साथ काम कर रहे छोटे ,कौशल, रमेश , इंद्रेश, सलाम और ध्रुव ने शोर मचाया। इससे तेंदुआ भाग गया और गन्ने के खेत में छिप गया। हमले में रामू के पैर में चोट आई। वन रक्षक अब्दुल सलाम वाचरो के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल रामू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली में भर्ती



कराया वहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। रामू और अन्य मजदूरों ने बताया कि उन्होंने गन्ने के खेत में तेंदुए को उसके शावकों के साथ देखा है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए। ऐसा न होने पर कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# कार्यवाही के बाद भी नहीं सुधरे ग्राम प्रधान

▸ बीडीओ की जांच में 60 मजदूर की जगह मिले 12 श्रमिक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में लगातार फर्जी मास्टर रोल का खेल जारी है। करवाई के बाद भी ग्राम पंचायत में फर्जीवाड़े का कार्य नही रुका है। अधिकारियों के जांच में यह स्पष्ट हुआ है। ब्लाक क्षेत्र का रायगंज ग्राम पंचायत लगातार सुर्खियों में बना हुआ हैं। शनिवार और रविवार को जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई की गई साथ ही 200 से अधिक श्रमिक की उपस्थिति भी दर्ज कराई गई है। मामला सामने आने के बाद विभागीय जांच शुरू हुई। दूसरे दिन




मंगलवार को फर्जी मास्टर रोल चलाने का मामला भी सामने आया। स्थानीय लोगों ने फर्जीवाड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में फर्जीवाड़े का लोग विरोध करते नजर आए। वहीं गांव निवासी लियाकत, वारिश, इन्ना, छोटे आदि दर्जनों लोगों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि मनरेगा में स्थानीय श्रमिकों से काम नहीं करवाया जा रहा है,दूसरे गांव के श्रमिक को काम पर लगाया जा रहा है। गांव के श्रमिक बेरोजगार घूम रहे हैं। जबकि गांव के श्रमिकों को गांव में काम मिलने का प्रावधान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर आठ से दस श्रमिक काम करते हैं। शेष काम जेसीबी मशीन से करवाया जाता हैं। ऑनलाइन मास्टर रोल पर 100 से 200 श्रमिकों की उपस्थिति चढ़ाई जाती है। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम सचिव ने बुधवार को मामले की जांच की। कार्य में अनियमिताएं एवं फर्जीवाड़ा पाए जाने पर सभी कार्यों का मास्टर रोल शून्य कराने का पत्र खंड विकास अधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित कर दिया। गुरुवार सुबह खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अंकित सिंह यादव, अभियंता लघु सिंचाई पुष्पेंद्र कुमार ने मौके का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान भी 60 के सापेक्ष महज 12 श्रमिक मौजूद मिले। इस बाबत सभी कार्यों का मास्टर रोल शून्य करवाया गया है। जांच चल रही है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरित कर मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह व वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ अजीमुल्ला खान के नेतृत्व में बहराइच मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरित कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अजीम उल्लाह खान, रवि श्रीवास्तव हमजा शफीक आदि मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में फल वितरित कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि जन्म दिवस खुशी का प्रतीक है। और इस अवसर पर हम लोगों ने मरीज को की सेवा और उन्हें फल प्रदान कर पुण्य का कार्य किया है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ अजीमुल्ला खान ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस मरीजों के बीच फल वितरित कर



मनाना सबसे बेहतर है।क्योंकि मरीजों को स्वास्थ्य लाभ के लिए फलों की आवश्यकता होती है और उसके दुख मे शामिल होना ही मानवता है इस अवसर पर कांग्रेसी नेता हमजा शफीक व रवि श्रीवास्तव के अलावा जिला फार्मेसी अधिकारी जी सी सोनकर व वरिष्ठ फार्मेसिस्ट डा रहमान खान आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन का कार्यशाला आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमओ कार्यालय सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग, तथा यूनिसेफ, पीएफआई, ममता संस्था और आगा खान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। **क्या है सिकल सेल एनीमिया?** सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर आनुवंशिक रक्त विकार है, जिसमें शरीर की लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार (सिकल शेप) हो जाती हैं। ये कोशिकाएं सामान्य कोशिकाओं की तुलना में जल्दी टूटती हैं और ऑक्सीजन को ठीक से वहन नहीं कर पातीं, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है। परिणामस्वरूप रोगी को तेज दर्द, संक्रमण, अंग क्षति, थकान और जीवनशैली संबंधी समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। शादी से पहले दोनों पक्ष अवश्य कराएं जांच एसीएमओ डॉ. संतोष राणा ने कहा कि यह रोग तब होता है जब माता और पिता दोनों में सिकल सेल से जुड़ा दोषपूर्ण जीन होता है। ऐसी स्थिति में उनके बच्चों को यह रोग हो सकता है। यदि केवल एक माता या पिता में यह दोषपूर्ण जीन हो, तो संतान को यह रोग नहीं होगा लेकिन वह इसका वाहक बन सकता है।

# मोबाईल कोर्ट में हुई दिव्यांगों के प्रकरणों की सुनवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण कराएं जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के जनता दर्शन हाल में आयोजित मोबाईल कोर्ट में दिव्यांगजनों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये गये। मोबाईल कोर्ट में अधिकतर प्रकरण श्रवण बधिर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र को लेकर सामने आये।

सुनवाई के दौरान पाया गया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए ओ.पी.डी. अथवा अन्य माध्यमों से आने वाले दिव्यांगजनों को के.जी.एम.यू. लखनऊ को संदर्भित



किया जा रहा है जहां पर पूरे प्रदेश से आने वाले प्रकरणों की बहुलता के कारण दिव्यांगजनों को वर्षों अपनी बारी का इंतज़ार करना पड़ता है जबकि मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों को जनपद श्रावस्ती के लिए रेफर किया जा रहा है। मोबाईल कोर्ट की मंशानुरूप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी श्रावस्ती से मोबाईल पर वार्ता कर दिव्यांगता जांच के लिए तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया।सीएमओ श्रावस्ती द्वारा जांच के लिए 20 जून 2025 की तिथि निर्धारित करने पर निर्णय लिया गया कि 20 जून 2025 को सीएमओ कार्यालय, बहराइच से एक वाहन श्रवण बधिर दिव्यांगजनों को श्रावस्ती ले जाकर उनका परीक्षण कराते हुए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र हेतु कार्यवाही तत्काल की जायेगी।

# नारी संघ और अपराजिता टीम ने बाल हिंसा के खिलाफ उठाई आवाज

▸ बंभीवा गाँव में सौतेली मां की मासूम बच्ची पर बर्बरता की रिपोर्ट आयी सामने

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को जनपद के ब्लॉक फखरपुर के बंभीवा गाँव में एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया। जहाँ एक महिला शाहिदा (बदला हुआ नाम) ने अपनी सौतेली बेटी रहनुमा (बदला हुआ नाम) के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उसे मारा पीटा तथा उसके गुप्तांगो मे मिर्च पाऊडर लगा दिया जिससे बच्ची गंभीर रोक से आहत हो गयी। नारी संघ को इस हिंसा की सूचना प्राप्त हुई, 18 जून



को जब बच्ची के साथ हो रही बर्बरता की पुष्टि हुई, तो नारी संघ ने तुरंत संज्ञान लिया और इस मामले को गंभीरता से उठाया।

नारी संघ की सदस्यों ने तुरंत अपराजिता टीम को सूचना दी। अपराजिता टीम ने तत्काल प्रभाव से 112 डायल कर पुलिस सहायता मांगी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच की और पाया कि बच्ची के शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पूछताछ में पहले तो आरोपी महिला ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया, लेकिन अपराजिता टीम और पुलिस द्वारा की गई गहन काउंसलिंग के बाद महिला ने अपनी गलती स्वीकार की। वह बार-बार रोती रही और क्षमा मांगती रही कि भविष्य में ऐसा दोबारा नहीं होगा। 112 की टीम, नारी संघ और अपराजिता टीम ने महिला से लिखित सहमति पत्र भी भरवाया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि यदि भविष्य में वह बच्ची के साथ फिर से किसी भी प्रकार की हिंसा करती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पत्र पर न केवल महिला के हस्ताक्षर लिए गए, बल्कि ग्रामीणों की उपस्थिति में दस्तखत करवाकर इसे विधिक मान्यता भी दी गई।नारी संघ ने यह भी संकल्प लिया कि बच्ची की शिक्षा, सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उसे स्कूल भेजने की जिम्मेदारी संघ ने स्वयं ली है, ताकि बच्ची एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सके। इस दौरान अपराजिता टीम से अभय, अर्पिता, सी.एल. बाजपेई, जीतेंद्र, तथा नारी संघ लीडर्स मीरा, रेखा, अनीता, अंजू देवी और गाँव के कई संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# शराब और पार्टी के शौकीन बने लुटेरे

▸ एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने महराजगंज के आलू व्यापारी के साथ हुई लूट का किया खुलासा

संतोष सिंह



**महराजगंज रायबरेली।** आलू व्यापारी के साथ हुई लूट का पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा। 16 जून को सुबह 5:00 बजे मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी कस्बा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली अपनी पिकअप से आलू खरीदने कानपुर जा रहे थे तभी महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सलेथू नहर के पास चार पहिया वाहन से कुछ लोग आए तथा उससे रुपए 70 हजार व मोबाइल फोन असलहा लगाकर लूट लिया था। वहीं इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल था तो पुलिस के लिए भी चुनौती कम नहीं थी लेकिन पुलिस की कार्यशैली ने एक बार फिर वह करके दिखाया जिसकी उम्मीद जनता ने लगा रखी थी। पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 19 जून को संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर लूट के दो शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम रुद्र प्रताप सिंह उर्फ मोटू पुत्र राजेश कुमार सिंह निवासी पुखरदहा थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर, आदर्श सिंह उर्फ गोलू पुत्र राम बहादुर निवासी मुकुन्दपुर थाना पैकुलिया जनपद बस्ती को लूट के 20500 एक अदद एयर गन वह एक अदद कार घटना में प्रयुक्त तथा एक अदद फोन के साथ थाना क्षेत्र के नेवांजगज नहर के पुल के पास गिरफ्तार किया गया है।

### किराए के मकान में रहकर बनाते थे प्लान

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लखनऊ की एक पॉश सोसाइटी में किराए पर रहते थे। उनका कहना है कि शराब और पार्टी के शौक पूरे करने के लिए वे छोटी-छोटी लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। वे सुनसान रास्तों पर वाहनों को रोकते थे और खुद को स्थानीय थाने का पुलिस अधिकारी बताकर तलाशी के नाम पर नकदी और मोबाइल लूट लेते थे।

### पुलिस की कार्रवाई, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

लूट गए मोबाइल फोन को वे सुनसान जगहों पर फेंक देते थे ताकि पीड़ित किसी को सूचना न दे सकें। टोल बचाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल कर वापस लखनऊ पहुंच जाते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी यशवीर सिंह ने कहा कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस गिरोह से और भी घटनाएं जुड़ी हो सकती हैं, जिसकी जांच जारी है।

"खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि यह लोग महंगी लाइफ स्टाइल जीते थे तथा लखनऊ में महंगे घर में रहते थे और अच्छे बैकग्राउंड के लड़के थे लेकिन महंगे शौकों ने इनको लुटेरा बना दिया बाराबंकी सुल्तानपुर में भी इन्होंने घटना को अंजाम दिया है इन्होंने व्यापारियों को बताया कि हम महराजगंज थाने के हैं और उनकी जेब में रखे हुए पैसे निकाल लिए चेकिंग के नाम पर और अपने आप को पुलिस बताकर लोगों को लूटने का कार्य करते थे तथा गाड़ी रुद्र प्रताप के बड़े भाई के नाम रजिस्टर्ड है।"

-डॉक्टर यशवीर सिंह
पुलिस अधीक्षक रायबरेली

# जीएसटी विभाग ने 57 करोड़ की पकड़ी फर्जी कंपनी

▸ फर्जी कंपनी पर हुई बड़ी कार्रवाई, मुकदमा हुआ दर्ज

▸ राजधानी इंटरप्राइजेज के नाम से चल रही थी फर्जी कंपनी



**रायबरेली।** जीएसटी विभाग ने एक फर्ज़ी कम्पनी पकड़ी है। कम्पनी ने इसे लेकर एफआईआर दर्ज करा दी है। कम्पनी पंजीरण के बाद कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं कर रही थी। इसी कारण को लेकर उसका पंजीकरण निरस्त हुआ था लेकिन उसके बाद भी कम्पनी ने दिल्ली से 57 करोड़ का कारोबार कर लिया। दरअसल यहाँ कोतवाली थाना इलाके के सत्यनगर निवासी रमेश चंद्रा ने राजधानी इंटरप्राइज़ के नाम से कम्पनी पंजीकृत कराई थी। कम्पनी के स्थलीय निरीक्षण को जब जीएसटी विभाग के अधिकारी आये तब वहाँ कोई व्यापारिक गतिविधियां नहीं पाये जाने पर फ़रवरी माह में इसका पंजीकरण निरस्त कर दिया था। उसके बावजूद फ़र्ज़ीवाड़ा कर कम्पनी ने दिल्ली से 57 करोड़ का कारोबार कर 10 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट हथिया लिया। जीएसटी इस फ़र्ज़ीवाड़े पर सत्य नगर निवासी रमेश चंद्रा के नाम एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा डंपर, बाल-बाल बचे लोग



**गदागंज, रायबरेली।** गदागंज थाना क्षेत्र के मतीनगंज चौराहे पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जानकारी के अनुसार गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में लगा डंपर मिट्टी लादकर देवगनपुर से जमुनापुर की तरफ जा रहा था तभी कानपुर ऊंचाहार मार्ग पर मतीनगंज चौराहे के पास सड़क किनारे गुरु देव होटल के पास एकाएक पलट गया जिससे लोगों में अफरा–तफरी मच गई वही क्षेत्रीय लोगों के द्वारा डंपर निकलवाने में की जा रही काफी मशक्कत ओवर लोड तेज रफ्तार मिट्टी लदे डम्फर रातों दिन सड़क पर बिना नम्बर प्लेट के दौड़ रहे हैं ।

### कांग्रेसियों ने मनाया सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस



**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय महराजगंज में सांसद राहुल गांधी का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा की राहुल गांधी आज 55 वर्ष के हुए हैं तथा हमेशा भारत की जनता के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं तथा असली जननायक है कांग्रेसियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा राहुल गांधी की स्वास्थ्य लंबी उम्र की कामना की गई।इस मौके पर प्रिन्सू वैश्य हनुमान जायसवाल दिनेश मिश्रा राहुल सिंह भगवानदीन फौजी नुपुर सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### किसान पंचायत का हुआ आयोजन



**रायबरेली।** डिघौरा स्थित बड़े बाबा राजामऊ रजबाहा की पटरी पर क्षेत्रीय किसानो के द्वारा सफाई ना होने से सैकड़ों किसानों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया मौके पर नायब तहसीलदार मंजरी सिंह व सिचाईं विभाग की अधिकारियों ने चौबीस घंटे के अन्दर सफाई कराकर पानी छोड़ने का आश्वासन दिया इस समस्या से जोहवा हिसार, स्योठी, दतौली, बरगदहा, अंगूरी, खिरिजपुर करौंदी, रहवा, अचलेश्वर सहित दर्जनों से अधिक गावों की धान की फसल प्रभावित हो रही है । जि.प.स. राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा यह सिर्फ हर गांव से प्रतिनिधि बुला कर किसान पंचायत हुई थी अगर किसानो की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जल्द हजारों किसानो द्वारा मुख्यालय में आंदोलन किया जाएगा किसान पंचायत में कोआपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाल, मीडिया प्रभारी विजय बाजपेयी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश चिकन, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार कोरी, मंडल अध्यक्ष भाजपा रामजी श्रीवास्तव, होरीलाल कोरी, मनोज सिंह, विष्णुपद सिंह, कृष्णनरेश सिंह, गोविंद नारायण दिवेदी, अम्मी चंद्र, संदीप अवस्थी साथ सैकड़ों किसानों उपस्थित रहे।

### फाइलेरियामुक्त हेतु किया गया प्री.टास नाईट ब्लड सर्वे प्रशिक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह की अध्यक्षता में जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्री–टास नाईट ब्लड सर्वे हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि नाईट ब्लड सर्वे जनपद के चिन्हित 11 ब्लाकों में तीन–तीन साइट पर 20 से 30 जून तक रात्रि में किया जायेगा तथा उक्त सर्वे में 20 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का ब्लड सैम्पल लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ, सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, बीसीपीएम को राज्य मुख्यालय से आये हुए डॉ नित्यानन्द (डब्लूएचओ) व प्रज्ञा (पॉथ) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### महिला ने पति पर लगाए गम्भीर आरोप

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत एक महिला ज्योति उपाध्याय ने अपने पति रामजी उपाध्याय पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। ज्योति ने अपने पति से ही अपने को खतरा बताया है। ज्योति ने जनपद पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी गौरीगंज को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्योति उपाध्याय का कहना है कि उनके पति रामजी उपाध्याय उन्हें घर में मारते पीटते हैं तथा गाली गलौज करते हैं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। बुधवार को हमारे पति रामजी उपाध्याय तथा शंकर बख्श सिंह हथियार लेकर घर पहुंचे और उन लोगों ने हमें जान से मारने की धमकी दी। ज्योति ने इस बाबत थाना प्रभारी जामों को भी फोन पर बताया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रामजी उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया है तथा शंकर बख्श सिंह अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक तथा उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया हैए तथा थानाध्यक्ष जामों विनोद कुमार सिंह ने बताया कि एक की गिरफ्तारी हो गई है अभी एक की तलाश जारी है।

### 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होगा योगा कार्यक्रम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफखॉ ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 11वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून दिन शनिवार को जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने उक्त निर्धारित तिथि को नियत स्थल पर जनपदवासियों से अधिक से अधिक पुरूष व महिला एवं बालक व बालिका खिलाड़ी को प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया है।

### छापेमारी में 55 लीटर अवैध शराब बरामद तथा चार अभियोग पंजीकृत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान में गठित टीम द्वारा सरैया कनू तथा छोटी धरौलीए मवई आलमपुरए साहबगढ़ तथा सैठा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र–अमेठी में थाना– संग्रामपुर के अन्तर्गत ग्राम सरैया कनू तथा छोटी धरौली से लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए करीब 100 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया, इस कार्यवाही में 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गयाए साथ ही ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माणए बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक क्षेत्र व आबकारी स्टाफ में मोहम्मद साबिर सिद्दीकी, राम नाथ मौर्या, अभय प्रताप सिंह, प्रेम शंकर एवं बृजेश चन्द्र पाण्डेय वाहन चालक सम्मिलित रहे।

# खेत जोत कर घर जा रहे ट्रैक्टर में लगी आग



**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सहमदा गांव में खेत जोत कर घर जा रहे ट्रैक्टर में सार्क सर्किट की वजह से आग लग गई देखते ही देखते ट्रैक्टर धूं धूं कर जलकर राख हो गया जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते ट्रैक्टर में विकराल आग का रूप धारण कर लिया ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड व 112 पुलिस को सूचना दी लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती टैक्टर जलकर राख हो गया वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे हिम्मत सिंह मजरे राधाबालमपुर गांव निवासी कन्हैयालाल पुत्र जगन्नाथ खेत जोतकर अपने घर जा रहा था तभी सहमदा गांव के पास शार्क सर्किट की वजह से ट्रैक्टर में आग लग गई और पूरा ट्रैक्टर जलकर राख हो गया।

# दबंगों ने दरोगा को पीटा, जान बचाकर थाने पहुंचा दरोगा

▸ पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस का खौफ लोगों में खत्म होता नजर आ रहा है एग्जाम खुलवाने गए दरोगा पर दबंग ने हमला कर दिया। दबंग के कर से किसी तरह भाग कर दरोगा थाने पहुंचे और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

18 जून बुधवार दोपहर 1:00 बजे दरोगा की तैयारी पर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना मंगलवार रात्रि 9:00 के आसपास की बताई गई है। बेखौफ दबंग की हाइवे पर लगे जाम को खुलवा रहे दरोगा से कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बड़ी की देखते ही देखते दबंगों ने दरोगा को सड़क पर गिराकर लात घुसो से पीटना शुरू कर दिया। घटना में दरोगा को गंभीर चोटें आई हैं।

बछरावां थाने में तैनात उपनिरीक्षक जितेश सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार रात चुरुवा चौकी जा रहे थे। तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर नीमटीकर गांव के पास एक ट्रक को उन्होंने खड़ा देखा। जिसके चलते जाम लगा हुआ था। वह जाम खुलवाने लगे। दरोगा का आरोप है की तभी गांव में स्थित ढाबा संचालक रोहित व उनके साथी कार्य में बाधा डालने लगा। मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। फिर जान से मारने की नियत से गला दबा दिया। कुछ ही देर में उक्त लोग पेट व सीने पर लात घूसों व थप्पड़ों से पीटने लगे। वर्दी उतरवा देने की धमकी भी है। जिससे दरोगा को गंभीर चोटें आई हैं। किसी तरह दरोगा जब उनके चंगुल से छूटा। तो उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक जितेश सिंह की तहरीर पर रोहित कुमार, मोहित कुमार पुत्रगण अशोक कुमार, बाबुल उर्फ अनुज पुत्र शिव पलटन, नवनीत पुत्र चंद्रशेखर, गोलू पुत्र बबलू, आकाश पुत्र उमेश निवासीगण नीमटीकर पर केस दर्ज किया गया है।

इंचार्ज थाना प्रभारी जीवन जोशी ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# वीरा पासी चौक के सुंदरीकरण का कार्य जल्द होगा शुरू

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**




नगर पंचायत कार्यालय के पास स्थित महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरा पासी चौक का सुंदरीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए शासन से धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। नगर पंचायत द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला ने एक जनसुनवाई के जबाब में दी। उन्होंने बताया कि चौक के सौंदर्यीकरण से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। नवंबर 2024 में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष रणगांव निवासी समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह राजपूत की अगुवाई में वा.ई.पी सिंह जिलाध्यक्ष संस्कार भारती, विनय भदौरिया वरिष्ठ एडवोकेट, धीरज सिंह समाजसेवी तथा राहुल वर्मा डायरेक्टर मां कोचिंग क्लासेज ने तहसील प्रशासन व शासन को प्रार्थना पत्र देकर वीरा पासी चौक के नवनिर्माण की मांग गंभीरता से उठाई थी। लंबे समय से यह स्थल जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ था। चौक की दीवारें टूट चुकी थीं और वाहनों की टक्कर से स्मारक की दीवारों को काफी नुकसान पहुंचा था। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय समाचार पत्रों में कई बार खबरें भी प्रकाशित हुई। अब नगर प्रशासन की सक्रियता से चौक का जीर्णोद्धार होने जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी है।

# जब नगर विकास के पथ पर बढ़ा तो अड़ंगेबाज डालने लगे बाधा




**महराजगंज, रायबरेली।** जब जब नगर पंचायत विकास के पथ पर दौड़ने का प्रयास करता है तब विकास में अवरुद्ध पैदा करने वाले तरह-तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं। नगर पंचायत महराजगंज के अथक प्रयासों से जहां एक ओर नगर विकास के पद पर निरंतर आगे बढ़ता चला जा रहा है तो वही विपक्षी दिन-रात नगर के विकास में बाधा बने नजर आते हैं। हनुमानगढ़ी के पास नगर वासियों की सुविधा के लिए एवं क्षेत्रीय लोगों की समस्या को देखते हुए बारात घर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो लगभग दो करोड रुपए की लागत से बनेगा। बारात घर का निर्माण कार्यदाई संस्था सी एण्ड डी एस द्वारा करवाया जाएगा जिसको लेकर नगर वासियों में उत्साह भी देखने को मिल रहा है कि अब हम सभी के मांगलिक कार्यक्रम अच्छे ढंग से होंगें। क्योंकि नगर में कहीं पर भी कोई बारात घर और इस तरह का भवन नहीं था जिसमें किसी प्रकार के कार्यक्रम अच्छे ढंग से हो सके रायबरेली और लखनऊ जैसे शहरों में अच्छा खासा बजट खर्च करके नगर वासी अपने मांगलिक कार्यक्रम करवाते रहते हैं ।लेकिन अब महराजगंज नगर में बारात घर बन जाने से नगर की यह समस्या काफी हद तक खत्म होती नजर आ रही है । जहां एक ओर नगर पंचायत पर लोग आरोप लगा रहे हैं कि बारात घर गलत स्थान पर बन रहा है तब वह कहां थे जब लेखपाल द्वारा जमीन की पैमाइश की गई तथा उस पर कार्य जब शुरू हुआ तो अड़ंगा लगाने वाले सक्रिय हो गए और एसडीएम के पास पहुंच गए लेकिन नगर की जनता है वो सब जानती है की वह कौन लोग हैं जिन्हें नगर का विकास अच्छा नहीं लगता और अक्सर इसी तरह की अड़ंगे बाजी लगाकर नगर के विकास में बाधा बने नजर आते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत बृहस्पतिवार की सुबह बलभद्र पुर गांव निवासी मनोज कुमार वर्मा पुत्र राम आनन्द उम्र 25 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर एक पेड़ से लटकता मिला है। परिजनों के मुताबिक मनोज कुमार बीती रात लगभग 9 बजे आर्केस्ट्रा देखने गए थे।

सूचना मिलने पर आस पास के लोग इकठ्ठा हो गए तथा पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई है उनका कहना है कि मनोज कुमार के शरीर पर कई जगह पर चोट के निशान हैं, जिससे लगता है कि हत्या के बाद शव को पेड़ से लटका दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अभी जल्द ही युवक की शादी हुई थी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर ही कुछ पता चल सकेगा।

# योग तन-मन के संतुलन और आत्मज्ञान का मार्ग है: डॉ. भावना

▸ सैकड़ों साधकों ने लिया योग शिविर में भाग, अधिकारियों और विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 3 दिन शेष बचे हैं,उससे पहले रायबरेली में योग को लेकर उत्साह चरम पर है। मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान की जिला इकाई द्वारा शहर के सई नदी स्थित राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में आयोजित पाँच दिवसीय विशेष योग शिविर में दूसरे दिन भी भारी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। योग कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव और जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने भारत माता और भगवान श्रीकृष्ण की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया। योगाचार्य बृजमोहन एवं योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता ने योगाभ्यास कराया। इसके उपरांत उपस्थित साधकों को संबोधित करती हुई वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क का विकास करता है और ऐसा व्यक्ति समाज व राष्ट्र के लिए अधिक उपयोगी बनता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास का भी आधार है। वेद, उपनिषद और पुराणों में योग का व्यापक वर्णन है। यह भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। डॉ. भावना श्रीवास्तव ने योग को आत्म-साक्षात्कार और आत्मज्ञान की दिशा में प्रेरित करने वाली पद्धति बताते हुए सभी साधकों को शुभकामनाएं दीं।

# एसडीएम पर हमला मामले में तीन नामजद, अज्ञात में 15 महिलाएं भी शामिल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय गौरीगंज के नगर पालिका परिषद गौरीगंज वार्ड नं 13 माधवपुर में बुधवार को उपजिलाधिकारी प्रीती तिवारी की अध्यक्षता में अवरुद्ध रास्ता खुलवाने पहुंची राजस्व टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया था, जिसमें एसडीएम प्रीती तिवारी तथा नायब तहसीलदार अनुश्री तिवारी सहित कई राजस्व कर्मी घायल हुए थे। मिली जानकारी के अनुसार नवीन परती संख्या 292 में उदयभान सिंह पुत्र विजयपाल सिंह ने अबैध कब्जा करके मकान बना रखा है तथा गाटा नंबर 291 जो चकमार्ग दर्ज है इसी चकमार्ग से भोलानाथ सिंह अपने जमीन गाटा नंण् 286 की जुताई बुवाई करने के लिए आते जाते थेए उदयभान सिंह द्वारा इस रास्ते पर भी टीन सेड डाल दिया गया था। भोलानाथ सिंह कई सालों से इस रास्ते को खोलने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे थे। जिसके लिए बुधवार को एसडीएम प्रीति तिवारी की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गई और बुलडोजर लेकर मौके पर कब्जा किए हुए रास्ते को साफ करने के लिए जब वहां पहुंची तो उदयभान सिंह के लोगों ने नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी व एसडीएम प्रीति तिवारी के ऊपर बहुत सारे लोगों ने हमला कर दिया था, जिसमें एसडीएम नायब तहसीलदार तथा राजस्वकर्मी सहित भोलानाथ सिंह के परिजन भी घायल हुए है, तथा अभिलेखों को भी नष्ट किया गया है। एसडीएम की सूचना पर पुलिस तथा पीएसी ने मौके पर पहुंच कर उपद्रवियों पर काबू पाया। 6 लेखपाल एक कानूनगो की तहरीर पर तीन लोगों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात लोगों के अलावा 15 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है अन्य अज्ञात लोगों की तलाश जारी है। बाकी की तलाश पुलिस द्वारा में छापेमारी जारी है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आए आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# धूमधाम से बनाया गया सांसद राहुल गांधी का 55वाँ जन्मदिन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय गौरीगंज के केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय गौरीगंज में वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने केक काटकर सांसद राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन मनाया गया। केंद्रीय कार्यालय पर एकत्रित सभी कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी के दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना करते हुए एक दूसरे को केक खिलाया। वहीं स्थानीय मिश्रौली गांव में बड़ी संख्या में उपस्थित दलित परिवार की महिलाओं बच्चों एवं बेटियों के बीच केक काटते हुए ईशानी सरोज ने कहा कि हम लोग अभी तक अपना केक काटती थी आज राहुल गांधी के जन्मदिन पर केक काटने व जन्म दिन मनाने का हमें अवसर मिला है हम लोगों के बीच अमेठी कांग्रेस का यह ऐतिहासिक व अविस्मरणीय पल जीवन भर याद रहेगा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिलाएं बड़ी खुशी और आह्लादित मन से कार्यक्रम में शामिल रही वहीं गांव में खुशी का माहौल रहा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तर प्रदेश पूर्वी के आवाहन पर जन नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिलाध्यक्ष सुमित तिवारी ने बताया कि हम अमेठी छात्र संगठन के सभी पदाधिकारी संगठन के निर्देशानुसार अपने नेता राहुल गांधी के जन्मदिन 19 तारीख को प्रत्येक माह के संबंधित महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोदी-ट्रंप वार्ता

यह ध्रुव सत्य है कि अमेरिका की तमाम रीतियां व नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। जहां उसे अपने आर्थिक व सामरिक हित नजर आते हैं, वहीं उसकी सभी रीति-नीतियां ठहर जाती हैं। दशकों से आतंक की पाठशाला चला रहे पाकिस्तान को आंतकवाद के खिलाफ कथित साझेदारी के लिये उपकृत करने वाले अमेरिका के मंसूबों को समझा जा सकता है। विडंबना यह है कि पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान को कथित रूप से युद्ध विराम के लिये सहमत कराने के लिये खुद की ही पीठ थपथपा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने दस मई को अमेरिका की मध्यस्थता में देर रात तक बातचीत के दावे के बाद कथित रूप से पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। पल-पल अपना रुख बदलने के लिये कुख्यात ट्रंप इस विवादास्पद मामले पर अपनी बात मनवाने पर अड़े हुए हैं। मगर बार-बार उनके द्वारा दोहराए जाने वाले दावे भारत की परेशानी का सबब बन रहे हैं। भारत ने ऐतिहासिक रूप से द्विपक्षीय विवादों को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से दूर रखा है। अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड को सही करने का प्रयास किया है, और वह भी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इस्लामाबाद के अनुरोध पर ऑप्रेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हमलों को रोक दिया था, न कि मध्यस्थता या अमेरिका द्वारा किसी व्यापार सौदे की किसी पेशकश के कारण। यह दावा डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रचार को सिरे से खारिज करता है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को समझाने के लिये व्यापार कार्ड का इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके बावजूद बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री की सीधी बात ट्रंप को समझ आएगी? क्या ये बातचीत ट्रंप को भारत व पाक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोके पाएगी? लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया कारगुजारियों से तो ऐसा होता नजर नहीं आता। पहले बात अमेरिका को स्पष्ट समझा दी जानी चाहिए कि वह भारत व पाक को एक तराजू में तोलने की भूल न करे। हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान जिस तरह ट्रंप प्रशासन ने विवादास्पद पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर को तरजीह दी, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की लंच पर मेजबानी करके नवीनतम भड़काऊ कदम ही उठाया है। उसे देखते हुए यह संभावना असंभव ही लगती है कि ट्रंप दोनों देशों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बाज आएंगे। यह वही मुनीर आलम है जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले से बमुश्किल एक सप्ताह पूर्व कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। इसके अलावा उन्होंने संकीर्ण सांप्रदायिक टिप्पणियां भी की थी। यह बात अतार्किक ही लगती है कि अमेरिका पाक को अपने साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिये पुरस्कृत कर रहा है। दोनों देशों के बीच पक रही यह खिचड़ी भारतीय कूटनीति के लिये एक बड़ी चुनौती कही जा सकती है। मोदी सरकार को पाकिस्तान को खुले समर्थन को लेकर अमेरिका का सामना करने के पक्ष और विपक्ष के हमलों का मुकाबला करना होगा। निश्चित रूप से दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित भारत इस स्थिति को हल्के में नहीं ले सकता। भारत को पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण के प्रयासों को विफल करने के लिये हर संभव प्रयास करने होंगे। अब चाहे अमेरिका को ये पसंद आए, चाहे न आये। भारत के लिये यह कूटनीतिक चुनौती है और देशकाल परिस्थितियों के अनुरूप भारत को अपनी रीतियों-नीतियों को नए सिरे से निर्धारित करना चाहिए। यह जानते हुए कि हमारा दशकों से विश्वसनीय साथी व महाशक्ति रहा रूस आज उतनी मजबूत स्थिति में नहीं है। लंबे खिंच रहे यूक्रेन संघर्ष ने रूस की अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में कभी मजबूत रही स्थिति को कमजोर ही किया है। ऐसे में भारत को बदलते परिदृश्य में कूटनीति को नये सिरे से परिभाषित करना होगा।

# सुविधा और दुविधा में फंसी यूपी के बेसिक शिक्षकों की तबादला नीति



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लिए सात साल बाद तबादले खोलकर षिक्षक समाज को बड़ी राहत प्रदान की है। सरकार द्वारा अंतर-जनपदीय और जिला-स्तरीय तबादलों का रास्ता खुलने से शिक्षक खुश तो हैं, लेकिन इसमें वह (शिक्षक) कुछ कमियों की बात करते हुए इन्हें दूर करने की बात भी कह रहे हैं। तबादला प्रक्रिया शिक्षकों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित थी, क्योंकि कई शिक्षक अपने गृह जनपद या परिवार के नजदीक स्थानांतरित होने की उम्मीद में वर्षों से इंतजार कर रहे थे। इस प्रक्रिया की शुरुआत जून 2025 में हुई, जब बेसिक शिक्षा परिषद ने शिक्षकों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की। लेकिन जैसे-जैसे यह प्रक्रिया आगे बढ़ी, शिक्षकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिन्होंने उनके उत्साह को निराशा में बदल दिया है।

उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में लाखों शिक्षक कार्यरत हैं, और इनमें से कई अपने गृह जनपद से सैकड़ों किलोमीटर दूर तैनात हैं। परिवार से दूरी, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल और अन्य सामाजिक जिम्मेदारियों के कारण शिक्षक लंबे समय से तबादले की मांग कर रहे थे। सात साल बाद जब सरकार ने तबादलों की अनुमति दी, तो शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बेसिक शिक्षा परिषद ने 9 से 12 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन मांगे, और आवेदन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मानव संपदा पोर्टल का उपयोग किया गया। इसके बाद 13 जून तक आवेदन के प्रिंटआउट जमा करने और 16 जून को तबादला सूची जारी करने की तारीख तय की गई थी। लेकिन जैसे ही शिक्षकों ने आवेदन शुरू किए, तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं ने उनका रास्ता रोक लिया। सबसे बड़ी परेशानी जो शिक्षकों को हुई, वह थी मानव संपदा पोर्टल की तकनीकी खामियां। कई शिक्षकों ने शिकायत की कि पोर्टल पर उनकी जानकारी गलत दर्ज थी, जैसे कि उनकी सेवा अवधि, जन्म तिथि, या वर्तमान तैनाती का विवरण। कुछ शिक्षकों की मानव संपदा आईडी ही अपडेट नहीं थी, जिसके कारण वे आवेदन प्रक्रिया में भाग नहीं ले सके। इसके अलावा, पोर्टल पर अचानक सर्वर डाउन होने की समस्या ने भी शिक्षकों को परेशान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले शिक्षकों के लिए यह और भी मुश्किल था, क्योंकि उनके पास इंटरनेट की सुविधा सीमित थी। कई शिक्षकों को साइबर कैफे का सहारा लेना पड़ा, जहां उन्हें अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ा। एक और बड़ी समस्या थी तबादले के लिए सीमित



जिला विकल्प। बेसिक शिक्षा विभाग ने अंतर-जनपदीय तबादलों के लिए केवल 15 जिलों का विकल्प दिया, जबकि 60 अन्य जिलों में तबादले के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किए गए। इससे उन शिक्षकों में निराशा फैल गई, जो अपने गृह जनपद या परिवार के नजदीक किसी विशेष जिले में जाना चाहते थे। विभाग ने यह तर्क दिया कि इन 15 जिलों में शिक्षकों की कमी है, और इसलिए प्राथमिकता इन्हीं जिलों को दी गई। लेकिन शिक्षकों का कहना था कि यह फैसला एकतरफा था और उनकी व्यक्तिगत जरूरतों को नजरअंदाज किया गया। कुछ शिक्षकों ने तो यह भी आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई है। यही वजह है तबादला सूची जारी होने के बाद भी शिक्षकों की परेशानियां कम नहीं हुईं।

कई शिक्षकों को उनके द्वारा चुने गए विकल्पों से अलग जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया। कुछ मामलों में, शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में भेजा गया, जहां बुनियादी सुविधाएं, जैसे कि बिजली, पानी, या शौचालय, भी उपलब्ध नहीं थे। इससे खासकर महिला शिक्षकों को ज्यादा परेशानी हुई, क्योंकि उनके लिए नए स्थान पर रहना और काम करना असुरक्षित था। इसके अलावा, तबादले के बाद भी कई शिक्षकों को रिलीव नहीं किया गया। उदाहरण के लिए, एक शिक्षक का तबादला पीलीभीत के एक प्राथमिक विद्यालय में हुआ, लेकिन उनके मूल स्कूल ने उन्हें छोड़ने से इनकार कर दिया, जिससे वे न तो नए स्कूल में जॉइन कर सके और न ही पुराने स्कूल में नियमित रूप से काम कर पाए।

तबादलों के दौरान वेतन संबंधी समस्याएं भी शिक्षकों के लिए सिरदर्द बनीं। तबादले के बाद कई शिक्षकों की मानव संपदा आईडी और लास्ट पे सर्टिफिकेट (एलपीसी) ट्रांसफर नहीं हुए, जिसके कारण उनका जून 2025 का वेतन रुक गया। यह समस्या खासकर उन शिक्षकों के लिए गंभीर थी, जो आर्थिक रूप से कमजोर थे और परिवार का खर्च चलाने के लिए वेतन पर निर्भर थे। शिक्षकों ने इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी अपनी नाराजगी जताई, और कई ने बेसिक शिक्षा परिषद से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं मिला, जिससे शिक्षकों का गुस्सा और बढ़ गया। प्रशासनिक स्तर पर भी तबादलों में कई अनियमितताएं देखी गईं। कुछ शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोग अपने रसूख का इस्तेमाल कर मनचाहे स्थानों पर तबादला करवा रहे थे, जबकि सामान्य शिक्षकों को अनदेखा किया जा रहा था। इसके अलावा, तबादला प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी ने भी शिक्षकों का भरोसा तोड़ा। कई शिक्षकों को यह समझ नहीं आया कि उनकी प्राथमिकता के बावजूद उन्हें दूसरा जिला क्यों मिला। कुछ शिक्षकों ने तो यह भी कहा कि तबादला सूची में उनके नाम ही गायब थे, जबकि उन्होंने समय पर आवेदन किया था। इसके अलावा, सरकार के हाल के फैसले ने भी शिक्षकों को और परेशान कर दिया क्योंकि एक तरफ शिक्षकों के तबादले खोले गये तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग में तबादलों पर अस्थायी रोक लगा दी गई। इसका कारण स्कूल चलो अभियान और अन्य विभागीय कार्यों को सुचारू रूप से चलाना बताया गया। शिक्षकों का कहना था कि यह रोक उनके साथ नाइंसाफी है, क्योंकि तबादला प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी और कई शिक्षक नए स्कूलों में जॉइन करने की तैयारी कर रहे थे। इस रोक ने उन शिक्षकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, जो अपने परिवार के करीब जाने का सपना देख रहे थे। अधिकांश शिक्षकों का कहना है कि योगी सरकार की तबादला नीति से उन्हें सुविधा कम दुविधा जैसा हो रही है।

शिक्षकों की इन परेशानियों ने बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। एक ओर, सरकार ने तबादलों को पारदर्शी और शिक्षक हित में बताया, लेकिन दूसरी ओर, तकनीकी खामियां, सीमित विकल्प, और प्रशासनिक अनियमितताओं ने इस प्रक्रिया को जटिल बना दिया। शिक्षकों का कहना है कि अगर विभाग ने पहले से तैयारी की होती, तो ये समस्याएं नहीं आतीं। कई शिक्षकों ने तो यह भी मांग की है कि तबादला प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। बहरहाल, तबादला चाहने वाले शिक्षक अभी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उनकी परेशानियां जल्द दूर होंगी।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

### तबादला प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी

सरकार ने 24 मई 2025 को नई तबादला नीति जारी की, जिसमें 5 साल की न्यूनतम सेवा अवधि की बाध्यता हटा दी गई। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक शिक्षकों को तबादले का अवसर देना था, खासकर उन नए शिक्षकों को जो 68500 और 69000 सहायक अध्यापक भर्ती में चयनित हुए थे। विभाग का दावा है कि इस नीति से 6 लाख से अधिक शिक्षक लाभान्वित होंगे। वहीं तबादला प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना था कि शिक्षकों की तबादला प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जैसे ऑनलाइन आवेदन, सेवा अवधि की बाध्यता हटाना, और आवेदन तारीख बढ़ाना आदि शमिल है। हालांकि, तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियों के कारण कुछ समस्याएं आई हैं, जिन्हें हल करने के लिए विभाग काम कर रहा है। तबादलों पर अस्थायी रोक को सरकार ने विभागीय कार्यों की प्राथमिकता के रूप में उचित ठहराया है। शिक्षकों की शिकायतों के बावजूद, सरकार का दावा है कि यह प्रक्रिया उनके हित में है और जल्द ही बाकी मुद्दों का समाधान कर लिया जाएगा।

### खाली पड़े हैं 85152 सहायक अध्यापक पद

उत्तर प्रदेश सरकार ने 06 फरवरी में बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बताया था कि राज्य में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85152 पद रिक्त हैं। हालांकि, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को मिलाकर छात्र-शिक्षक का अनुपात पूरा है और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं है। विभाग में शिक्षा मित्र, अनुदेशक और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 6,28,915 है। संचालित प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85152 पद रिक्त हैं। प्रदेश के परिषदीय प्राइमरी स्कूलों में कुल 4,59,450 शिक्षक हैं। इनमें 3,38,590 प्राइमरी में है जबकि 1,20, 860 शिक्षक अपर प्राइमरी स्कूलों में है। इसी प्रकार से प्राइमरी स्कूलों की संख्या 1,11614 हैं जबकि अपर प्राइमरी स्कूल 45,651 है।

विचार

# डूंगरपुर के लोक में बसा बालिका कालीबाई का बलिदान

रमेश शर्मा

यह घटना उन दिनों की है जब अंग्रेजों ने भारत से जाने की घोषणा कर दी थी और भारत विभाजन की प्रकिया भी आरंभ हो गई थी। लेकिन अंग्रेज जाते जाते कुछ ऐसा करके जाना चाहते थे चर्च की जमाशट पर कोई अंतर न आये और न उनकी कोई सांस्कृतिक परंपरा प्रभावित हो। इसके लिये उनके कुछ स्लीपर सेल सक्रिय थे जो देशभर में काम रहे थे। इसी षड्यंत्र में इस बालिका का बलिदान हुआ।

कालीबाई एक तेरह वर्षीय वनवासी बालिका थी। यह राजस्थान के डूंगरपुर जिले के वनांचल की रहने वाली थी। कालीबाई का जन्म कब हुआ इसका इसका उल्लेख कहीं नहीं मिलता। अनुमानतः कालीबाई का जन्म जून 1934 माना गया। अंग्रेजीकाल में चर्च ने वनवासी अंचलों में अपने विद्यालय आरंभ करने का अभियान चलाया हुआ था। जिनका उद्देश्य वनवासी समाज को उनके मूल से दूर करना था। उनकी शिक्षा की शैली कुछ ऐसी थी कि वनवासी क्षेत्र में मतान्तरण तेजी से होने लगा था।

उस समय के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सामाजिक सांस्कृतिक संगठन इसके लिये चिंतित थे। विशेषकर ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जो आर्यसमाज या राम-कृष्ण मिशन से जुड़े हुये थे उनमें यह भाव अधिक प्रबल था। राजस्थान में स्वामी दयानन्द सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के बहुत प्रवास हुये थे इसलिये राजस्थान क्षेत्र में इन दोनों संस्थाओं का प्रभाव था। सुप्रसिद्ध स्वाधीनता सेनानी नानाभाई खांट आर्यसमाज से जुड़े थे। उन्होंने डूंगरपुर जिले के रास्तापाल गांव में एक विद्यालय आरंभ किया।




विद्यालय में वनवासी बच्चों की शिक्षा का प्रबंध किया गया था। विद्यालय में उस समय की आधुनिक शिक्षा तो दी जाती थी पर भारतीय गुरु शिष्य परंपरा को भी जीवंत किया था।

विद्यालय ने शाम को एक प्रार्थना सभा का आरंभ भी किया। जिसमें वनवासी परिवार भी आने लगे। इस विद्यालय में मुख्य शिक्षक सेंगाभाई थे। वनवासी बालिका कालीबाई भी यहां पढ़ने आती थी। यह भील समाज से संबंधित थी। उसकी आयु अनुमानित तेरह वर्ष थी। यह क्षेत्र डूंगरपुर रियासत के अंतर्गत आता था। आर्यसमाज ने विद्यालय आरंभ करने की अनुमति महारावल डूंगरपुर से ले ली थी। इस क्षेत्र में एक चर्च भी सक्रिय था। इस विद्यालय और उसकी गतिविधि से वनवासी समाज चर्च से दूर होने लगा।

चर्च को आपत्ति हुई। चर्च ने कमिश्नर को शिकायत की। अंग्रेजों ने भले भारत से जाने की घोषणा कर दी थी पर उनकी पूरी प्रशासनिक व्यवस्था और रियासतों पर रुतबा कम न हुआ था। शिकायत मिलते ही कमिश्नर ने डूंगरपुर के महारावल पर दबाब बनाया और विद्यालय बंद करने के आदेश हो गये। आदेश मिलते ही नानाभाई ने विद्यालय तो यथावत रखा और उन्होने महाराज से मिलने का प्रयास किया लेकिन अनुमति न मिली। मिलने का समय टाला गया। नानभाई को आशा थी महाराज से मिलने के बाद अनुमति यथावत हो जायेगी, इसलिये विद्यालय बंद न हुआ। वे यह भी जानते थे कि अंग्रेज तो जाने वाले हैं। तब चर्च और अंग्रेज अधिकारियों के आगे क्यों झुकना। उनके इनकार करने से अधिकारी बौखला गये।

भारी पुलिस बल के साथ अधिकारी विद्यालय पहुंचे। वे ताला लगाकर विद्यालय सील करना चाहते थे। किन्तु शिक्षक सेंगाभाई ने विद्यालय के द्वार पर खड़े होकर रास्ता रोकना चाहा। पुलिस ने पकड़ कर किनारे किया और विद्यालय पर ताला लगा दिया। शिक्षक सेंगाभाई को रस्सी से गाड़ी के पीछे बांध दिया गया। गाड़ी रवाना हुई तो शिक्षक सेंगाभाई घसीटते हुये जा रहे थे। उनका पूरा शरीर लहूलुहान हो गया। रास्ते में कालीबाई खेत में काम कर रही थी। उसने देखा कि उनके गुरु को पुलिस गाड़ी में पीछे बांधकर घसीटते हुये लेकर जा रही है।

कालीबाई के हाथ में हंसिया था। वह हंसिया लेकर दौड़ी और रस्सी काट दी। पुलिस इससे और बौखला गई। पुलिस ने गोलियां चला दीं। पुलिस की गोली से कालीबाई का शरीर छलनी हो गया। गोली की आवाज सुनकर भील समाज एकत्र हो गया। सबने शिक्षक की दुर्दशा और अपनी बेटी का शव देखा। पूरा भील समाज आक्रोशित हो गया और पुलिस दोनों को छोड़कर भाग गई।

कालीबाई का बलिदान मौके पर ही हो गया था। यह घटना 19 जून 1947 की बताई जाती है। सेंगाभाई इतने घायल हो गये थे कि रात में उनका भी प्राणांत हो गया। अगले दिन 20 जून को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। गुरु के प्राण बचाने के लिये बालिका कालीबाई का बलिदान इतिहास की पुस्तकों में आज भी लोकगीतों के रूप में दर्ज है। स्वतंत्रता के बाद उस स्थान पर एक पार्क बनाया गया है। इस पार्क में कालीबाई की प्रतिमा भी स्थापित है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

साहित्य



## न पूछे उनका पता हो गए लापता..!

**संजय एम तराणेकर**

इंद्रायणी नदी में देखने आए नजारा,
न पूछे उनका पता हो गए लापता।
पुणे के मावल - कुंडमाला इलाके में,
हादसा कईयों को बहा गया घापे में।
यहाँ तीस साल पुराना पुल ढह गया,
सौभाग्शाली रहा जो ज़िन्दा रह गया।

इंद्रायणी नदी में देखने आए नजारा,
न पूछे उनका पता हो गए लापता।
भारी बारिश एवं तेज था जल प्रवाह,
वीडियो बनानेवाले बनते खुदागवाह।
उस वक्त 100 लोग पुल पर मौजूद,
क्या पता इनमें किसका रहा वजूद।

इंद्रायणी नदी में देखने आए नजारा,
न पूछे उनका पता हो गए लापता।
जर्जर पुल पे ही क्यों वीकेंड मनाना,
शासन ने बंद रखा यहां आना-जाना।
30 साल पुराना लोहा कितना चलता,
नदी का बहाव हर साल खूब गलता।



## राशिफल

**मेष:-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**वृषभ:-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

**कन्या:-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनु:-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें।

**मकर:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीन:-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# चेतना के दो रूप हैं कैलाश और केदार

कैलाशी पीयूष शर्मा

हर साल जून का महीना उत्तराखंड त्रासदी के जख्म हरे कर जाता है। 16 जून 2013- यह एक ऐसा कालखंड है, जिसे स्मरण करते ही हिमालय की शांत घाटियां सिसकियां भरती प्रतीत होती हैं और पवित्र नदियां अपने प्रवाह में एक गहरी वेदना लेकर बहती हैं। उत्तराखंड की इस त्रासदी ने हजारों श्रद्धालुओं, यात्रियों, ग्रामीणों और जीवन से भरे घाटियों को चिर शांति में लीन कर दिया। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं थी, यह उस चेतावनी का रूप थी जिसे प्रकृति ने हमें चेतने के लिए भेजा था।

मैं स्वयं उस समय कैलाश मानसरोवर यात्रा पर था। यह यात्रा उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल से होकर निकलती है-अल्मोड़ा, धारचूला, नारायण स्वामी आश्रम से होते हुए भारत-नेपाल की सीमा रेखा काली नदी के किनारे-किनारे चलते हुए यात्री लिपुलेख दर्रे को पार कर तिब्बत (अब चीन-शासित क्षेत्र) की ओर बढ़ते हैं, जहां श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के पावन धाम कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन के साथ परिक्रमा लगाते हैं फिर ब्रह्मा जी के मानस से निर्मित पवित्र मानसरोवर झील में स्नान कर हवन-पूजन कर अपने आप को धन्य अनुभव करते है।

किंतु उसी समय 15 जून की रात्रि से ही गढ़वाल मंडल की केदार घाटी में भीषण त्रासदी प्रकट हो रही थी। मूसलधार बारिश, बादल फटने और भूस्खलनों ने वहां का पूरा जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। हजारों श्रद्धालु असमय काल के ग्रास बने। असंख्य परिवार उजड़ गए। और उस तीर्थभूमि ने रक्त और आंसू का ऐसा संगम देखा, जिसे कोई शब्द पूर्णतः व्यक्त नहीं कर सकता।

हमारा जत्था हिमालय की ऊंचाइयों में था। मौसम की मार से रास्ते बंद हो गए थे। संपर्क कट चुका था और आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति भी बाधित हो चुकी थी। बाद में वायुसेना के वीरों ने हमें हेलीकॉप्टरों से सुरक्षित निकाला। लेकिन उस संकट की घड़ी में, पूज्य गुरुजी की एक सीख गूंजती रही- पहाड़ पर पहाड़ जैसे रहना, जैसा वह रखे वैसा रहना। इसने हमें संयम, श्रद्धा और संकल्प के साथ परिस्थिति को स्वीकारने और आनंद के साथ जीने की शक्ति दी।

कैलाश यात्रा अपने आप में केवल एक तीर्थयात्रा नहीं है-यह आत्मा की यात्रा है। यह रोमांच से अधिक आत्मसमर्पण की यात्रा है। जहां सांसें थम जाती हैं, वहीं ध्यान जागता है। हिमालय की गोद में शिव स्वयं उपस्थित हैं-वटवृक्ष नहीं, ऊंचे पर्वत ही उनके आसन हैं। यहां मनुष्य को अपने सबसे सूक्ष्म रूप में अपने आप से साक्षात्कार होता है।

उत्तराखंड की संस्कृति हिमालय जितनी ही ऊंची और नदियों जितनी ही गहराई लिए होती है। यहां के गांवों में लोकगीतों में शिव बसते हैं, और यहां की स्त्रियां दुर्गा की तरह श्रमशील और शक्तिशाली होती हैं। यहां के बच्चे भी गाय-भेड़ें चराते हुए नंदा देवी की कहानी सुनाते हैं। यह केवल भौगोलिक भूमि



नहीं, यह देवभूमि है-जहां प्रकृति और परमात्मा दोनों का साक्षात्कार होता है।

2013 की आपदा ने हमें यह सिखाया कि प्रकृति के साथ संतुलन ही उत्तर है। यदि हमने अपने पहाड़ों को, नदियों को, और पर्वतीय जीवनशैली को नहीं समझा, तो यह सौंदर्य विनाश का कारण बन सकता है। आज हम उन सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जो केदार घाटी की त्रासदी में कालवश हो गए। वे तीर्थ यात्री नहीं, हमारे सनातन विश्वास के वीर सैनिक थे, जिन्होंने परम पथ की ओर यात्रा करते हुए देह का त्याग किया।

और साथ ही, यह भी प्रण लें कि हिमालय की गोद में बसे इस प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखें। विकास के नाम पर विनाश की राह न चुनें। यात्राओं को श्रद्धा और संयम से करें। पर्यावरण के नियमों और स्थानीय संस्कृति के साथ समन्वय बनाकर आगे बढ़ें। कैलाश और केदार दोनों एक ही चेतना के दो रूप हैं। एक मौन तपस्या है, दूसरा प्रकट करुणा। और दोनों हमें यही सिखाते हैं-जो गया है, वह भी शिव में लीन हुआ है। और जो बचा है, वह भी शिव की इच्छा से ही बचा है। नमः शिवाय। शांति! शांति!! शांति!!!

दुर्भाग्य से केदारनाथ त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान 12 साल बाद भी रहस्य बनी हुई है। बड़ा रहस्य उन 702 लोगों की पहचान का है, जिनके डीएनए नमूनों की रिपोर्ट पुलिस के पास है। आपदा में लापता हुए अपनों की पहचान के लिए 6000 से अधिक लोगों ने अपने डीएनए नमूने लैब को दिए थे। इनमें से भी इन 702 लोगों की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में अब इन डीएनए नमूनों का अपनों के लिए इंतजार बढ़ता जा रहा है।

भारत में सदी की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक 2013 केदारनाथ त्रासदी में देश के हजारों परिवारों ने अपनों को खोया था। पुलिस ने कई हजार लोगों को बचाया भी था, लेकिन केदार घाटी और आसपास के इलाकों में वर्षों तक शव और उनके हिस्से पुलिस को मिलते रहे हैं। सैकड़ों शवों और कंकालों का पुलिस ने ही अंतिम संस्कार कराया था। आज भी कहीं-कहीं कंकाल और अवशेष मिलते रहते हैं।

*(लेखक, धर्म और आस्था के केंद्रों के यायावर हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**

# जमीन विवाद में बाईपास यमुना नदी का पुल निर्माण व लोगों की उम्मीदे फंसी

- लोनिवि, वन विभाग व सेतु निगम एक-दूसरे के पाले में गेंद डालकर जिम्मेदारी से होना चाहते है मुक्त, क्षेत्रीय जनता ने जनप्रतिनिधियों को कोसना शुरु किया





**विनोद शुक्ला**

**हमीरपुर।** सप्ताह में दो दिन शनिवार व रविवार को यमुना पुल बंद होने व यमुना व बेतवा नदी में करोड़ो रुपये की लागत से निर्मित हो रहे बाईपास पुलों में आ रही जमीन विवाद में न केवल पुलों का निर्माण बल्कि अर्से से लोगो की उम्मीदे फंस कर रह गयी है। केवल पांच सौ मीटर जमीन विवाद को कमिश्नरी कोर्ट में पैरवी करने के लिये वन विभाग, सेतु निगम व लोनिवि एक दूसरे के पाले में गेंद डालकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते है। लिहाजा क्षेत्रीय जनता जनप्रतिनिधियों को कोस रही है। जानकारी के मुताबिक यमुना व बेतवा नदी में बाई पास पुलों के निर्माण होने से लोगों की खुशी का ठिकाना नही रहा था लोगों को एक आशा की किरण मिल गयी थी कि अब रोड दुर्घटना व जाम से निजात मिल जायेगी मगर पांच सौ मीटर बन विभाग की जमीन ने लोगो की सारी खुशिया छीन ली है। बेतवा नदी में पुल मे छत डालने का काम तेजी से पूरा होने की ओर है मगर यमुना नदी में विवादित जमीन होने के कारण छत डालने का काम रुका हुआ है। वन विभाग का कहना है कि यह जमीन उनकी है इस पर शासन के विना एनओसी के कोई निर्माण नहीं हो सकता है, हालाकि वन विभाग के डीएफओ अनिल श्रीवास्तव का कहना है कि मामला पांच सौ मीटर का नही है यह तीन हेक्टेअर का है। डीएफओ का कहना है कि इस मामले को लोनिवि को बन विभाग के पोर्टल में डालकर मामले को बन विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराना चाहिये मगर उन्होने कुछ नही किया लिहाजा मामला ज्यो का त्यो बना हुआ है। वहीं लोनिवि के एक्शियन डीपी वर्मा का कहना है कि जब व कोर्ट केस में पार्टी नही है तो उनको पैरवी करने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक दिलीप कुमार का कहना है कि वह केवल कार्यदायी संस्था है जमीन मिलने पर वह पुल बनाकर खडा कर देगे पैरवी करने का काम लोनिवि को है। वही लोनिवि के अधी. अभियंता(एसई) सुधीर कांत का कहना है कि पार्टी नही है मगर इसकी जानकारी करते रहते है। हालाकि जिलाधिकारी ने सभी विभागों को बुलाकर एक बैठक भी कर चुके है मगर समस्या का कोई निदान नही निकला है। लिहाजा क्षेत्रीय जनता को वही जाम वही रोड दुर्घटना का दंश झेलना पड रहा है,लोगो का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि चाहते तो मामले को सुलटाया जा सकता है लोग जनप्रतिनिधियों को कोसना शुरु कर दिया है दो दिन यमुना नदी पुल बंद होने से लोग सिहर उठते है यदि कोई इमरजेंसी में कही जाना पड जाये तो केवल भगवान भरोसे ही लोग यात्रा कर पायेंगे।

### क्या बोले जनप्रतिनिधि

**हमीरपुर।** इस मामले में भाजपा के राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद का कहना है कि इस मामले में उच्चाधिकारियों से बराबर संपर्क किया जा रहा है समस्या का हल शीघ्र होगा, मगर टूटे पुल से यात्रा करना भी खतरे से खाली नही है इसलिये दो दिन के लिये आवागमन बंद किया गया है,जनता को धैर्य बनाये रखना चाहिये। नगर पालिका हमीरपुर के भाजपा चेयरमैन कुलदीप निषाद का कहना है कि वह शीघ्र ही इस मामले में मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं का जिक्र करेंगे, जमीनी विवाद हर हाल में निपटाया जायेगा ताकि पुलों का निर्माण हो सके और जनता को राहत मिल सके। हमीरपुर महोवा के सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी का कहना है कि इस मामले में उन्हे कोई जानकारी नहीं है जानकारी करेंगे।

## सड़क किनारे खड़े पति को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर गंभीर

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सड़क किनारे खड़े पति को टक्कर मारकर भागे ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़कर थाने में खड़ा कराया है घटना 5 जून की है। थाना क्षेत्र के मुण्डेरा गांव के निवासी सीमा ने बताया कि गत 5 जून को पति जितेंद्र सड़क किनारे खड़े थे वह दरवाजे पर बैठी थी तभी सुबह करीब 9:00 बजे एक ट्रैक्टर चालक विनेश निवासी सिसोलर तेजी से ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और पति को टक्कर मार कर सिसोलर की तरफ भाग गया। सूचना पर सिसोलर पुलिस ने ट्रैक्टर को पकड़कर के थाने में खड़ा कराया है। पति का उपचार कानपुर में चल रहा है और वह कोमा में हैं। पुलिस ने पत्नी के तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## खबरें एक नजर में

### पुत्र की पिटाई से पिता की उपचार के दौरान मौत, पुलिस ने कहा होगी कार्रवाई

**मौदहा, हमीरपुर।** पांच दिन बाद जिंदगी मौत से जूझते पिता की मौत हो गई बीते सोमवार को कलयुगी पुत्र ने अपने पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस के मुताबिक मौदहा कस्वा निवासी हमीद खा उर्फ लल्लू पठान पुत्र रमजानी बीते रात पुत्र राजू से किसी बात को लेकर तू-तू मैं-मैं हो गई जिससे आक्रोशित पुत्र ने पिता के ऊपर ताबड़ तोड़ लाठी डंडा से हमला कर दिया जिससे पिता लहू लुहान होकर गिर गया आनंन.फ़ानन मोहल्ला वासियों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया पांच दिन उपरांत पिता जीवन और मौत से जूझते हुए अंतिम सांस ली। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### ई रिक्शा की टक्कर से बाईक सवार गंभीर

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** फैक्टरी एरिया की तरफ से आ रहे बाइक सवार युवक को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फतेहपुर निवासी कृष्णा (24) कस्बे में बाबा कंस्ट्रक्शन के यहां काम करता है।रात करीब 9:00 बजे यह फैक्टरी एरिया से कस्बे की ओर आ रहा था। तभी पुलिस चौकी के पास रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने इसे पीएचसी भेजा। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से हाईटेंशन लाइन का खम्भा गिरा, टला हादसा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पत्योरा ग्राम के मजरा मुच्छीताला में बीच बस्ती रोड किनारे एचटी लाइन के पोल में रखा ट्रांसफार्मर पोल समेत ट्रैक्टर की टक्कर से धराशाई हो गया। इस घटना से रोड किनारे बैठे कई लोग बाल बाल बच गए व पास के घरों में हड़कंप मच गया। गनीमत थी की घटना से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। मजरे के रामकरण निषाद, लखन, छोटू, बद्री, मनीराम, राजेश, छोटट्न सुखलाल आदि ने बताया जर्जर पोल बदलने को पहले भी विभाग को सूचना दी जा चुकी है। लेकिन कुछ नही हुआ। गुरुवार को खेत में गोबर की खाद, पांस डालने जाते समय एक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से जर्जर पोल तीन टुकडों में धराशाई हो गया। साथ ही ट्रांसफार्मर भी गिर गया जिसका तेल रोड में बह गया। जिसे मजरे के लोग बोतलों आदि में भरने को उमड़ पड़े। लोगों ने बताया पोल गिरने पर लगा की बड़ा हादसा हो गया। लेकिन ईश्वर की कृपा से लोग बाल बाल बच गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत आठ घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित आठ घायल सभी घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तीन घायलों की हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात मवइया गांव निवासी उमाकांत 24 वर्ष पुत्र चंद्रभान साथ में बाइक सवार शैलेंद्र पुत्र रमाशंकर कस्बे से गांव की ओर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग में बाइक का संतुलन खो देने पर सड़क किनारे गिर घायल हो गए दोनों घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार गुरुवार की दोपहर दो बाइकों की आपसी टक्कर से छः लोग घायल हो गए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जिसमें प्रमोद पुत्र मंशाराम राठ निवासी मुकेश पुत्र कामता प्रसाद ईगोहटा एहिमांशु पुत्र मुकेश शमी पुत्र मुकेश, इंगोहटा निवासी, विद्या देवी पत्नी संतराम बंटू पुत्र संतराम करगांव निवासी घायल हो गए सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के उपरांत प्रमोद की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### गाली-गलौज किया

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के अंबे पैलेस पठानपुरा मोहल्ला निवासी यशोदा पत्नी रामवरन प्रजापति ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब दस बजे मोहल्ले की महिला को कचड़ा डालने से मना किया तो वह गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर दंपति मारने के लिए उतारू हो गए। आरोप लगाया कि पुत्र को फर्जी फंसाने की धमकी दे रहे हैं। जिससे वह परेशान हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### महिलाओं ने पुलिस से मागा न्याय, जेसीवी मशीन से चबूतरा तोड़ा

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के मल्हौवा गांव में पिता पुत्र से परेशान दर्जनों महिलाओं सहित ग्रामीणों ने कोतवाली में एकत्रित होकर पिता पुत्र के विरुद्ध तहरीर देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। मल्हौवा गांव निवासी हीरा ज्ञानवती रामदेवी बडी कला उमा देशरानी मनीराम सहित अन्य तमाम लोगों ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति और उसका पिता सभी लोगों के साथ गाली गलौज कर उन्हें प्रताड़ित करता रहता है। वह सभी लोग अपने.अपने घरों के पास खाली पड़ी जगह का उपयोग बीते कई वर्षों से करते आ रहे हैं। बताया कि उक्त पिता पुत्र अब जगह को अपनी जगह बात कर कब्जा करना चाहते हैं। बताया कि उक्त पिता पुत्र ने गुरुवार को गांव की पानवती पत्नी नारायण का चबूतरा भी जेसीबी मशीन से तोड़ दिया है। जिससे वह लोग अत्यधिक परेशान और भयभीत हैं। बताया कि कोतवाली में एकत्रित होकर मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### मानसून की पहली बारिश, गर्मी से मिली राहत

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में दोपहर बाद आसमान में छाए बादल तथा एक घंटे तक बारिश होती रही। मानसून की पहली बरसात होने से गर्मी से राहत मिली। तथा खरीफ फसलों का कार्य भी शुरू होगा। दोपहर बाद चार बजे से आसमान में छाए बादल तथा हवा के साथ बरसात हुई। पानी बरसने से लोगो को गर्मी से राहत मिली। मानसून की बरसात से किसानों द्वारा खेतों की जुताई का कार्य शुरू होगा। तथा खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य भी शुरू होगा। देर शाम भी बरसात हुई। बरसात होने से मौसम ठंडा हो गया। उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत



**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा में शाम चार बजे बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर परिजन महिला को लेकर जिला अस्पताल गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।क्षेत्र के हरेहटा गांव निवासी महिला मीरा प्रजापति 45 वर्ष पत्नी मदन लाल प्रजापति खेतों की तरफ अपने पशु लेकर चराने गई थी। तीन बजे के बाद शुरू हुई बरसात से तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। चरवाहों की सूचना पर परिजन मौके पर गए। तथा घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। गांव में इस घटना से शोक का माहौल है।

## पत्नी ने पति को बुलाकर मायके में पीटा, पति ने एसपी से लगाई गुहार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मायके में रह रही पत्नी ने दिल्ली से लौटे पति को बहाने से बुलाकर परिजनों संग लाठी-डंडों से पीट डाला। लहूलुहान हालत में किसी तरह भागे पीड़ित ने एसपी को पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है।

अम्बेडकर नगर नौबस्ता निवासी अभिषेक का विवाह इंगोहटा गांव की रोशनी से तीन वर्ष पूर्व हुआ था। बीते दस माह से पत्नी मायके में रह रही थी। रोशनी ने दिल्ली चलने का बहाना बनाकर पति अभिषेक को मायके बुलाया और वहां अपने पिता, मां व भाई के साथ मिलकर मारपीट की। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर अभिषेक ने एसपी को पत्र सौंप ससुरालियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## दबंग ने मारपीट कर गाली-गलौज की, पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी रामप्यारी पत्नी झग्गु ने कोतवाली में बताया कि मंगलवार को गाँव में ही मनरेगा योजना में मजदूरी करने चिनौटी नाला गए थे। जहाँ सुबह ग्राम प्रधान अब्दुल्ला खां आया और मेरे पति से बहस करने लगा और गाली गलौज करने लगा विरोध करने में मेरे पति को मारा व इतनी जोर से धक्का मारा कि जमीन पर गिर गया उसको बचाने के लिए जब मैं गयी तो प्रधान में मुझे गाली देते हुए मेरी छाती में हाथ लगते हुए मुझे पीछे की तरफ धकेल दिया और अश्लील गाली देने लगा कि ज्यादा दिमाग खराब है क्या अभी यही फाड़ दूँ मेरी बेज्जती करने के बाद वो वहां से चला गया इस घटना की जानकारी मैंने 112 न. पर दी और उसके बाद मैं थाने आ गयी। वहीं प्रधान अब्दुल्ला ने बताया कि मंगलवार को मनरेगा योजना में गाँव के बाहर जलरोकबन्ध का काम चल रहा था काम देखने गया वहां देखा कि झग्गू मजदूरों के साथ काम नहीं कर रहा था पास लगे आम के पेड़ से आम तोड़ रहा था मुझे देख वह काम में आ गया और मुझसे बहस करने लगा झग्गू की पत्नी से कोई बात नहीं हुई है ये मारपीट और छेड़खानी की बात फर्जी है स वही कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया मदारपुर की मनरेगा मजदूर की तहरीर मिलीं है जांच कर कारवाही की जायेगी।

## नई मोटर डालकर जलापूर्ति शुरू कराने की कवायद जारी

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चार दिन से खराब पड़े रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगे नलकूप संख्या 4 में जल संस्थान ने गुरुवार को नई मोटर डालकर शाम तक आपूर्ति बहाल करने की जद्दोजहद शुरू की है। पिछले चार दिनों से जलापूर्ति ठप होने के कारण वार्ड संख्या 14 एवं 7 के वाशिंदे परेशान है। करीब 5000 की आबादी एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान है।

बांदा मार्ग के किनारे रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगा जल संस्थान का नलकूप संख्या 4 पिछले 4 दिनों से मोटर फूंक जाने से बंद है। बुधवार को जल संस्थान ने मोटर को खुलवाकर मरम्मत के लिए वर्कशाप भेजी थी लेकिन समय से मोटर नहीं बनने के कारण गुरुवार को समस्या को मद्देनजर रखकर मुख्यालय से नई मोटर मंगाकर जलापूर्ति शुरू कराने की जद्दोजहद शुरू की गई है। जल संस्थान के अवर अभियंता वीपी सिंह ने बताया की नई मोटर डाली जा रही है शाम तक इसको चालू कराकर आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

# सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी निलंबित

- प्रेस वार्ता कर डीएम पर जातीय उत्पीड़न का लगाया आरोप

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के बीच लम्बे समय से जारी विवाद के बीच आज सीएमओ को आयुष भर्ती में अनियमितताएं का आरोप लगाया कर निलम्बित कर दिया गया, सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के निलंबन आदेश आनें के बाद लगता था कि बिवाद का अन्त हो जायेगा, लेकिन विवाद और गहराता लग रहा है, निलंबन आदेश आते ही सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी ने प्रेस वार्ता का डीएम पर जातिय उत्पीड़न करने जैसे आरोप के साथ पैसे मांगने का भी आरोप लगाया है, मालुम हो कि विवाद के बीच कुछ दिन पहले एक ऑडियो वायरल हुआ था जो आग में घी डालने जैसा काम किया था, डीएम की कार्यशैली को लेकर दो ऑडियो सामने आए थे इसमें डीएम के बारे में कहा गया है कि यूपी के 75 जिलों में से यही एक ऐसा डीएम है जो ढेल बजा रहा है, मैंने आज तक ऐसा डीएम देखा ही नहीं। जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच में विवादों का सिलसिला यहीं से जारी हुआ है। सूत्रों के अनुसार ऐसे आरोप है और ऐसा दावा किया जा रहा है की यह दोनों ऑडियो सीएमओ डॉ हरीदत नेमी के हैं। जबकि वायरल ऑडियो को लेकर सीएमओ ने इनकार किया था, उन्होंने कहा था कि ऑडियो में मेरी आवाज नहीं है, उधर कानपुर डीएम ने सीएम समीक्षा बैठक से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ को बाहर कर दिया, इसके बाद से विधान सभा अध्यक्ष सहित जिले के कई विधायकों ने डीएम व सीएमओ के पक्ष में पत्र लिखा था।

### डॉक्टर उदय नाथ सिंह बने सीएमओ कानपुर नगर

**घाटमपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरीदत्त नेमी को निलंबित कर दिया गया है। शासन ने तत्काल प्रभाव से श्रावस्ती के डॉक्टर उदयनाथ को नया सीएमओ नियुक्त किया है। डॉ हरीदत्त नेमी करीब 6 महीने पहले ही पीलीभीत से स्थानांतरित होकर कानपुर आए थे। यह उनका इस पद पर पहला कार्यकाल था। शुरुआत से ही उनका कार्यकाल विवादों से रहा। शहर में कदम रखते के महज नौ दिनों में तीन डॉक्टरों के एक साथ तबादले कर दिए थे। तबादलों की इस तेजी पर जिलाधिकारी ने भी सवाल उठाते हुए पत्रावली मांगी थी।

### प्रिया बनीं घाटमपुर एसडीएम



**घाटमपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह बुधवार को देर शाम दो एसडीएम के तबादले के आदेश जारी किया। घाटमपुर में तैनात एसडीएम अभिचल प्रताप सिंह को सदर तहसील का प्रभार दिया गया है। वहीं सदर की एसडीएम ऋतु प्रिया घाटमपुर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को दोनों अधिकारियों ने अपने नए कार्य क्षेत्र में पदभार ग्रहण कर लिया है। इस तबादले से दोनों एसडीएम के कार्य क्षेत्र में बदलाव हो गया है।

## महिला ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



चिकासी थाने के रिहुंटा गांव में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका के भाई ने ससुरालियों पर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। रिहुंटा गांव निवासी 25 वर्षीय किरन पत्नी अरविंद ने गुरुवार की सुबह करीब दस बजे कमरे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के भाई नीरज निवासी खेड़ा शिलाजीत ने बताया कि 20 दिन पहले ही उसके पिता रामभजन बहन को ससुराल छोड़ने गए थे। उसके जीजा आए दिन शराब के नशे में बहन के साथ मारपीट कर उत्पीड़न करते थे। जिससे वह मायके में आ गई थी। आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उसकी बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है। मृतका अपने पीछे दो पुत्र 5 वर्षीय ऋभए एक वर्षीय रियान को रोता बिलखता छोड़ गई है। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## कहानी कहने की प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की करी गई पहल



**महोबा।** देहाती ग्राम उत्थान विकास समिति एवं एग्री रूरल गंगे ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत ग्राम सूपा में कहानीकारों और लोकगीतों का एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय लोगों, विशेषकर युवाओं में अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता और रुचि को प्रोत्साहित करना था इस आयोजन में गांव के कई वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम को जीवंत और सराहनीय बना दिया कार्यक्रम में देहाती ग्राम उत्थान विकास समिति से जिला समन्वयक हेमन्त कुमार तथा ग्राम समन्वयक श्री बाबू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहे।

## विजय सागर पक्षी बिहार में योग सप्ताह के पांचवें दिन कराया गया योगाभ्यास

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत विजय सागर पक्षी बिहार में योग सप्ताह के पांचवें दिन योगाभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक विकरण, सचिन गुप्ता एवं नीरेंद्र सिंह के द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराते हुए प्रत्येक अभ्यास की विधि, लाभ एवं सावधानियों से अवगत कराया गया। और कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल जरूर करें। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ ममता वर्मा, डॉ रामकिशोर, डॉ विकास कुमार, डॉ आदित्य मोहन अवस्थी, योग सहायक गिरीश कुमारी एवं उमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सामूहिक रूप से योगाभ्यास में शामिल होने के लिए योगाभ्यासियों से अपील की गई। कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास में समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, शरद तिवारी, राम सजीवन गुप्ता, हरिश्चन्द्र मिश्रा, मुलायम सिंह, राजेश सिंह, गोकरन प्रसाद, सुनील साहू, राम स्वरूप विश्वकर्मा, श्याम बिहारी निगम, अरुण गुप्ता, अरविन्द प्रजापति के साथ जनसमूह ने यौगिक क्रियाओं का लाभ उठाया। राजेश कुमार, यशपाल सिंह एवं जीतेन्द्र कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम आजमगढ़ द्वारा बदसलूकी करने पर इंजीनियर संगठन ने दिया धरना

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश इंजीनियर एसोसिएशन के तत्वाधान में सिंचाई प्रखंड के ब्रह्मा भवन कैंपस में जिलाधिकारी आजमगढ़ द्वारा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग आजमगढ़ के साथ बदसलूकी व जानलेवा हमला किए जाने के कारण समस्त इंजीनियरिंग संघ द्वारा हाथ में काली पट्टी बांधकर विशाल धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया एवं उन्होंने यह भी कहा कि यह धरना प्रदर्शन 7 दिन तक चलेगा द्य साथ ही जब तक अधिशासी अभियंता को न्याय नहीं मिलेगा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि ब्रह्मा भवन कैंपस में समस्त विभागों के इंजीनियरों द्वारा धरना देकर जिलाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि बीते 13 जून को रविंद्र कुमार द्वितीय डीएम आजमगढ़ द्वारा जनपद में तैनात सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता इं अरुण सचदेव को अपने आवास पर बुलाकर गाली गलौज की तथा जान से मारने की फिराक से डंडों से मारपीट की गई जिससे हुई उक्त घटना से देश और प्रदेश के अभियंताओं में आक्रोश व्याप्त है हुए घटना के संबंध में उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वितीय के विरुद्ध प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है द्य इंजीनियर संगठन ने ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा है कि जिलाधिकारी आजमगढ़ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए और वर्तमान जिलाधिकारी आजमगढ़ पूर्व में जहां जहां कार्यरत रहे हैं वही अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के प्रतिव्यवहार एवं आचरण ठीक नहीं रहा है जिससे उनके विरुद्ध उच्च स्तरीय समिति गठित करके तथात्मक जांच कराई जाए एवं अखिल भारतीय सेवाएं अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत अनुशासनात्मक जांच कर दंडित किया जाए। इसके अतिरिक्त विकास कार्यों की प्रभावी प्रगति के लिए संगठन ने यह भी मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित बैठकों में अभियंताओं को बुलाया जाए तथा बैठक की वीडियो ग्राफी भी कराई जाए प्रदेश के अभियंताओं द्वारा पूर्ण लगन निष्ठा के साथ विकास कार्यों में रुचि लेते हुए प्रदेश की जनता को जनहित के कार्यों का लाभ पहुंचाया जा रहा है परंतु प्रदेश के जिला अधिकारियों द्वारा अभियंताओं के उत्पीड़न व उनके पद की गरिमा को तार तार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है इस मौके पर अधिशासी अभियंता संजय प्रसाद

अधिशासी अभियंता अनिल कुमार पीडब्लूडी, सहायक अभियंता रश्मी श्रीवास, सतीश बुंदेलकर ,विकास शुक्ला ,पंकज यादव ,राजीव कुमार, नरेंद्र सिंह,शाश्वत राज ,सौरभ सिंह, वैभव मोहन दास, विकास कुमार महासचिव यूपीईए, विनय कुमार अध्यक्ष यूपीईए आदि समस्त सहायक अभियंता और अवर अभियंता सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग और समस्त अभियंत्रण विभाग के मौजूद रहे।

# नितिन गडकरी ने किया वाहन स्क्रैपिंग यूनिट का उद्घाटन

**स्क्रैपिंग यूनिट लखनऊ को स्वच्छ और हरित शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : दयाशंकर**

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



थाना मसौली क्षेत्र अतंर्गत न्योला करसंडा पर टाटा मोटर्स द्वारा स्थापित अत्याधुनिक वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी का वर्चुअल शुभारंभ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया। इस यूनिट का संचालन व्यवसायी राजेश कानन द्वारा किया जाएगा।

वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, ये फैसिलिटी राष्ट्रीय वाहन स्क्रैप नीति के तहत स्वच्छ और ईंधन-सक्षम वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम है। पुरानी गाड़ियों को वैज्ञानिक तरीके से डिस्मेंटल कर उपयोगी सामग्री रीसाइक्लिंग के लिए एकत्र की जाएगी। टाटा मोटर्स की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता सराहनीय है। यूनिट हर वर्ष 15,000 वाहनों को सुरक्षित तरीके से स्क्रैप करेगी, जबकि रायपुर की यूनिट की क्षमता 25,000 वाहनों की है। फैसिलिटी का संचालन मोटो स्क्रैपलैंड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा, यह स्क्रैपिंग यूनिट लखनऊ को स्वच्छ और हरित शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा हम रिसाइकिल विद रिस्पेक्ट पहल के तहत सस्टेनेबिलिटी को गति दे रहे हैं। पूरे देश में स्क्रैपिंग फैसिलिटीज के नेटवर्क के जरिए हम हर साल 1.75 लाख वाहन पर्यावरण-अनुकूल तरीके से स्क्रैप करेंगे। इस मौके पर विधायक नीरज बोरा, उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ राधेश्याम, संभागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या ऋतु सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवत सिंह यादव, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, मोटो स्क्रैपलैंड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हर्ष मोहन, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# एडीओ ने किया पंचायत भवनों का निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने क्षेत्र के विभिन्न पंचायत भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई अनियमितताएं सामने आईं।

पीठापुर पंचायत भवन अनुपयोगी स्थल पर होने के कारण सचिवालय का कार्य विद्यालय में चल रहा है। धुसड़िया, ददरौली भवानीपुर और पजरौली के पंचायत भवन बंद पाए गए। मौलाबाद में कार्य चल रहा था। भरथीपुर में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड कैंप देखा जहां पंचायत भवन की लाइट खराब मिली। ददरौली भवानीपुर में सामुदायिक शौचालय और आरसी सेंटर निष्क्रिय पाए गए। इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए केयर टेकर और सचिव का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने बताया कि फैमिली आईडी और आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य पंचायत भवनों में चल रहा है। जिसका निरीक्षण किया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत में व्यय बाउचर प्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने ने कहा कि सभी पंचायत सचिवों को कार्य में तेजी लाने के साथ ही पंचायत कार्यालय को समय से खोलने और उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए हैं।

## दिल को सकून मिलता है बुजुर्गों के आस्ताने पर : उमेर अंसारी

**जैदपुर, बाराबंकी।** बुजुर्गों के आस्ताने पर दिली शुकून मिलता है, जीवन को सही तरह से जीने की सीख हम सब को बुजुर्गों से ही मिलती है उक्त बाते भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष के पूर्व उम्मीदवार अबु उमेर अंसारी ने मोहल्ला रईस कटरा में हजरत सैयद कुदरतुल्ला रहमतुल्ला अलैह के उर्स के मौके कही। जहां कुल शरीफ का कार्यक्रम हुआ। मौके पर पहुंचे पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी अबू उमैर अंसारी ने चादर पोशी की। और उनका जोरदार स्वागत भी किया गया। मुशायरे की शुरुआत तिलावत-ए-कलाम पाक से की गयी। कार्यक्रम में शायर इब्ने वफा बसर और उस्ताद मोहम्मद अरमान सिद्दीकी सहित कई शायरों ने नातें और मंकबतें पेश कीं। और देर रात तक दादों तारीफ की बौछार होती रही।

# सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों : डीएम

**जिला जज, डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से किया जिला कारागार का निरीक्षण**

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सीजेएम सुधा सिंह, द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, सीजेएम द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम, महिला बैरक, किशोर सदन जिसमें 18 से 21आयु के किशोर रखे जाते है, आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जेपी तिवारी सहित कारागार कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जमीन कब्जाने के लिए उखाड़ा बांस-बल्ली, चले लाठी-डंडे

**जैदपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

**पीड़ित के मना करने पर विपक्षीगण हुए आमा फौजदारी, दी धमकी**

जमीन पर कब्जा करने हेतु लगे बांस बल्ली उखाड़ने को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित ने थाना जैदपुर मे शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक मथुरा प्रसाद पुत्र रामफल वर्मा ग्राम मानपुर थाना जैदपुर ने जैदपुर पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि गांव के ही सुरेश चन्द्र पुत्र शिवपलटन, हरदीप,कुलदीप पुत्र गण सुरेशचन्द्र व जयपाल पुत्र रामखेलावन प्रार्थी की जमीन में जबरन कब्जा करने की नियत से उसमे लगे बाँस बल्ली को उखाड़ने लगे। पीडित के मना करने पर विपक्षीजन गालियां देने लगे तथा लाठी-डण्डा लेकर मारने पीटने पर अमादा हो गये तथा जान से मारने की धमकी दी।

उसके बाद समय लगभग 8.00 बजे रात में विपक्षी जनो ने प्रार्थी की टीन उखाड़ कर व तोड कर फेंक दिया है।मामले को संज्ञान मे लेते हुए जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत

**अन्य घटनाओं में छह से अधिक घायलों को भेजा गया जिला चिकित्सालय**

**रामसनेहीघाट बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को थाना क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों ने क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया एक हादसे में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की जहां मौत हो गई वही अन्य दो घटनाओं में छह से अधिक लोग घायल हो गए जिनमे कुछ घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

**ब्रेक लगने से ट्रैक्टर से भिड़ी बाइक, पूर्व बीडीसी सदस्य की मौत:** पहली घटना दोपहर लगभग एक बजे थोरथिया गांव के निकट हुई, जहां एक ट्रैक्टर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार की बाइक ट्राली से टकरा गई। शोभापुर बेलसड़ी मजरे सनौली निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य 35 वर्षीय अनवर अली पुत्र बेचू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले भिटरिया के एक निजी नर्सिंग होम और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**बोलेरो की टक्कर से तीन बाइक सवार घायलः** दूसरी दुर्घटना अयोध्या-लखनऊ राजमार्ग पर कोटवा सड़क के पास हुई। ईश्वरीगंज निवासी रामकुमार (65), कल्लू (45) और चांद बाबू (30) मोटरसाइकिल से सनौली तिराहे से मुख्य मार्ग पर मुड़े ही थे कि अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें रामकुमार और कल्लू को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि चांद बाबू का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

**नारायणपुर मोड़ पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन युवक घायलः** तीसरी घटना नारायणपुर मोड़ के पास हुई, जहां अयोध्या के रुदौली निवासी सूरज (28), उसका छोटा भाई अजय (18) और भेलसर निवासी मनजीत (18) मोटरसाइकिल से भिटरिया की ओर जा रहे थे।

तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# ट्रकों से चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



थाना देवा पुलिस टीम द्वारा ट्रक का तिरपाल काटकर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर, तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया और कब्जे/निशांदेही से ई-रिक्शा के पार्ट्स, एक अदद अवैध तमंचा व घटना कारित करने में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है।

वादी निखिल सिंह पुत्र अखिलेश प्रताप सिंह निवासी खिरिया, बेलभरिया थाना वजीरगंज जनपद गोंडा द्वारा तहरीर दिया गया कि वर्तमान में रचना क्रिएशन्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी प्लॉट सं0 ए-99 धावा स्टेट नियर टाटा टेल्को थाना चिनहट जनपद लखनऊ में मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी कम्पनी के ई-रिक्शा पार्ट्स फरीदाबाद हरियाणा से ट्रक लोड करके चालक हरिओम द्वारा लखनऊ लाया जा रहा था, रास्ते में थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत किसान पथ पर जबरी कला बस स्टॉप के पास दिनांक 12.06.2025 की रात्रि ट्रक खड़ा करके चालक सो गया जब उसने सुबह उठकर देखा तो ट्रक का तिरपाल अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर ट्रक से सामान चोरी कर लिया गया। उक्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-349/25 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स, सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 19.06.2025 को 03 अभियुक्तों आदिल पुत्र बब्लू, बछराज पुत्र बाबूलाल निवासीगण ग्राम हुसैनमऊ थाना देवा जनपद बाराबंकी, सद्दाम अली पुत्र कुर्बान अली निवासी मोहल्ला शेख-2 कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी को रिट्स रिसॉर्ट, किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी से सम्बन्धित ई-रिक्शा के पार्टस, एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद अर्टिगा कार बरामद किया गया। अभियुक्त आदिल उपरोक्त के कब्जे से बरामद एक अदद अवैध तमंचा के सम्बन्ध में थाना देवा पर मु0अ0सं0 350/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण का एक गैंग है जिनके द्वारा हाइवे पर खड़े ट्रकों को चिन्हित कर तिरपाल काटकर ट्रक से सामान चोरी किया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा घटना कारित करने के लिये किराये पर कार ली जाती है तथा ट्रकों से चोरी किये गये सामान को कम कीमत पर बेंच दिया जाता है। अभियुक्त आदिल द्वारा पूर्व में जनपद लखनऊ में ट्रकों से चोरी किये गये सामान को एसयूवी कार पर लाल-नीली बत्ती लगाकर ले जाया जाता था जिस सम्बन्ध में अभियुक्त आदिल थाना गोसाईगंज से गिरफ्तार होकर जेल भी जा चुका है।

# पीएम के नेतृत्व में भारत लिख रहा विकास की नई गाथा : सुनील सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र को लेकर चल रही सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर विकासखंड त्रिवेदीगंज के मोहम्मदपुर धौरहरा गांव में प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह गुड्डू द्वारा शक्ति केंद्र स्तरीय चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह ने हिस्सा लिया।

चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश विकास की नई गाथाएं लिख रहा है इन 11 वर्षों में सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सपना सरकार हुआ आतंकवादियों के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्यवाही हो रही है। गरीब कल्याण के तहत मुफ्त राशन और 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास अब तक लाभार्थियों को दिया जा चुका है और सरकार पुनः 3 करोड़ आवास देने की व्यवस्था कर रही है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने बूथ अध्यक्ष चंद्रभान लोधी एवं हरि रावत को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह शक्ति केंद्र संयोजक अंकित सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत प्रधान अजय प्रताप सिंह प्रधान अवध राम रावत क्षेत्र पंचायत सदस्य लल्लन रावत मथुरा प्रसाद शर्मा राजन शुक्ला वीर बहादुर सिंह संदीप प्रताप सिंह पुष्पेंद्र सिंह दीपू सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैंगस्टरो की संपत्तियों को चिन्हित कर हो कार्यवाहीः डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कानून व्यवस्था, अभियोजन व्यवस्था तथा नारकोटिक्स नियंत्रण की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में भू माफिया खनन माफिया लोकेशन माफियाओं और असामाजिक तत्वों और गैंगस्टरों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। समय चिन्हित मामलों में चल रही कार्यवाही को और तेजी से आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्तों की अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों की पहचान कर उन्हें जब्त (जप्तिकरण) किया जाए, ताकि अपराधियों को आर्थिक रूप से भी कमजोर किया जा सके। उन्होंने अभियोजन के द्वारा वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाए जाने पर संतोष व्यक्त किया और समीक्षा में निर्देश दिए कि हर मामले में मजबूत पैरवी कर अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य किया जाए। नारकोटिक्स, ओवर लोडिंग, और संगठित अपराध के मामलों में पकड़े गए अभियुक्तों की पूरी पृष्ठभूमि की जांच कर उनकी संलिप्तता को उजागर किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सयुंक्त निदेशक अभियोजन कृष्णधर शुक्ला, समस्त एसडीएम, सीओ, एसएचओ सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा आयोजन

**उरई,जालौन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग) तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन, जालौन में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 21 जून, 2025 को सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, योग प्रशिक्षक एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम की समुचित तैयारियां की जा रही हैं तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागों को निर्देशित किया गया है।

# महिला-बाल एवं समाज कल्याण योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**लाभकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स, महिला एवं बाल कल्याण, समाज कल्याण, दिव्यांगजन एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभागों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की फीडिंग, एफआरएस फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरसी संदर्भन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, भर्ती प्रक्रियाएं एवं सैम बच्चों को दुधारु गाय प्रदाय योजना की विस्तृत समीक्षा की। पोषण ट्रैकर पर फेस कैप्चरिंग एवं ई-केवाईसी का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है, जिसकी प्रतिदिन समीक्षा निदेशक स्तर से हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि रामपुरा व जालौन विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीन ग्राम प्रधानों से उपलब्ध कराई जाए। मई माह में एनआरसी में 21 बच्चों की भर्ती तथा 12 सैम बच्चों को दुधारु गाय गोद दिलाई गई।

जून माह में प्रत्येक सीडीपीओ को 5-5 बच्चों को गाय उपलब्ध कराने तथा पूर्व लाभार्थियों को मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश योजना अंतर्गत 1500 प्रतिमाह दिलाने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में पात्र छात्रों की कम भागीदारी पर चिंता जताई और विद्यालय निरीक्षक एवं समाज कल्याण अधिकारी को छात्रवृत्ति पंजीकरण बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंदगी फैलाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, कई घायल

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर**

समर चलाने और गंदगी फैलाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में लाठी, डंडे चले। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना में समर चलाने और गदंगी फैलाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष की रूपाली पुत्री दिग्विजय ने पुलिस को बताया कि रात में सौरभ सिंह ने समर चलाई थी और कूड़ा करकट उनके दरवाजे से सामने इकट्ठा करने लगे। जब पिता दिग्विजय ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो वहां मुनुआ सेंगर, सौरभ सेंगर, शिवम सेंगर और मनोज सेंगर के साथ सुनीता लाठी, डंडे लेकर आ गए और मारपीट करने लगे। पिता दिग्विजय व उत्तम को गंभीर चोटें आई हैं। इतना ही नहीं सुनीता ने उसके और वसुंधरा उर्फ लकी के साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। मारपीट में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उधर, दूसरे पक्ष से सुनीता देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के उत्तम सिंह सरकारी नल में समर डाले हुए हैं।

# सभी विद्यालयों में कराया जाये सफाई व मरम्मत का कार्य

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/निपुण भारत मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, केजीबीवी, स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नवीन नामांकन, आरटीआई के अंतर्गत छात्रों का प्रवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, मध्याह्न भोजन योजना में छात्र उपस्थिति, डीबीटी, आधार नामांकन स्टेट्स, समर्थ, मानव सम्पदा, शिक्षक स्थानान्तरण एवं अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कायाकल्प के तहत सभी विद्यालयों में शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग शौचालयों की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति 100 प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में सफाई एवं मरम्मत का कार्य करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को यू-डाइस पर किया जाए एवं कितने विद्यालय यू-डाइस पोर्टल पर है अथवा नहीं हैं इसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में पुस्तकों का वितरण ससमय किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 1200 रु0 सभी बच्चों के अभिभावक के खाते में विद्यालय खुलने से पहले भेज दिए जाएं जिससे कि उनके द्वारा स्कूल खुलने से पहले बच्चों के ड्रेस, जूते, मोजे आदि समय से खरीद लिए जाएं। उन्होंने कहा कि मिड डे मील की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए एवं रसोइयों का भुगतान समय से होना चाहिए। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि नए बच्चों का प्रवेश ज्यादा से ज्यादा किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि संकुल वाइस रजिस्टर बनाकर रोस्टर के हिसाब से बच्चों के आधार कार्ड ज्यादा से ज्यादा बनाए जाएं एवं सभी बच्चों को समस्त सुविधाएं समय से प्राप्त कराई जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाए एवं पठन-पाठन का कार्य शुरू कराया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, समस्त एबीएसए सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नलकूप खराब होने से नगर में जलापूर्ति व्यवस्था चरमराई

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ठीक नही है। अब फिर दो नलकूप खराब हो गये है जिससे कई मुहल्लों में जल संकट उत्पन्न हो गया है।

नगर में पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी जल संस्थान के पास जिसके लिए विभाग द्वारा एक दर्जन से अधिक नलकूप स्थापित कराए गए हैं तो प्रति वार्ड पानी की टंकियों की भी स्थापना की गई है इसके साथ ही आपात स्थिति के लिए 5 सैकड़ा से अधिक हैंडपंप भी लगाए गये हैं लेकिन उचित रखरखाव न होने से यह ज्यादातर समय खराब रहते हैं और गर्मी के दिनों में यह मुसीबत और बढ़ जाती है। हिन्दू संगठन के नेता नीलाभ शुक्ला के अनुसार थाना के पास स्थापित नलकूप आए दिन खराब रहता है जिससे मनीगंज, रामगंज, इंदिरा नगर आदि मुहल्लों की जलापूर्ति प्रभावित हो जाती है। उनके अनुसार विगत दो दिनो से दो नलकूप खराब है जिससे जल संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में जल संस्थान के अवर अभियन्ता वारिस अली से जानकारी ली तो उन्होंने बताया की नलकूप खराब हो गये थे जिन्हें दुरुस्त कराया जा रहा है शीघ्र ही जलापूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो जाएगी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उन्मूलन पर कार्यशाला आयोजित

**सफाई कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित कार्यशाला में सफाई कर्मचारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रोग्राम मैनेजर (डीपीएम) शिवम सिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कचरे का उचित प्रबंधन स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कचरे को गीला और सूखा कचरा में अलग-अलग करना, जैविक कचरे से खाद बनाना और पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को रीसाइक्लिंग के लिए भेजना अपशिष्ट प्रबंधन की मुख्य प्रक्रियाएं हैं। इससे न केवल प्रदूषण कम होता है, बल्कि संसाधनों का पुनः उपयोग भी संभव हो पाता है। प्लास्टिक उन्मूलन पर बोलते हुए शिवम सिंह ने कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से प्लास्टिक कचरे को अलग करने और इसके निस्तारण की प्रक्रिया को अपनाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कपड़े के थैलों का उपयोग करने और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक उन्मूलन की तकनीकों को समझा और इसे अपने दैनिक कार्य में लागू करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यशाला में सफाई प्रभारी अमरदीप, प्रवेश कुमार, सफाई नायक और सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ में बही भजनों की रसधार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील रोड स्थित अजय कंप्यूटर्स के आवास पर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ। फर्रूखाबाद से पधारे बाबा सुंदरकांड मंडल के कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की रसधार में डूबे भक्त झूम उठे, और राम भक्ति का उल्लास चारों ओर छा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित प्रेम शंकर बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। अजय प्रताप सिंह पाल और उनकी पत्नी दीपा पाल ने राम दरबार का विधिवत पूजन किया। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक पंडित राजेश कुमार ने अपनी मधुर आवाज में तेरे चलाए से चले नैया गरीब की, ये जो केसरी के लाल, हे दुखभंजन मारुति नंदन, और देना है तो दीजिए जनम-जनम का साथ जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। कवन सो काज कठिन जग माहीं, नहीं होय तात तुम्ह पाहिं सम्पुट के साथ सुंदरकांड पाठ ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। सुंदरकांड की महिमा का बखान भी किया गया, जिसने श्रोताओं के मन में भक्ति की लौ और प्रज्वलित की। यह आयोजन भक्ति, संगीत और समरसता का अनुपम संगम बन गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक, महेश पाल, संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, मुकेश चंद्र पांडे एडवोकेट, अनुज गुप्ता, जेपी पाल, डॉ. जबर सिंह पाल, संगीता पाल, सुषमा पाल, सनी पाल, प्रांजल पाल सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बजाज एजेंसी के बाहर से बाइक चोरी, दिया प्रार्थना पत्र

**तिर्वा।** कस्बे में स्थित बजाज एजेंसी के बाहर से गुरूवार की दोपहर अज्ञात चोर ने एक बाइक चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले की शिकायत की है। सुभाष नगर मोहल्ला निवासी अवधेश पुत्र रामसरन गुरूवार की दोपहर अपनी बाइक की सर्विस कराने हीरो एजेंसी पर गए थे। यहां वह अपनी बाइक को सर्विस के लिए छोड़कर दूसरे की बाइक लेकर किसान इंटर कॉलेज के सामने स्थित बजाज एजेंसी पर किसी काम काम से चले गए। यहां वह बाइक को बाहर खड़ा करके एजेंसी के अंदर गए। जब वह बाहर निकले, तो बाइक वहां नहीं थी। उन्होने काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का पता नहीं चला। बाद में उन्होने एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा, तो पता चला कि एक अज्ञात चोर बाइक को चोरी कर ले गया। मामले में कोतवाली प्रभारी वीरेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मुहिम शुरू




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प की एक महत्वपूर्ण बैठक पश्चिमी बाईपास पर आयोजित की गई, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए एक व्यापक मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने कहा कि हिंदू संस्कृति में गौ माता की सेवा को पवित्र और पुण्य कार्य माना जाता है। गाय को माता के समान सम्मान देने की परंपरा रही है, और उनकी सेवा धार्मिक व सामाजिक दायित्व है। गौ सेवा में गायों को स्वस्थ व सुरक्षित वातावरण, उचित भोजन, पानी और स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने बताया कि कई गौशालाएं और संगठन गायों के संरक्षण व देखभाल के लिए समर्पित हैं। पांडेय ने जोर देकर कहा कि गौ सेवा न केवल गायों के कल्याण के लिए जरूरी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करती है। गायों की सेवा से उनके महत्व और जीवन में योगदान को समझने का अवसर मिलता है। मालूम हो कि यह मुहिम गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नीतिगत बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। बैठक में विकास दीक्षित, अनूप दुबे, राजकिशोर दुबे, आलोक दुबे, पंजाबी कश्यप, रेवतीरमन शुक्ला, नीलू गिहार, अमन राठौर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेत से मक्का की फसल उठाने व रूपये न देने का आरोप

**पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की हुई मांग**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मक्का फसल को खेत से उठा लेने व उधार दी गई भैंस को कटवा देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम रौतामई निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रामदास ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने गांव के युवक का खेत 01 लाख 35 हजार रुपये में गिरवी रखा था। जिसमें गांव के दो लोग गवाह थे। उसने खेत में मक्का की फसल की थी। युवक की पत्नी ने युवक के साथ उसके खेत से 30 कुंतल मक्का जबरन उठा ली और पैसा वापस न करके खेत पर कब्जा कर लिया। दूसरी ओर ग्राम गदनापुर निवासी आरिफ खान ने पुलिस को बताया कि उसने पड़ोस के गांव के एक युवक को उधार भैंस दी थी। इसके बाद उक्त युवक ने भैंस को कटवा दिया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों के शिकायती पत्र में आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे ने राहुल गांधी के राजनीतिक सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मार्च 2004 में राहुल गांधी ने अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी के अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से राजनीति में कदम रखा और एक लाख से अधिक वोटों से शानदार जीत हासिल की। 2009 और 2014 के आम चुनावों में भी उन्होंने अमेठी से अपनी लोकसभा सीट बरकरार रखी। 24 सितंबर 2007 को उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया। राहुल गांधी ने भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। जनवरी 2013 में वे कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने और दिसंबर 2017 में पार्टी अध्यक्ष का पद संभाला। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। 2011 में किसानों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान उनकी गिरफ्तारी ने उनकी निष्ठा को और उजागर किया।

इस अवसर पर आसाराम यादव, अजय दुबे, भारत सिंह वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, देवकीनंदन दुबे (मुन्ना), रावेंद्र सिंह चौहान, सुरेश सिंह तोमर, राजीव अग्निहोत्री, प्रदीप दुबे, भैया लाल, राजेश कुमार, दिनेश पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राहुल गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### 21 जून को अस्तित्व बचाओ, भाईचारा बनाओ प्रबुद्ध सम्मेलन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के तत्वावधान में 21 जून को कानपुर मण्डल के लाजपत भवन में अस्तित्व बचाओ, भाईचारा बनाओ प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित होगा। पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलों में ऐसे सम्मेलन हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य बहुजन समाज के प्रबुद्ध लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पिछले सम्मेलन सफल रहे, जिससे विरोधी दल घबराए हुए हैं। गौतम ने जोर देकर कहा कि अन्य दल केवल एक वर्ग के लिए प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित करते हैं, जबकि एएसपी बहुजन समाज के सभी वर्गों को एकजुट कर रही है। इस सम्मेलन में कन्नौज जिले के प्रबुद्ध लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह आयोजन सामाजिक एकता और जागरूकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### वारण्टी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विष्णुकान्त तिवारी ने बताया कि उपनिरीक्षक रावेन्द्र सिंह मय हमराह फोर्स ने ग्राम बहवलपुर निवासी वारण्टी अभियुक्त अजीत पुत्र जगदीश को गिरफ्तार कर लिया है।

### एक्सप्रेस-वे पर कार-ट्रक की टक्कर, चार घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम कट के निकट गुरूवार की सुबह एक कार आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उनका उपचार किया जा रहा है। राजस्थान प्रान्त के टोंक जनपद के पंचबेल थाना क्षेत्र के बरौल गांव निवासी राकेश गूजर (30) पुत्र लालूराम गूजर अपनी पत्नी दिलखुश (25) अपने परिवार के कोमल दुबे पत्नी रामऔतार व शरतलराम सैनी के साथ कार में सवार होकर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर गांव जा रहे थे। कार शरतलराम सैनी चला रहे थे। सुबह 05.30 बजे के करीब जब उनकी कार एक्सप्रेस-वे के तालग्राम थाना क्षेत्र के 185 किलोमीटर पर पहुंची, तो अचानक चालक को नींद आ जाने से कार आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे की जानकारी मिलते ही यूपीडा कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होने सभी कार सवारों को बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। राकेश व दिलखुश के चोटे होने पर उनका उपचार चल रहा है। चालक शरतलराम व कोमल की हालत में सुधार था। पुलिस ने कार व ट्रक को एक्सप्रेस-वे से नीचे खड़ा करा दिया है।

### साईन बोर्ड पर छपी नगर पंचायत अध्यक्ष की फोटो को मिटाने की कोशिश




**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत समधन के वार्ड लोहिया नगर रिहुआ के सभासद शिवा यादव का साईन बोर्ड लगा है जिसपर सभासद व नगर पंचायत चेयरमैन आसमा बेगम की छपी फोटो को अराजक तत्वों द्वारा मिटाने की कोशिश की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी ने इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश बताया और अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद कस्वे में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। चेयरमैन समर्थकों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# मृदा परीक्षण गुणवत्ता युक्त सतत उत्पादन हेतु जरूरी: डॉ अरविंद

**मृदा परीक्षण एकत्र करने की तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



प्रशिक्षण में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मृदा परीक्षण एकत्र करने की तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने किसानों को बताया कि मृदा परीक्षण मिट्टी की जांच या विश्लेषण को संदर्भित करता है। यह प्रक्रिया मिट्टी की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की उपलब्धता, पीएच स्तर और अन्य महत्वपूर्ण गुणों का मूल्यांकन करने के लिए की जाती है, जो कृषि और बागवानी में महत्वपूर्ण है। मृदा परीक्षण के माध्यम से, किसान और बागवान मिट्टी की स्थिति को समझ सकते हैं और अपनी फसलों के लिए उपयुक्त उर्वरकों और मिट्टी सुधारकों का चयन कर सकते हैं।

**मृदा परीक्षण करने की विधि:** मृदा परीक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता का आकलन किया जा सकता है। मृदा नमूना संग्रहण मिट्टी के नमूने को खेत के विभिन्न हिस्सों से इकट्ठा करें। नमूने को 0-15 सेमी और 15-30 सेमी की गहराई से लें। नमूने को साफ और सूखे पात्र में रखें। मृदा नमूना प्रसंस्करण नमूने को अच्छी तरह से मिलाएं और बड़े कणों को तोड़ें। नमूने को 2 मिमी के छलनी से छानें। नमूने को सूखने दें और फिर इसे पाउडर में बदलें। मृदा परीक्षण पीएच परीक्षण मिट्टी के पीएच को मापने के लिए पीएच मीटर या पीएच पेपर का उपयोग करें। उर्वरक परीक्षण मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश की मात्रा का परीक्षण करें। कार्बनिक पदार्थ परीक्षण मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा का परीक्षण करें। पोषक तत्व परीक्षण मिट्टी में अन्य पोषक तत्वों जैसे कि कैल्शियम, मैग्नीशियम और सल्फर की मात्रा का परीक्षण करें। मृदा परीक्षण के परिणामों की व्याख्या मिट्टी के पीएच के आधार पर उर्वरकों का चयन करें। उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा का निर्धारण करें। मिट्टी की उर्वरता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

# सड़क हादसे में घायल बैंक कर्मी की कानपुर में मौत

**गत 08 जून को बस्ता गांव के निकट हुआ था हादसा**

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के बस्ता गांव के निकट गत 08 जून को मवेशी को बचाने के प्रयास में एक बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई थी। जिससे बाइक सवार बैंक कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। 11 दिनों बाद कानपुर में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत का समाचार पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। तिर्वा कस्बे के अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी आकाश स्वर्णकार (33) पुत्र गौरीशंकर स्वर्णकार उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बहसोरा में तैनात थे। गत 08 जून की शाम को वह बैंक बंद होने के बाद अपनी बाइक से वापस घर आ रहे थे। जब वह तिर्वा-ठठिया मार्ग पर बस्ता गांव के निकट पहुंचे, तभी सामने आ रहे एक मवेशी को बचाने के प्रयास में बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। आकाश को परिजनों ने उपचार के लिए कानपुर के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। यहां गुरूवार की सुबह चार बजे के करीब उपचार के दौरान आकाश की मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

## पिटाई से हुई मौत के मामले की जांच करेगा सपा प्रतिनिधि मण्डल

**बौद्धनगर मोहल्ला निवासी एक किशोर की दो दिन पहले हुई थी मौत**

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कस्बे के बौद्ध नगर मोहल्ले में पांच दिनों पहले पिटाई से घायल हुए एक 15 बर्षीय किशोर की सोमवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले की जानकारी जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंची, तो उन्होने सपा के एक प्रतिनिधि मण्डल को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए निर्देश दिए। यह 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल शुक्रवार को तिर्वा आकर पीड़ित परिजनों से मिलेगा। मामले की पूरी जानकारी कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराएगा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां ने बताया कि उन्हे जानकारी मिली थी कि तिर्वा कस्बे के बौद्धनगर मोहल्ला निवासी कुणाल गिहार (15) पुत्र आनन्द गिहार की मौत हुई है। आरोप है कि पुलिस ने दबिश के दौरान लाठीचार्ज किया था। जिसमें 14 जून की रात को कुणाल घायल हो गया था। 16 जून की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सपा मुखिया के निर्देश पर उनके नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल शुक्रवार की दोपहर तिर्वा के बौद्धनगर जाकर पीड़ित परिजनों से मिलेगा। पूरे मामले की जांच पड़ताल करेगा। मौत पुलिस की पिटाई से हुई है अथवा नहीं। इसकी भी गहनता से जांच करेगा। बाद में पूरी रिपोर्ट तैयार कर सपा मुखिया को भेजी जाएगी। उधर इस प्रकरण में तिर्वा कोतवाली प्रभारी वीरेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी का आरोप पूर्णतया निराधार है। पुलिस की पिटाई से किसी की मौत नहीं हुई है।

# डीएम ने योगा स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**नियमित रूप से योग को अपने जीवन में अपनाएं**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व मौजूद अफसर

योग करने से न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है बल्कि इसे अपनाने से कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है द्य यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कही। जिलाधिकारी ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत (15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक) आयोजित होने वाले योग सप्ताह के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित योगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। योगा स्कूटी रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर तिर्वा क्रासिंग, शहर, लाखन तिरहा, मकरन्दनगर होते हुए पीएसएम डिग्री कालेज में समापन हुआ। उन्होंने कहा कि योगा रैली का उद्देश्य है कि नियमित रूप से योग को अपने जीवन में अपनाए तथा तन- मन से सेहतमंद बने रहने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनो को शामिल करके लाभ प्राप्त करे। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, बीएसए संदीप कुमार, नोडल अधिकारी योगा डॉ देवेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी रहे।

# योग केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है: डीएम

**जिलाधिकारी ने बैठककर सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को संपन्न कराने के दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




कलेक्ट्रेट में बैठक करते डीएम

सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न कराएं। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एएसपी के साथ सामंजस्व बनाते हुए पुलिस लाइन ग्राउंड का निरीक्षण करें। प्रत्येक दशा में कार्यक्रम से पूर्व सभी तैयारी सुनिश्चित होनी चाहिए, जिसमें मंच, ध्वनि प्रणाली, पेयजल, बैनर/होर्डिंग/स्टैंडी, टी- शर्ट, मोबाइल टॉयलेट, गद्दे/ मैट एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था शामिल हो। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक में निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योग प्रशिक्षकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम में अनुभवी, प्रमाणित और दक्ष योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। ताकि प्रतिभागियों को सही और प्रभावशाली तरीके से योग अभ्यास कराया जा सके। योग प्रशिक्षक न केवल आसनों का अभ्यास कराएं, बल्कि योग के लाभ, उसकी विधि और सावधानियों की भी जानकारी दें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि योग अभ्यास स्थल पर साफ- सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी ग्राम पंचायतों में भी योग दिवस कार्यक्रम किए जाएं। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखने हेतु लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था की जाए। बैठक के अंत में डीएम ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। सभी अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि यह आयोजन प्रेरणादायक और अनुकरणीय हो।

# बसपा को बूथ स्तर पर मजबूत करने के निर्देश

**पार्टी की समीक्षा बैठक में लिया गया फैसला**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पदाधिकारियों के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष सतेन्द्र भारती।

बहुजन समाज पार्टी की विधान सभा समीक्षा बैठक का आयोजन नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें पार्टी के पदाधिकारी ने कार्यो की समीक्षा कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की।

गुरुवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि मुकेश अहिरवार और जितेंद्र संखवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने की बात कही। साथ ही साथ संगठन को मजबूत करने की भी बात कही। इस मौके पर सुधीर आनंद को मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया। जिस पर कार्यकर्ताओं ने सुधीर आनंद का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार भारती ने कहा कि 2027 में बहुजन समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हमराज अंसारी, जिला महासचिव अमर सिंह सैनी, विधानसभा कोऑर्डिनेटर हरिशंकर चतुर्वेदी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आदिल हुसैन, विधानसभा प्रभारी शिव शंकर गौतम, शिवम दोहरे, सुरेश, राजेश भारती, बादाम सिंह, अभिषेक गौतम आदि मौजूद रहे।

## कल कानपुर में होगा प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** 21 जून को कानपुर मण्डल मे अस्तित्व बचाओ भाईचारा बनाओ प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाएंगा। यह जानकारी आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में यूपी के 18 मण्डलों में प्रबुद्ध सम्मेलन हो रहे हैं। इसीक्रम में 21 जून को कानपुर के लाजपत भवन में प्रबुद्ध सम्मेलन हो रहा है। जिसका उद्देश्य है, बहुजन समाज के प्रबुद्ध लोगो को पार्टी की विचारधारा से जोडना वीते प्रबुद्ध सम्मेलन सफल हुए हैं। जिससे विरोधी दल घबराए हुए हैं। उन्होंने बताया और पार्टियां सिर्फ एक वर्ग को ही प्रबुद्ध सम्मेलन कराती थी। पर हमारी पार्टी बहुजन समाज का प्रबुद्ध सम्मेलन करा रही है।

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ, शुक्रवार 20 जून, 2025



# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो साथी घायल

**कम्पिल/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जहां डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव ढुड़ियापुर निवासी उमेश शाक्य का 19 वर्षीय पुत्र विकास साथी ओमवीर व अपने बड़े भाई जितेंद्र के साले रजनेश के साथ बाइक से बुधवार शाम रुदायन जा रहा था। कंपिल-रुदायन मार्ग पर गांव जिजौटा खुर्द के निकट सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना थाना पुलिस व स्वजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। ट्रैक्टर चालक मौका पाकर फरार हो गया। जबकि ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पुलिस को सौंप दिया। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर विपिन कुमार ने विकास को मृत घोषित कर दिया। जबकि रजनेश व ओमवीर का इलाज जारी है। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। मृतक की मां रीना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक तीन भाइयों जितेंद्र, आकाश में दूसरे नंबर का था। विकास के ताऊ महावीर के पुत्र हिमांशु की बारात गुरुवार को जानी है। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।



मृतक का फाइल फोटो



मौके पर मौजूद पुलिस व परिजन

## विक्षिप्त एवं विकलांग युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक की 22 वर्षीय पुत्री जो दिमाग से विछिप्त एवं विकलांग है। आज देर शाम पड़ोसी गांव पहाड़ी निवासी शेखर पुत्र बहादुर उम्र लगभग 25 वर्ष नशे की हालत में पहुंचा और घर के बाहर विछिप्त एवं विकलांग युवती को मिठाई एवं आम दिए और इसके बाद उसे गोदी में उठाकर खेतों में ले गया। जहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसी दौरान खेतों में काम कर रहे युवती के भाईयों ने उसे देख लिया और दौड़कर युवक को पकड़ लिया। जहां पहले तो युवक के साथ हाथापाई हुई इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना किसी व्यक्ति द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंची। जहां युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। वहीं पुलिस अब घटना के संबंध में जांच पड़ताल कर रही है।

# वृद्ध की हत्या में पिता-पुत्र आलाकत्ल समेत गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

भूमि विवाद के चलते 75 वर्षीय वृद्ध की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा (आलाकत्ल) भी बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गूजरपुर गहलवार में 14 जून की रात उस समय यह घटना घटित हुई जब गांव निवासी कप्तान सिंह पुत्र झम्मन लाल अपने बाग में सो रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी ओमवती की तहरीर पर थाना अमृतपुर में प्रेमपाल के पुत्र राजकुमार व रामबरन, ब्रजपाल के पुत्र नेपाल सिंह, राजवीर सिंह, अनुप्रकाश तथा नेपाल सिंह के पुत्र अक्षय कुमार निवासी लीलापुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को अक्षय कुमार और उसके पुत्र सवी उर्फ स्वदेश के खिलाफ साक्ष्य मिले। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि करीब 60 वर्ष पहले उनके पूर्वजों ने कप्तान सिंह के परिवार को गांव में बसने हेतु जमीन दी थी। मृतक कप्तान सिंह की कोई संतान नहीं थी। केवल एक गोद ली हुई पुत्री वैजयंती है। जमीन वापस मांगने पर कप्तान ने देने से इनकार कर दिया। जिससे नाराज होकर आरोपियों ने उनकी हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण





कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएँ

## रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की कायमगंज की नगर और खंड (ग्रामीण क्षेत्र) की बहनों ने जिला सह संयोजिका मातृ शक्ति बहन प्रगति तिवारी के आवास पर रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को याद किया और दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की बहनों ने रानी लक्ष्मीबाई के पदचिन्हों पर चलने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में लव जिहाद पर चर्चा हुई और बहनों ने नारा दिय लक्ष्मी बनूंगी, दुर्गा बनूंगी, लेकिन कभी न बुर्के वाली बनूंगी। जिला सह संयोजिका मातृ शक्ति बहन प्रगति तिवारी के संयोजन में कार्यक्रम में स्थानीय पदाधिकारी बहनें सलोनी, लक्की, लक्ष्मी गुप्ता, रेणु गुप्ता आदि ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला गौरक्षा प्रमुख विहिप नूतन चतुर्वेदी और सह जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंग दल आकाश उपस्थित थे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मायके वालों ने हत्या करने का लगाया आरोप

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ईसापुर निवासी आयशा पत्नी हासिम ने आज दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली।

ससुरालवालों ने आयशा के पिता शाहनूर निवासी जरारी को फोन करके घटना की सूचना दी। जिस पर मायके पक्ष के लोग ईसापुर पहुंचे और वहां पर उन्होंने आयशा को बेड पर मृत अवस्था में पड़ा देखा। जानकारी करने पर उन्हें पता लगा कि आयशा ने फांसी लगा लगाकर आत्महत्या कर ली है। ससुराल वालों ने दरवाजा तोड़कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर बेड पर लेटा दिया। मायके पक्ष के लोगों ने इस बात पर हंगामा करना चालू कर दिया और तुरंत एंबुलेंस द्वारा सीएचसी कमालगंज लेकर आए। जहां पर तैनात डॉक्टरों ने महिला को मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के पति हाशिम एवं उसकी मां पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया एवं इस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। मौके पर कई लोग दोनों पक्षों में समझौता करवाने का प्रयास कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौता नहीं हुआ है। मृतका की शादी 12 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। मृतका के पांच बच्चे हैं।



मौके पर मौजूद पुलिस व परिजन

## महिला को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का अपने ससुरालीजनों से वाद विवाद हो गया था। जिससे महिला लगभग एक वर्ष से अपने मायके में अपनी मां के घर रह रही है। बुधवार दोपहर महिला के घर पर किसी के न होने पर गांव का ही निवासी युवक महिला को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला अपने साथ एक जंजीर, एक अंगूठी व 5 हजार रुपये अपने साथ ले गई।

देर शाम तक महिला के घर न आने पर परिजनों ने महिला की तलाश की। गुरुवार जानकारी होने पर महिला की मां ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# दो घरों में लगी आग, लाखों का सामान जला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



आग के बाद जला पड़ा सामान

बीते रात संदिग्ध परिस्थितियों में दो घरों में आग लगने से गृहस्थी जलकर राख हो गयी। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष तथा फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदन निवासी बृजेश यादव पुत्र नेकराम के घर में बीते रात लगभग 11:00 बजे अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जब तक गांव वाले चीख पुकार की आवाज सुनकर मौके की ओर दौड़े, तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और पड़ोस में बने देशराज पुत्र बाबूराम के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को दी। सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष तथा बबना चौकी इंचार्ज दरोगा योगेश श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लगभग आधे घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने समरसेबिल तथा अन्य तरीके से पानी लेकर आग को बुझा लिया, लेकिन दोनों घरों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

## खबरें एक नजर में

### नरेगा मजदूर की हालत बिगड़ी, मौत



लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार्य कर नरेगा मजदूर की हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार विश्राम उम्र 42 वर्ष पुत्र विभूति निवासी रघुनाथपुर अल्लाहगंज जिला शाहजहांपुर गुरुवार को नरेगा के तहत कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजनों को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से पत्नी सोनी, बेटे विनोद, आरव, बेटी गुड़ियां का रो-रोकर बुरा हाल है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चौकी इंचार्ज ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक फिसलने से युवक घायल



लोहिया में भर्ती घायल युवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक अनियंत्रित होकर खाई जा में जा गिरी। जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को अनीश पुत्र विशाल निवासी रावतपुर थाना अल्लाहगंज जनपद शाहजहाँपुर बाइक से बाजार गया था। बाजार से वह वापस अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में बरसात के चलते पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी और पुलिया के नीचे जा गिरी। जिससे युवक घायल हो गया। उसे चाचा विमलेश ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

### चोरी की मोटर साइकिल सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में थाना जहानगंज पुलिस टीम द्वारा मु.अ.सं..106/25 धारा-303(2)/317(2) बीएनएस प्रकाश में आये अभियुक्तगण को चोरी की गयी मोटर साइकिल व 01 अदद तंमचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है। वादी अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी रतनपुर थाना जहानगंज की तहरीर के आधार पर अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी की मोटर साइकिल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मु.अ.सं.-106/25 धार-303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना प्रकाश में आये अभियुक्तगण शिवम पुत्र राजेश, राजा पुत्र यासीन अली को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त राजा उपरोक्त से 01 तंमचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुये। चोरी गयी मोटर साइकिल की बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस व तंमचा व कारतूस बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है।

### एडीओ के कार्यालय का बीडीओ ने किया उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर सहायक विकास खंड अधिकारी के कार्यालय का बीडीओ ने फीता काटकर उद्घाटन किया। नवाबगंज विकास खंड परिसर में सहायक विकास खंड अधिकारी एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह के नवीन कार्यालय का विकास खंड अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल, सहायक विकास खंड अधिकारी एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, कनिष्ठ सहायक लिपिक राज भारती, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, मनरेगा एपीओ गौरव दिवाकर, आलोक पाठक, सचिव सुनील कुमार, प्रमोद मिश्रा, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, बृजेश यादव, जगवीर सिंह यादव, प्रवीण कुमार, मोतीलाल यादव सहित विकास खंड कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सड़क के किनारे पड़ा मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वृद्ध का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव की शिनाख्त करने की कोशिश की। बाद में को शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर कंपिल सिवारा मार्ग पर एक 60 वर्षीय वृद्ध का शव खेत पर गए ग्रामीणों ने सड़क किनारे पड़ा देखा। वृद्ध के मुंह से खून निकल रहा था। नाक से झाग निकल रहा था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने जांच पड़ताल कर घटना के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने अन्य थानों में सूचना दी। मृतक के पास अगौंछा भी पड़ा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव की शिनाख्त की जा रही है। अन्य पहलुओं पर भी जांच की जाएगी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोग

# सफाईकर्मी को पीटने के मामले में बीडीओ से मिले साथी कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते 2 दिन पूर्व ब्लॉककर्मियों के बीच हुई मारपीट के मामले में गुरुवार को विकास खंड अधिकारी से सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ने एक दर्जन सफाई कर्मचारियों ने मुलाकात की। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी जो की अधिकारियों के निर्देशन में विकास खंड में कार्य करते हैं।

वहीं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही समूह योजना में ब्लॉक मिशन मैनेजर के पद पर तीन लोगों की नियुक्ति की गई है, जो की सभी संविदा कर्मचारी हैं। ब्लॉक मिशन मैनेजरों व कर्मचारियों के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती है, क्योंकि शाम 4:00 बजने के बाद विकास खंड परिसर में जाम छलकने लगते हैं। चाहे वह सफाई कर्मचारी या ब्लॉक मिशन मैनेजर हो, यहां तक की एक दो बाबू भी जाम छलकाने में आगे रहते हैं। जिसके चलते आए दिन विकास खंड कार्यालय में लड़ाई झगड़े जैसी स्थिति बनी रहती है। इसी बीच दो दिन पहले हुई कहासुनी के बीच बीते 17 जून की शाम सफाई कर्मचारी बिंदा प्रसाद निवासी जनपद बलरामपुर अपनी पत्नी असरानी देवी के साथ सब्जी लेकर जा रहा था, तभी पीड़ित के बताए अनुसार ब्लॉक मिशन मैनेजर के बीच शराब के नशे में कहासुनी हो गई। पीड़ित बिंदा प्रसाद के बताए अनुसार ब्लॉक मिशन मैनेजर इतना नशे में था कि वह आकर सीधे गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने मामले का विरोध किया, तो उक्त आरोपी मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान सफाई कर्मचारी बिंदा प्रसाद के काफी चोटें आयीं। जिसकी शिकायत प्रभारी विकास खंड अधिकारी से की थी। जिस पर उन्होंने सफाई कर्मचारी को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था, लेकिन तभी ब्लॉक मिशन मैनेजर थाने पहुंचा और थाना पुलिस से लिखित शिकायत कर अवगत कराया। जिसके चलते थाने से विकास खंड कार्यालय पर फोन आया था। जिस पर पुलिस को घटना से अवगत कराया गया था। पुलिस ने मामले की जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाने का भरोसा दिया था, लेकिन खबर लिखे जाने तक पीड़ित के मामले में थाना पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। जब गुरुवार को विकास खंड अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल विकास खंड कार्यालय पर आए, तो सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दानवीर सिंह तथा एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी तथा पीड़ित बिंदा प्रसाद की पत्नी असरानी देवी ने मामले की शिकायत विकास खंड अधिकारी सुनील जायसवाल से की। जिस पर उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध नोटिस जारी कर दिया गया है। जल्द ही उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



बीडीओ से मिलते सफाई कर्मचारी व पीड़ित तथा उसकी पत्नी

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना कमालगंज के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी रत्नेश पुत्र विजयपाल शंखवार ने बीती रात दूसरी मंजिल पर बने कमरे में साड़ी को फंदा बनाकर कुंडे में डालकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पुत्री रीना ने बताया कि मेरी मां शांति देवी और बहन सोनम आए दिन पिता के साथ गाली-गलौज व मारपीट करते रहते थे।

बीते दिन 18 जून को पिता के साथ सोनम एवं शांति देवी ने मारपीट की थी। जिससे उनके सर में गहरी चोटें आई थीं। जिससे आहत होकर पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह 4:30 लगभग पिता घर पर नहीं थे। उन्हें ढूंढने पर ऊपर बने कमरे को देखा जो अंदर से बंद था। खिड़की खोलने पर देखा कि पिता फांसी के फंदे पर लटके हुए हैं। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। मृतक रत्नेश दिल्ली में अपनी पत्नी शांति देवी के साथ हेलपरी का कार्य करता था। 18 जून को दोनों पति-पत्नी दिल्ली से वापस अपने घर पर आए थे और पति-पत्नी की बीच विवाद हुआ था। जो मारपीट में बदल गया। पत्नी रात में घर छोड़कर चली गई एवं सुबह घर वापस आ गई। वहीं मृतक की बेटी सोनम का कहना है पिता आए दिन शराब पीकर मां के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करते थे। जिसके कारण मम्मी के साथ हाथापाई हुई थी। जिसमें पिता के सर में चोटें आई थीं। पिता के द्वारा फांसी लगाए जाने में मेरी मां का कोई हाथ नहीं है।

वहीं मृतक की अन्य पुत्रियां सोनम एवं मां शांति देवी के ऊपर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतक की छः बेटियां हैं। सबसे बड़ी रीना जिसकी शादी हो चुकी है। दूसरे नंबर की सोनम, नन्हीं, अन्नू, पायल, कीर्ती हैं। जिनकी उम्र 15 से 5 साल तक की है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन व मौजूद मोहल्लेवासी

## भाजपा ने सुबोध सिंह राठौर को सौंपी उपाध्यक्ष मंडल अमृतपुर की कमान

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला एवं क्षेत्रीय संगठन द्वारा भाजपा संगठन को विस्तार देने के वास्ते गंगापार राजेपुर निवासी सुबोध सिंह राठौर को गुरुवार मंडल अमृतपुर का उपाध्यक्ष चयनित किया गया। जिससे युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबोध सिंह राठौर भाजपा के सक्रिय सदस्य के रूप में जाने जाते हैं। उनकी शालीनता व सक्रियता व हर एक के दुख सुख में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले सुबोध सिंह राठौर से हर युवा काफी प्रभावित है।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए संगठन ने सुबोध सिंह राठौर को संगठन को विस्तार देने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। पद मिलने के बाद युवाओं से उपाध्यक्ष बोले भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार जात या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। आज विश्व स्तर पर जो भारत की पहचान है वह मोदी सरकार की ही देन है। मोदी सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं चाहे वह धारा 370 हो अथवा मिशन सिंदूर हो चाहे यूक्रेन रुस युद्ध से भारतीयों की निकालने से लेकर चंद्रयान की सफल लैंडिंग से लेकर सैन्य शक्ति मैं आज भारत विश्व में तीसरे पायदान पर पहुंचा है। हम सभी को राष्ट्र राष्ट्रहित को दृष्टिगत रखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करें। राष्ट्र सुरक्षित है तभी हम सुरक्षित हैं।



सुबोध सिंह राठौर

# तालाब बनी मोहल्ला बरतल से मंझना की ओर जाने वाली सड़क

▸ **चेयरमैन को पिछली साल ही समस्या से कराया गया था अवगत**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में मंगलवार की रात व गुरुवार को तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन वहीं मुसीबत भी आ गई। बारिश के बाद कई मोहल्ला की गलियों में पानी भर गया। इसमें सबसे ज्यादा बुरा हाल नगर के मोहल्ला बरतल से मंझना रोड की तरफ जाने वाली सड़क का है। यहां सड़क के दोनों किनारे बारिश के पानी से पूरी तरह डूब जाते है। जिससे सड़क पर पानी भर जाता है। यह एक दिन की समस्या नहीं है, बल्कि सालों से चली आ रही है। यहां के लोग बताते हैं कि इस रास्ते पर हर साल पानी भर जाता है। जब बारिश नहीं होती तब भी यहां जलभराव रहता है। जब भी बारिश होती है तो सड़क पानी से डूब जाती है।

जिससे सड़क भी तालाब में तब्दील हो जाती है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि इस पानी भरी सड़क से निकलते समय कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके है। इस मोहल्ले में दो वार्ड लगते है। मोहल्लेवासियों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए अपने वार्ड के सभासदों को अवगत कराया, लेकिन सभासदों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही इस समस्या से छुटकारा दिलाया। यहां के एक निवासी ने बताया कि कई घरों के लोग जलभराव की वजह से अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं। छोटे बच्चों को लेकर तो और भी डर बना हुआ है, क्योंकि पानी इतना ज्यादा है कि बच्चे गिर जाएं तो बड़ा हादसा हो सकता है। इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि उन्होंने हर वर्ष इस समस्या को लेकर नगर पंचायत कार्यालय से शिकायत की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। न तो कोई आकर देखता है और न ही कोई हल निकालता है। हल्की सी बारिश होते ही पानी सड़कों पर भर जाता है। बारिश के बाद हालात इतने खराब हो जाते हैं कि सड़कें तालाब जैसी दिखने लगती हैं।

वार्ड नंबर 13 के सभासद ब्रजमोहन ने बताया कि इस संबंध में चेयरमैन अनिल राजपूत को पिछली बरसात के मौसम में कई बार सूचना दी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। वार्ड नंबर 14 के सभासद प्रतिनिधि अनिल शाक्य का भी यही कहना है। आज फिर वह इस बारे में चेयरमैन को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराएंगे। जब इस संबंध में चेयरमैन अनिल राजपूत से जानकारी करने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने फोन काट दिया।



बरतल से मंझना जाने वाली सड़क का सूरतेहाल

# अलग-अलग घटनाओं में तीन को सर्प ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर दूंदेमई निवासी अजीत उम्र 15 वर्षीय पुत्र कृष्णपाल आम के बाग में आम बीनने गया था। आम बीनते समय अचानक उसके पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। जिस पर उसकी चीख निकल गई।

जिससे वहाँ पर मौजूद आसपास के लोग उधर दौड़े और गंभीर हालत में उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डियुटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव भैंसरी निवासी अनूप कुमार उम्र 20 वर्षीय पुत्र महेन्द्रपाल अपने घर पर सोफा हटा रहा था, तभी सॉप ने उसके पैर में काट लिया। जिस पर उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। वहीं क्षेत्र के गॉव शिवपुर निवासी प्रीति उम्र 20 वर्षीय पत्नी बृजेश को भी जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद अनूप को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## ग्राम पंचायत के ई-रिक्शा व ट्रैक्टर से बैट्रियां चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव बांसमई निवासी प्रधान पति अमित सिंह के घर के सामने ग्राम पंचायत का ई-रिक्सा खड़ा था। बुधवार रात चोरों ने घर के बाहर खड़े ई-रिक्सा में लगी 4 बैटरी चोरी कर लीं। सुबह ई-रिक्सा में लगी बैटरी गायब देख प्रधान पति अमित सिंह को घटना की जानकारी हुई। प्रधान पति अमित सिंह ने थाना पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया। दूसरी घटना में नगर के मुहल्ला पुराना गनीपुर निवासी बजरंगी बाथम का ट्रैक्टर नगर के मोहम्मदाबाद रोड पर स्थित दुकान के सामने खड़ा था। बुधवार रात चोरों ने दुकान के बाहर खड़े ट्रैक्टर में लगी बैटरी को चोरी कर लिया। सुबह मौके पर गए बजरंगी को ट्रैक्टर से बैटरी गायब देख घटना की जानकारी हुई। पुलिस को बजरंगी बाथम ने चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# कर निर्धारण को लेकर 15 व 20 पैसे प्रति वर्गफुट रेट हुआ तय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, ईओ विनोद कुमार व चेयरमैन पति पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स को लेकर कर निरधारण के रेट तय किये। नगर पालिका परिसर कार्यालय पर उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि पहले 22 हजार मकान चिन्हित किये, जिन पर टैक्स लग रहा था। अब सर्वे के बाद 72 हजार मकान चिन्हित हो चुके है।

जीआई सर्वे में कुछ शिकायतें आयी है। उन भ्रांतियों व कमियों को दूर करने के लिए मीडिया के माध्यम से जनता को बताया कि यह टैक्स नहीं है प्रस्तावित था। अब कच्चे मकान व झोपड़ी एवं कच्ची छत वाले

**▸ चेयरमैन वत्सला व मनोज अग्रवाल ने भवन कर की भ्रांतियां की दूर**

मकानों में 30 वर्ग फुट वाले मकान पर टैक्स नहीं लगेगा। जिनके मकान पक्के है, मकान के बाहर गलियां है उन पर 15 पैसे वर्ग फुट टैक्स निर्धारित किया गया है और जो मुख्य मार्गों पर मकान है उनका हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स 20 पैसे वर्ग फुट रखा गया है। 1972 के बाद दोबारा सर्वे हुआ है। हर वार्ड में निगरानी समिति बनायी गई है। जिसमें सभासद व नगर पालिका के कर्मचारी है। कोई भी समस्या है उनके द्वारा हल की जायेगी और समाधान न होने पर स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ समस्या का



वार्ता करती नगर पालिका अध्यक्ष, मनोज अग्रवाल, ईओ आदि

समाधान करेंगे। साथ ही लेट्रीन, बाथरुम बना है उसका 20 प्रतिशत छूट रहेगी। प्लाट पर पांच पैसे वर्गफुट टैक्स रहेगा। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि यदि भवन का अच्छादित क्षेत्रफल है= 20 फीट वाई 30 फीट तो वार्षिक मूल्य होगा=600वाई80 प्रतिशत वाई 0.15 (मासिक किराया) वाई 12=864, वार्षिक मूल्य पर लगने वाला ग्रहकर 12 प्रतिशत+जलकर 12.50 प्रतिशत=864वाई24.50 प्रतिशत=211.68, इस प्रकार 600 वर्ग फीट भवन पर लगने वाला ग्रहकर/जलकर बनेगा=211.68 टैक्स बनता है। उसी के आधार पर लिया जायेगा। चेयरमैन ने बताया कि शहर में अतिक्रमण की समस्या के कारण जल भराव होता है।

सुपर मशीन मंगाई गयी है जिससे खाली जगह में भरे पानी को निकाला जाता है। उन्होंने महायोजना पर बताया कि यह विनियमिति क्षेत्र के अन्तर्गत आती है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका परिषद की नये भवन का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार, कर निरीक्षक जगजीवन राम व जितेन्द्र मिश्रा, विजय शुक्ला, मृदुल वर्मा व अन्य कर्मचारियों के अलावा सभासद असलम अंसारी, रफी अंसारी, नौशाद, अनिल यादव आदि लोग मौजूद रहे।



मौजूद प्राधानाध्यापक व अन्य

## प्रा.वि. मदारपुर में ग्रामीणों के साथ 21 जून को मनाया जायेगा योग दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बैठक कर योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। 21 जून को राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने सभी बच्चों को शामिल होने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि 21 जून को प्रातः योग दिवस में शामिल हो और बच्चे भी भाग लें। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कम संख्या वाले स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इस संबंध में 21 जून को बैठक होगी। उसी में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जायेगा।

## ससुरालीजनों ने मायके पक्ष के लोगों को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना शमसाबाद के गांव ऊधवपुर नगला निवासी रामसिंह ने अपनी पुत्री मानसुखी की शादी लगभग साढ़े पांच वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी युवक के साथ की थी। शादी के लगभग डेढ़ वर्ष बाद युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। रामसिंह की पुत्री लगभग एक वर्ष से मायके में रह रही है। रामसिंह गांव के प्रधान सहित अपने रिस्तेदारों के साथ गुरुवार दोपहर लगभग बारह बजे अपनी पुत्री की ससुराल बातचीत करने आये। बातचीत के दौरान पुत्री के ससुरालीजन गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। मौके पर पहुंचे मुहल्ले के लोगों ने बीच बचाव किया। थाना पुलिस को रामसिंह ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# उपभोक्ता सहकारी संघ के निदेशक पद के लिए भूदेव राजपूत ने किया नामांकन



आवेदन करते डॉ. भूदेव राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पद का पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. भूदेव राजपूत ने लखनऊ जाकर नामांकन किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने उनका नामांकन दाखिल करवाया।

जनपद से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश नेतृत्व द्वारा जनपद से निदेशक पद के लिए नाम मांगा गया था। जिसके लिए डॉ. भूदेव राजपूत का नाम प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष भेजा गया।

वहां से हरी झण्डी मिलने के बाद 19 जून गुरुवार को भाजपा नेता ने लखनऊ पहुंचकर नामांकन दाखिल कराया। डॉ. भूदेव राजपूत के नामांकन में जनपद के लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने मुझे इस लायक समझा, मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं और इस दायित्व का निर्वाह्न अपनी जिम्मेदारी के साथ करूंगा। इस मौके पर कोआपरेटिव चेयरमैन कुलदीप गंगवार, विमल कटियार, शैलेन्द्र सिंह राठौर, शिवांग रस्तोगी, प्रबल त्रिपाठी, धर्मेन्द्र राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# कलावा तिलक पर की गई टिप्पणी पर आयोजक ने मांगी माफी



समझौता कराते राजेपुर थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन विकास खण्ड राजेपुर के ग्राम सलेमपुर में अनिल कुमार द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसका हिन्दू महासभा ने विरोध किया था। विरोध के चलते राजेपुर थानाध्यक्ष की पहल पर अनिल कुमार पुत्र शिवपाल निवासी सलेमपुर ने लिखित माफी मांग ली है। जिस पर दोनों पक्षों में समझौत हुआ। अनिल कुमार द्वारा कलावा, तिलक को लेकर टिप्पणी की गई थी। जिस पर सभी लोगों ने अपनी सहमति नहीं दी और उनका विरोध किया। गुरुवार को राजेपुर थाने में दोनों पक्षों को बुलाकर लिखित समझौता कराया गया।

अनिल कुमार द्वारा माफी मांगने पर विवाद को समाप्त किया गया। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, सौरव मिश्रा व करणी सेना के लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु पब्लिसिटी वैन को जिलाधिकारी ने किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

जनपद में मई 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि के दृष्टिगत गुरुवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु परिवहन विभाग की पब्लिसिटी वैन को कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया।

पब्लिसिटी वैन द्वारा जनपद की तीनो तहसीलों तथा फर्रुखाबाद व फतेहगढ़ नगर में 19 जून से 23 जून तक आमजनमानस में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जायेगा। माह मई 2025 में 43 सड़क दुर्घटनाओं में 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह मई 2024 में 33



झण्डी दिखाते डीएम

सड़क दुर्घटनाओं में 14 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। माह मई 2025 में जनपद में दुर्घटनाओं की संख्या में 30.30 प्रतिशत की वृद्धि तथा मृतकों की संख्या में 92.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दुर्घटना के आंकड़ों की समीक्षा में यह पाया गया कि माह मई 2025 में जनपद में 43 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 20 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 24 व्यक्ति घायल हुये हैं, इनमें से 33 सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम एक दो पहिया वाहन शामिल है। 07 दुर्घटनाओं में शामिल दोनों वाहन दो पहिया थे। जिनमें 05 व्यक्तियों की मृत्यु हुई व 04 व्यक्ति घायल हुये। कलेक्ट्रेट में एआरटीओ-प्रशासन वी0एन0 चौधरी व एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूर्व शिक्षकों ने पत्रकार प्रदीप गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की एक शोकसभा जिला मंत्री ब्रजेन्द्र श्रीमाली के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकार प्रदीप गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष की आयु में प्रदीप गुप्ता का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह एक साहसी और ईमानदार पत्रकार थे। उन्होंने पत्रकारिता से जुड़कर कायमगंज में अपनी सेवायें दी। शोक सभा में वीरेन्द्र बाबू गुप्ता, रामाधार पाण्डेय आदि ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए विशेष सचिव ने डीएम को लिखा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित की समस्या का निस्तारण करने के विशेष सचिव ने जिलाधिकारी को आदेश दिये हैं। जानकारी के अनुसार डॉ. सुरेंद्र सिंह शाक्य ने निवासी खारबंदी कुइयांबूट बाईपास थाना मऊदरवाजा ने राज्यपाल को दिये गये शिकायती पत्र में कहा था कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज श्रेण 6(1) की जमीन मुहाल खालसा पट्टी नंबर 03 खारबन्दी अन्दर शहर तहसील सदर जिसकी गाटा संख्या 3517 मि0 है। जिसका वर्तमान मोहल्ला नबाव न्यामत खाँ पश्चिम सिन्धी कालोनी शहर फर्रुखाबाद है। जो कि नगर पालिका परिषद की नान-जेड-ए सरकारी जमीन है। जिसका स्थलीय निरीक्षण व जांच दिनांक 17.01.2025 को सर्वे लेखपाल राजवीर सिंह के द्वारा की जा चुकी है। नान-जेड-ए की सरकारी जमीन पर अपराधी भूमाफिया राहुल प्रताप सिंह परिहार व सुधीर परिहार पुत्रगण स्व. अजयपाल सिंह परिहार निवासी नबाव न्यामत खाँ पश्चिम सिन्धी कालोनी फर्रुखाबाद सहित अन्य लोगों का अवैध कब्जा मौके पर है। पीड़ित की उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए राज्यपाल के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने उपरोक्त समस्या का निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी को आदेशित किया है।

# योग सप्ताह में आसन प्राणायाम व ध्यान के बताये गये महत्व



योग करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह समारोह के पांचवें दिन का विषय अपना समूह खोजें, सभी के लिए योग था विषय के अनुरूप मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में प्रातः एक कार्यस्थल योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पतंजलि योग सूत्र से प्रार्थना के साथ हुई। डॉ. अरुण कुमार पांडे ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि एक स्थिर जीवनशैली, जो 6-8 घंटे तनावपूर्ण कार्य वातावरण में बैठने से प्रभावित होती है तथा जिसका प्रभाव हमारे कार्यक्षमता पर पड़ता है।

उन्होंने कार्यस्थल के तनाव को कम करने में योग के महत्व पर जोर दिया। संचालन करते हुए योग प्रशिक्षक डॉ. कविता नेगी ने बैठे हुए विभिन्न संशोधित आसनों का निर्देश और प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रत्येक आसन, प्राणायाम और ध्यान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित, उप प्राचार्य डॉ. नीतूश्री, डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. रीता सिंह, डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी, डॉ. जितेंद्र रॉय गौड़, डॉ. सुमन कुंडू, डॉ. शिवोम दीक्षित, डॉ. मनीष उपाध्याय शर्मा, डॉ. रूमा डे, डॉ.मधु रंजन, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. ललिता यादव, डॉ. कटीना भद्रा, डॉ. इमरान पटेल, डॉ. संदीप कोटवाल, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. भारती पंचाल, डॉ. समर्पिता भट्टाचार्जी, डॉ. विकास पटेल, डॉ. शबाज, डॉ. अरुण कुमार पांडे, डॉ.रेशमा, डॉ. श्वेता, डॉ. रसना, डॉ.सिमरन, डॉ. आनंद बाजपेयी, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार यादव,डॉ. सचिन, डॉ. मोहम्मद अनस खान, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. पीयूष माधव के अलावा ध्रुव यादव, राहुल, रोहित, शिवम और नीलू यदुवंशी ने भी भाग लिया। साथ ही बड़ी संख्या में पीजी शोधार्थी और इंटर्न छात्र भी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन ओम का जाप करते हुए ध्यान सत्र के साथ हुआ।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय नाला सिम्त शुमाल पर शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेसजन ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का केक काटकर जन्मदिन मनाया। अंकुर मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश के लिए किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है, जिसको लेकर प्रकाश डाला गया। सभी ने एक दूसरे को केक खिलाकर राहुल गांधी की दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल मिश्रा, अतीक सलमानी, अशोक राठौर, फौजया खान, राजकुमार, शब्बू, दिलशाद खान, हुमा, शमा, रोहित वर्मा, सलीम, राजेश ईश्वरन, यासीन, बबलू खां, अंश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय नगला दीना भोलेपुर में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई गयी। इस मौके पर जिला संयोजक प्रकाश प्रधान, पुन्नी शुक्ला, शिवाशीष तिवारी, वरुण त्रिपाठी, हिलाल सफीकी, संदीप राजपूत, आफताब, फिरोज, मनोज कुमार, आशीष, धर्मेन्द्र शाक्य, समी खां, हबीब आदि लोग मौजूद रहे।

## आईटीआई में रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में 20 जून शुक्रवार को रोजगार मेला/अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जायेगा। 300 रिक्तियों के सापेक्ष 8 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र लेकर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटस की नियुक्ति हेतु बैठक सम्पन्न

**▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी से सूची उपलब्ध कराने की कही बात**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के बूथ लेवल एजेंटस की नियुक्ति हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम नेबैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्जीय दलों के अध्यक्ष/सचिव/ मंत्री/प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु सभी पोलिंग स्टेशनों के लिए बूथ लेवल एजेन्टस (बीएएलएस) अविलम्ब नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराये जाने की बात कही। बीएलए नियुक्त किये जाने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से प्राप्त पत्र की प्रति उपलब्ध करायी गयी। जिसमें बीएलए-1 (फोर्म आईडीःबीएलए-1) बी.एल.ए. 2 (फोर्म आईडीःबीएलए-2), मृत मतदाताओं की सूची प्रस्तुत करने का प्रारूप, स्थान परिवर्तित निर्वाचकों की सूची प्रस्तुत करने का प्रारूप तथा अभिस्वीकृति (पावती) फार्म के सत्यापित एवं संशोधित हिन्दी अनुवादित प्रतियां संलग्न करते हुए उपलब्ध करायी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के पत्र



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

संख्या-681/सी0ई0ओ0-4-16/4-2025 12 जून के सथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या के माध्यम से फार्म बीएलए-2 (फोर्म आईडीःबीएलए-2) को संशोधित करते हुए प्रति उपलब्ध करायी गयी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि राजनैतिक दल द्वारा बीएलए नियुक्त किये जाने हेतु अधिकृत प्रतिनिधियों के नामों की सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को बीएलए 1 (फोर्म आईडीःबीएलए-1) पर देगें तथा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा बी.एल.ए. 2 (फोर्म आईडीःबीएलए-2) पर सम्बन्धित पोलिंग स्टेशन के लिए बी.एल.ए. की नियुक्ति करेगें। जिसमें नवीनतम निर्देशानुसार बी.एल.ए. 2 (फोर्म आईडीःबीएलए-2) पर बीएलए का गोबाइल नम्बर अंकित करेगें व फोटो भी चस्पा किया जायेगा। बी.एल.ए. सम्बन्धित पोलिंग स्टेशन का मतदाता होना आवश्यक है, जिस पोलिंग स्टेशन/बूथ के लिए नियुक्त किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलए अपने पोलिंग स्टेशन से सम्बन्धित मृत मतदाताओं, शिफ्टेड मतदाताओं की सूची उसी भाग के बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करायेगें। इसके अतिरिक्त ऐसे पात्र मतदाता जिनके नाम निर्वाचक नामावली में जुड़ने से छूट गये है के नाम शामिल कराने हेतु बूथ लेवल अधिकारी के कार्यों में सहयोग करेगें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार के अलावा राजनैति दलों में सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, सीपीआई (एम) से सुनील कटियार, आम आदमी पार्टी से जितेन्द्र सिंह, कांग्रेस से वरुण त्रिपाठी, भाजपा से जय गंगवार, जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन भाजपा से मुकेश गुप्ता, बसपा से विनोद गौतम व प्रधान सहायक/प्र0सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जयलाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## डियूटी के दौरान ट्रैफिक सिपाही की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डियूटी के दौरान ट्रैफिक सिपाही की हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी की अनुसार रामपति उम्र 32 पुत्र गब्बर सिंह निवासी पुलिस लाइन फतेहगढ़ ट्रैफिक पुलिस में सिपाही है। गुरुवार को वह नेकपुर पुल के नीचे डियूटी कर रहा था, तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ गयी। एक राहगीर ने मानवता का परिचय देते हुए उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना ट्रैफिक इंचार्ज सत्येंद्र सिंह को दी गयी।



लोहिया में भर्ती घायल ट्रैफिक सिपाही

# संगीत दिवस पर गोष्ठी मनाने का लिया गया निर्णय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण की बैठक बजरिया हरलाल स्थित वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में विचार एवं संगीत गोष्ठी रूप मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ अध्यक्ष डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव ने की। संचालन कोषाध्यक्ष राज गौरव पाण्डेय एडवोकेट ने किया। सभी ने विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम विचार एवं संगीत गोष्ठी के रूप में मानने का निर्णय लिया। अध्यक्ष डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव ने कहा कि 22 जून को आयोजित में कार्यक्रम



बैठक में मौजूद संस्था के पदाधिकारी

युवा बाँसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें उनकी संगीत साधना के लिए दिया जा रहा है। रुद्राक्ष ने बहुत ही कम समय में देश एवं प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर बांसुरी वादन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी दिलीप कश्यप को सौंपी गई।

इस अवसर पर ध्रुव दीक्षित, नीरज शर्मा, कवि राम अवतार शर्मा, राम मोहन शुक्ल, मनोज कश्यप, प्रियांशु पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का हुआ समापन

**▸ प्रमाण पत्र देकर बच्चों को किया पुरुस्कृत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार भारती की जनपद इकाई द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ।

मदन मोहन कनौडिया बालिका इण्टर कॉलेज में कार्यशाला के समापन अवसर पर शुभारंभ गणेश वंदना व बच्चों के द्वारा कत्थक नृत्य के साथ किया गया। अतिथि प्रबंधक सुनील अग्रवाल व प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में विभिन्न विधाओं कथक, मेंहदी, सौंदर्य कला, चित्रकला, ढोलक, हस्तकला कला




प्रमाण पत्रों के साथ मौजूद बच्चे

आदि कलाओं के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने कहा कि कार्यशाला से बच्चों में नई नई कलाओं का ज्ञान मिलता है सभी बच्चों ने जिस कला में प्रतिक्षण लिया है उसको और दूसरे को भी लाभान्वित करें। सभी प्रतिक्षिकाओं को सम्मान पत्र, उपहार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने सभी अतिथियो को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम गीत के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुलभूषण श्रीवास्तव, नरेंद्र नाथ मिश्र, समरेन्द्र शुक्ल, रीतू शुक्ला, अरविंद दीक्षित, अनुभव सारस्वत, अभिनव सक्सेना, शशिकांत पाण्डेय, साधना श्रीवास्तव, प्रिया वर्मा, नेहा सक्सेना, रजनी, प्रवेश वर्मा प्रीतू, विशाल श्रीवास्तव, दीपक रंजन सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अरविंद दीक्षित ने किया।

## वृद्धा की हालत बिगड़ी सीएचसी में मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव झब्बूपुर निवासी मूल्यवती उम्र 60 वर्षीय पत्नी रणवीर की हालत बिगड़ने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन वृद्ध महिला का शव घर ले गए।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



# 1.5 करोड़ के अवैध गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

▸ तस्करी में प्रयुक्त कन्टेनर ट्रक बरामद



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के निर्माणध्तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण को निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज व एसओजीध्सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना लालगंज व एसओजीध्सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम राजापुर मोड़ के पास से एक कन्टेनर ट्रक को पकड़ा जिससे दो अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम पता चन्द्रमणि नायक पुत्र बाल्मिकी नायक निवासी कुडुताई, थाना तारासिंह, जनपद गंजम, उड़ीसा व जोगेन्द्र नायक पुत्र सीमांचल नायक निवासी कुडुताई घाटीपाली, थाना तारासिंह, जनपद गंजम, उड़ीसा बताया गया तथा उक्त कन्टेनर ट्रक में अवैध गांजा छुपाकर रखा होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई तो ड्राइवर सीट के पीछे प्लाईवुड से केबिननुमा जगह बनाकर रखा हुआ कुल 4 कुन्तल 24.700 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त कन्टेनर ट्रक को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग द्वारा उक्त कन्टेनर ट्रक में ड्राइवर सीट के पीछे प्लाईवुड से केबिन बनाकर उसी में भारी मात्रा में गांजा छुपाकर ले जा रहे थे की चेकिंग के दौरान हमें पकड़ लिया गया। उक्त गांजा जनपद प्रयागराज ले जा रहे थे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह, उप-निरीक्षक अजय कुमार मिश्र व उप निरीक्षक शिवकरन सिंह मय पुलिस टीम। निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एस.ओ.जी. मय पुलिस टीम। उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम आदि शामिल थे।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं पर ध्यान कराया आकृष्ट

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



लालगंज विकास खंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय कुमार सिंह ने गुरुवार को लखनऊ मुख्यमंत्री के दरबार में पहुँचे के क्षेत्र के समस्याओ को रखकर ध्यान आकृष्ट कराया है।

पत्रक सौप कर ध्यान आकृष्ट कराया है की छानबे विधानसभा के लालगंज व हलिया दलित पिछड़ा कोल बाहुल्य क्षेत्र है एवं सिंचाई एवं विद्युत व्यवस्थायें काफी दयनीय है। जिससे किसानों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है निम्न कार्य कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है। मेजा डैम ददरी बांध में लिफ्ट के द्वारा जमुहरा राजवाहा में पानी गिराने से लालगंज व हलिया के लगभग 30 ग्राम सभाओ के किसानों की समस्या का समाधान सम्भव हो जायेगा व विकास खंड लालगंज के ग्राम महादेव राजस्व ग्राम ददरी राजा में विद्युत उपकेंद्र बनाए जाने से उक्त विकास खंड लालगंज व हलिया के आम जनमानस को विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध हो जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### महाव नाला की बाढ़ से बचाव की तैयारी जोरों पर

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में नौतनवा तहसील क्षेत्र स्थित महाव नाला बारिश के मौसम में किसानों के लिए मुसीबत बन जाता है। हर साल बाढ़ की स्थिति बनने से फसलों को भारी नुकसान होता है। इस वर्ष प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने स्वयं नाले का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग और वन विभाग ने नाले की साफ-सफाई की है। फिलहाल सिल्ट निकासी का काम पूरा किया गया है। प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए कई कदम उठाए हैं। जंगल की तरफ कई कट्स बनाए गए हैं। इनसे नाले में पानी ज्यादा होने पर उसे जंगल की तरफ मोड़ा जा सकेगा। तटबंध को विशेष रूप से मजबूत किया गया है, जिससे वह टूटने न पाए। ग्रामीणों को इस बार प्रशासन की तैयारियों से उम्मीद बंधी है। उन्हें विश्वास है कि इस वर्ष न तो उनकी फसलें नष्ट होंगी और न ही बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भिटौली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता तालाब में नहाने गई थी, जहां गांव का एक युवक नाबालिग के साथ किया घिनौना कृत्य,हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज में किया गया भर्ती रोती बिलखती पीड़िता जब घर पहुंची तो अपने साथ घटी घटना पूरी घटना को मां को बताई। परिजनों ने पहले बच्ची का प्राथमिक उपचार कराया। पिता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को घटी घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़िता को एंबुलेंस से सीएचसी परतावल ले जाया गया। वहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन चिकित्सको ने स्थित नाजुक देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

### नवागत अपर जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नवागत-अपरजिलाधिकारी न्यायिक महराजगंज नवनीत गोयल ने आज वृहस्पतिवार को तहसील के विभिन्न कार्यालयों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों का जांच करते हुए दर्ज मुकदमों की जानकारी ली साथ ही साथ अन्य सम्बन्धित मामलों की जानकारी ली। इस दौरान उपजिलाधिकारी फरेंदा प्रतिक्षा त्रिपाठी,तहसीलदार मजिस्ट्रेट बशिष्ठ वर्मा, व नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाइक अनियंत्रित होने से दो किशोरियां घायल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक के अनियंत्रित होने से तीन लोग घायल हो गए। हादसा ग्राम डोमा में हुआ। रामकोला मोती पाकड़ निवासी 25 वर्षीय तबरेज अंसारी अपनी बहन के घर आजाद नगर जा रहे थे। तबरेज की अपाचे बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी दो किशोरियों से टकरा गई। हादसे में डोमा काटी निवासी 18 वर्षीय खुशबू और 17 वर्षीय बंदना घायल हो गईं। टक्कर में बाइक सवार तबरेज भी जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निचलौल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने खुशबू और बंदना और तबरेज प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीएचसी महराजगंज परिसर में कुत्ते ने नोचा प्रसव का अवशेष, सीएमओ ने दिए जांच के आदेश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के कुंवर घनश्याम सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक बेहद चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। जहां अस्पताल परिसर में एक कुत्ता खुलेआम प्रसव के बाद निकले अवशेष (प्लेसेंटा) को नोचता हुआ दिखाई दिया। इस दृश्य का वीडियो सामने होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठ रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में बायोमेडिकल वेस्ट (जैसे प्लेसेंटा, ब्लड-संबंधित अपशिष्ट) के सही निस्तारण की जिम्मेदारी एक निजी एजेंसी को सौंपी गई है। लेकिन इस घटना से यह साफ है कि जिम्मेदार एजेंसी और अस्पताल प्रशासन दोनों को गंभीर लापरवाही बरती है उक्त घटना बयां कर रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कुत्ता अस्पताल परिसर में खुले में रखे प्लेसेंटा को खा रहा है। यह दृश्य न केवल हृदय विदारक है, बल्कि मानव गरिमा और स्वच्छता मानकों की धज्जियां उड़ाता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर श्रीकांत शुक्ला ने इस मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। संबंधित कर्मचारियों और एजेंसी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

### फरियादियों ने जिलाधिकारी को सुनाई जन समस्याएं

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जन शिकायतों का का त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा प्रत्येक दिन जनता दर्शन में पहुंचे एक-एक फरियादियों की समस्याओ से रूबरू होते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिया गया। प्रातः काल कार्यालय पहुंचते ही जिलाधिकारी ने एक-एक फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रो को गम्भीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतो का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है। अतः अधिकारी ससमय व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें निस्तारित प्रकरणों में असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** चोपन-भरहरी मार्ग पर वृहस्पतिवार को सेमिया गांव के पास बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक की भाभी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें चोपन सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर दूसरे युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिंगरौली जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र निवासी सोनू उम्र 28 वर्ष अपनी भाभी पुष्पा का उपचार कराने चोपन आया था। उनके साथ गांव का ही बब्बू भी था। तीनों एक बाइक पर सवार थे। दवा लेने के बाद तीनों घर लौट रहे थे। सेमिया घोरिया गांव के पास सामने से आ रही बेकाबू ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें चोपन सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं बब्बू को गंभीर हाल में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुष्पा की हालत सामान्य है। मौके पर पहुंची चोपन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

यूपी सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित एण्टी रोमियो की टीम ने अभियान चलाकर मातृशक्तियों को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया।

टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने अपने अपने थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूलों, कालेजों एवं धार्मिक स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाकर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिलाओं को स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं मसलन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी।

बाद विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों मसलन वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट बांटकर महिलाओं को जागरूक किया।

## धूमधाम से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन

▸ कांग्रेसियों ने काटा केट, वृद्धों में वितरित किया फल

▸ रक्तदान शिविर में दर्जनों युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का वृहस्पतिवार को 55वां जन्म दिवस मनाया गया। जिला ब्लड बैंक में युवा कांग्रेस की तरफ से रक्तदान किया गया। जिलाध्यक्ष शशांक मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं पर रक्तदान किया। शशांक मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा देश के युवाओं को सेवा, समानता और न्याय के लिए प्रेरित किया है। उनके जन्म दिवस पर हम युवा कांग्रेस कार्यकर्ता समाज के लिए उपयोगी कार्य कर सेवा का संदेश देना चाहते हैं। रक्तदान एक छोटा प्रयास है, किन्तु साथ ही यह किसी भी जरूरतमंद के लिए जीवनदायी कदम साबित होगा। गौरतलब है कि आज भारतीय युवा कांग्रेस ने दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में रोजगार मेले का आयोजन किया, जिसमें देश की प्रमुख 161 कंपनियों में हजारों युवाओं को विभिन्न योग्यताओं के अनुसार रोजगार दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा ने कहा कि बीजेपी हर साल दो करोड़ रोजगार देने के वादे के साथ केंद्र की सत्ता में आई थी, लेकिन सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अब बीते चालीस-पचास सालों में देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। इस मौके पर बृजेश तिवारी, जितेंद्र पांडेय, शत्रुंजय मिश्रा, सुनील मिश्रा, राजू पांडेय, अरविंद श्रीवास्तव, रोहिल मिश्रा, मृदुल मिश्रा, अर्जुन, सतीश, संदीप शुक्ला, ऋषभ, प्रांजल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।





### हर वर्ग की लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिवस पर घोरावल विधानसभा के छपका गांव स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्धों को फल वितरित किया गया। कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि आज देश के अंदर व्यापारी, किसान, दलित, आदिवासी के बारे में सोचने वाला एवं उनकी लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई है तो केवल एक नाम है राहुल गांधी। राहुल गांधी लगातार आम-जनमानस की आवाज को सदन में उठते रहते हैं। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा, अंशु गुप्ता, श्रीकांत मिश्रा, दयाराम प्रजापति, अनिल बियार, प्रमोद प्रजापति, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बीजेपी सरकार में खतरे में है संविधान

महिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर केक काटकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने बच्चों में मिठाई व बांटी वितरित कर राहुल गांधी की लंबी उम्र की कामना किया। कहा कि नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी मजदूरों , महिलाओं, युवाओं, किसानों की सशक्त आवाज हैं। वे भारत जोड़ों न्याय यात्रा के जरिए कन्या कुमारी से कश्मीर तक 4500 किलो मीटर पैदल यात्रा कर जनता की समस्याओं को सुना है। राहुल गांधी ने महिलाओं को सशक्तीकरण के लिए कांग्रेस शासित राज्यों में महिलाओं को 2500 रुपए हर महीने उनके बैंक खाते में भेजा जा रहा है। कहा कि राहुल गांधी दूरदर्शी नेता है। उन्होंने पूर्व में बीजेपी सरकार को चेताया था कि नोटबंदी से देश को नुकसान होगा। कहा कि बीजेपी सरकार में संविधान खतरे में है, राहुल गांधी संविधान बचाने के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर मनोज चौबे, महादेव, शंकर भारती, शान्ति विश्कर्मा, तेतरी देवी, सीता भारती, सोमरी देबी, शान्ति देवी, पार्बती देवी, संगीता देवी, संजू देवी, लीलावती देवी, रमबन्ति देवी, राजकुमारी देवी, उषा देवी , विद्या देवी आदि मौजूद रहे।

### सिविल न्यायालय की स्थापना के लिए अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**लालगंज (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को अधिवक्ताओं ने सिविल न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। विंध्य युवा अध्यक्षता समिति के बैनर तले हुए प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द न्यायालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग उठाई। पूर्व अध्यक्ष कैलाशपति त्रिपाठी व अनिल शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कहा कि खजुरी स्थित भूमि का पहले ही चिन्हांकन हो चुका है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर देरी के चलते अब तक न्यायालय की स्थापना नहीं हो सकी है। इस कारण अधिवक्ताओं समेत आम जनता को लगातार असुविधा झेलनी पड़ रही है। समिति की ओर से कई बार प्रस्ताव पारित कर सिविल कोर्ट स्थापना की मांग की जा चुकी है। अधिवक्ता हृदय शंकर चतुर्वेदी, विपिन तिवारी, परशुराम मौर्य ने कहा कि लंबे समय से वकील न्यायिक कार्य से भी विरत रहते आए हैं लेकिन प्रशासन जरा भी गंभीर नहीं है। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पांडेय, अरुण त्रिपाठी और धनेश्वर गौतम ने कहा कि चिन्हित भूमि की कागजी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की। समिति अध्यक्ष बृजभूषण पांडेय के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में गोविंद यादव, कमलेश कुमार, शिवम पांडे, सुधीर पांडेय, राकेश दुबे, राकेश प्रजापति समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। ज्ञापन लेने के बाद उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव ने भरोसा दिलाया कि चिन्हित भूमि से संबंधित सभी प्रक्रियाएं जल्द पूर्ण कर ठोस कदम उठाया जाएगा।

## दहेज हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के निर्देश पर एसआई हंसराज यादव मय हमराह कांस्टेबल नफिस व राजेश मौर्या के साथ मुखबिर कि सूचना पर दहेज हत्या के आरोपित मुड़पेली गांव निवासी कैलाश धरकार को गिरफ्तार कर आरोपित को जेल भेज दिया है। विवाहिता कि माता फूलवंती ने दहेज की मांग को लेकर पुत्री की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया था जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की दहेज हत्या के आरोपित को हथेड़ा गुलाब तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक में शांति व्यवस्था पर जोर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को थाना हलिया में पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। क्षेत्रों में मोहर्रम में किसी प्रकार का विवाद न हो इसका आह्वान किया गया। वहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी तरह का कानून उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। वहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किसी को भी डीजे नहीं बजाने का आदेश दिया। कहा कि ऐसी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखें। ताजियादार रास्ते के अनुसार ताजिया रखें। चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, एसआई श्याम लाल, अच्छे लाल यादव, ग्राम प्रधान विजेंद्र पाण्डेय, पवन तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर सीएचसी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी में गुरूवार को विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ व विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने सीडीओ जागृति अवस्थी, नपं दुद्धी अध्यक्ष कमलेश मोहन, सीएमओ डा अश्वनी कुमार आदि अधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को ग्राम सहडोल मध्यप्रदेश से किया गया है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का प्रण लिया है। बताया कि यह रक्त कोशिका की अनुवांशिक बीमारी है। यह वनवासी एवं जनजातीय समुदाय में ज्यादा पाई जाती है। 0 से 40 वर्ष के जनजातीय समुदाय के लोगों का सिकल सेल डिजीज का परीक्षण किया जाता है। यदि सिकल सेल मरीज आपस में शादी करते है तो उनके अधिकांश बच्चे सिकल सेल बीमारी से ग्रसित होंगे, इसलिए उन्हे बच्चे गोद लेने की सलाह दी जाती है। यदि सिकल सेल वाहक वाले व्यक्ति आपस में शादी करते है तो उनक 25 प्रतिशत बच्चे सिकल सेल बीमारी से ग्रसित होंगे। सलाह दी है कि सिकल सेल बीमारी अथवा सिकल सेल वाहक वाले मरीज आपस में विवाह न करें।

### जिले में 23 लोग हैं बीमारी से ग्रसित : सीएमओ

सीएमओ ने बताया कि जनपद में कुल लक्ष्य 355000 के सापेक्ष 360950 व्यक्तियों का सिकल सेल परीक्षण कराया गया है। सिकल सेल परीक्षण में 23 मरीज पॉजिटिव पाए गए है। इसमें दुद्धी क्षेत्र में 13, म्योरपुर में पांच, कोन में तीन, राबर्ट्सगंज व घोरावल में एक-एक मरीज मिले है। इन मरीजों का सीएचसी दुद्धी से हाईड्रक्सियूरिया की दवा के द्वारा नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है।

### बीमारी से ग्रसित बच्चों को दी गई दवाएं

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गोड़ ने कहा कि सिकल सेल बीमारी एक विशेष जनजातीय समुदाय मे पाई जाती है। इसलिए जनपद से समस्त जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों से अपील है कि किसी भी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर अतिशीघ्र सिकल सेल जॉच कराएं और अपने भविष्य को सुरक्षित एवं उज्जवल बनाएं। तदोपरान्त संजीव कुमार गोंड ने भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, सीडीओ जागृति अवस्थी आदि ने सिकल सेल ग्रसित बच्चों को नि:शुल्क दवा वितरित किया।

## बरगाहपुर में कीचड़ भरे रास्ते से राहगीर परेशान

▸ मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, होने से आए दिन हो रहीं हैं दुर्घटनाएं

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

धानी ब्लॉक के बरगाहपुर गांव में आज भी लोग कच्चे और कीचड़ भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं। जिससे आवागमन बाधित गांव के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे राहगीरों के गिरने का खतरा बना रहता है। गांव के प्रवेश द्वार से ही पानी से भरा कच्चा रास्ता दिखाई देता है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रोजाना इसी रास्ते से गुजरते हैं। कुछ ग्रामीणों ने इस कच्चे रास्ते से मिट्टी निकाल ली है। इससे रास्ते की स्थिति और खराब हो गई है।

गांव के रवि, रविन्द्र कुमार, बबलू विश्वकर्मा और तिरलोकी ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की है। लेकिन किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं? दिया। बारिश के समय स्कूली बच्चे फिसल जाते हैं। बाइक सवारों को रोज गिरना पड़ता है। रात में यह रास्ता और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस कच्चे रास्ते को आरसीसी या इंटरलॉकिंग से पक्का करने की मांग की है। सरकार गांवों में इंटरलॉकिंग और आरसीसी सड़कों की बात करती है, लेकिन बरगाहपुर जैसे गांव में आज भी बुनियादी सुविधाओ बंद से बत्तर है जो विकास का पोल खोल रहा है।

## आन्तरिक परिवार समिति का गठन कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिंग उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम-2013 के तहत विभागो में गठित की जाने वाली आन्तरित परिवार के गठन से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई।

बैठक में बताया गया कि किसी भी सरकारी संस्थान, गैर सरकारी संस्थान, कार्यालय, शाखा कार्यालय, विभाग में जहां दस या उससे अधिक व्यक्ति कार्यरत हो वहां पर आन्तरिक समिति का गठन किया जाना अनिवार्य हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकारीध्गैर सरकारी संगठनो में आन्तरिक परिवार समिति गठन सम्बंधी दिशा निर्देश पूर्व की बैठको में विभागो को निर्देशित किया गया है परन्तु कतिपय विभागो द्वारा अभी भी समिति का गठन नहीं किया गया हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिवस के अन्दर उक्त समिति का गठन करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में समिति के सदस्योध्पदाधिकारियों के नाम सूची, मोबाइल नम्बर सहित पूर्ण विवरण निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि समिति के गठन करने के पश्चात कार्यालयध्संगठनो के दीवान पर समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यो के नाम व मोबाइल नम्बर भी पेंट करवाकर लिखवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यालयों में दस से कम कमचारी कार्य करते हो वहां पर जिला स्तरीय गठित समिति के सदस्यो के नाम व मोबाइल नम्बर अपने दीवालो पर लिखवाया जाए ताकि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतो का निवारण किया जा सकें। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी के अलावा जिला स्तर पर गठित समिति के सदस्य/तहसीलदार दीक्षा पाण्डेय, सामाजिक कार्यकत्रीध्सदस्य नन्दिनी मिश्रा, अधिवक्ताध्सदस्य सुनीता गुप्ता के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## इंजिनियर्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी आजमगढ़ के विरोध में किया प्रदर्शन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन महराजगंज आज वृहस्पतिवार को आजमगढ़ के जिलाधिकारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर अपर जिलाधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। एसोसिएशन काआरोप है कि 13 जून को आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार (द्वितीय) ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण सचदेव को अपने आवास पर बुलाया। वहां उन्होंने गाली-गलौज की और डंडे से हमला कर जान से मारने की कोशिश की। एसोसिएशन ने ज्ञापन में कई मांगें रखी हैं। इनमें जिलाधिकारी को सेवा से बर्खास्त करने, उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने और उनके कार्यकाल की जांच कराने की मांग शामिल है। साथ ही अभियंताओं को केवल शासन द्वारा निर्धारित बैठकों में बुलाने और इन बैठकों की वीडियोग्राफी कराने की मांग की गई है। प्रदर्शन में राजीव कपिल, प्रवीण कुमार, आरिफ, तनुश्री मिश्रा समेत कई अभियंता मौजूद थे। ज्ञापन की प्रतियां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को भी भेजी गई हैं। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।